डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 18.01.2021 से 24.01.2021

▶ वर्ष-38 ▶ अंक-03 ▶ मूल्य ₹10.00

मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

## मध्यप्रदेश केंद्र सरकार की योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाला राज्य

**"नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से उनके कार्यालय में मुलाकात कर वित्तीय प्रबंधन और केंद्रीय योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने मध्यप्रदेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश अपने बेहतर वित्तीय प्रबंधन और वित्तीय प्रदर्शन के कारण उभर कर आया है।**

**वित्त मंत्री के साथ लगभग एक घंटे चली बैठक में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न वित्तीय मुद्दों, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, केंद्र में पूंजीगत कार्यों के लिए लम्बित शेष राशि और एक प्रतिशत (बिना शर्त) अतिरिक्त ऋण स्वीकृति के बारे में विस्तार से चर्चा की।"**



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय वित्त मंत्री से आग्रह किया कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए राज्यों को एक प्रतिशत अतिरिक्त ऋण बाजार से उठाने की अनुमति दी जाए, ताकि वित्तीय संकट और कोविड काल के समय विकास कार्यों की गति पर विपरीत प्रभाव न पड़े और न ही जनकल्याण योजनाओं या अन्य विकास कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट आये।

मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री को बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है, लेकिन कुछ व्यावहारिक दिक्कतों के कारण बैंक प्रार्थी का ऋण आवेदन निरस्त कर देता है। अहम् दिक्कत बैंकों द्वारा सिविल रेटिंग मांगा जाना है जिसकी जानकारी गरीबों के पास नहीं होती है। श्री चौहान ने आग्रह किया कि सिविल रेटिंग स्ट्रीट वेंडर्स पर लागू नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस आग्रह को सहज ही स्वीकार कर लिया। श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश ने ग्रामीण क्षेत्रों के पथ विक्रेताओं की जिन्दगी को पटरी पर लौटाने के उद्देश्य से ग्रामीण पथ विक्रेता योजना बनाई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने की योजना में सहयोग देने वाले राज्यों के लिये बाजार से अतिरिक्त ऋण लेने की सीमा बढ़ाई जा सकती है। राज्य फिलहाल जीडीपी का तीन प्रतिशत ऋण बाजार से ले सकता है। आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा बताये गये चार सुधारों में से हर सुधार करने पर 0.25 प्रतिशत जी.डी.पी. का लोन बाजार से लेने का अधिकार मिलेगा। मध्यप्रदेश ने तीन सुधार पूरे कर लिए हैं। इसके बदले बाजार से 0.75 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को दी है। अधोसंरचना विकास के मुद्दे पर श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश को सोलह सौ करोड़ रुपये में से 660 करोड़ रुपये की राशि केंद्र द्वारा स्वीकृत की गई थी जिसमें से अभी तक केवल 330 करोड़ रुपये राज्य को प्राप्त हुए हैं।

### बजट में 105 आरओबी की मिले स्वीकृति

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में 105 आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के निर्माण के लिए आगामी बजट में स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। श्री चौहान ने बताया कि एक लाख टी.बी.यू. से अधिक यातायात घनत्व वाले सभी रेलवे फाटकों पर आरओबी निर्माण के लिए 50 प्रतिशत व्यय केंद्र सरकार योजना के तहत वहन करती है।

### गेहूं उत्पादन में मध्यप्रदेश रहा नंबर वन

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात के दौरान कहा कि पिछले वर्ष गेहूं की खरीदी में मध्यप्रदेश देश में नम्बर एक पर था और कोरोना काल में भी प्रदेश में गेहूं का एक-एक दाना किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है और गोदामों में संग्रहीत किया गया है। अभी 84 लाख मीट्रिक टन गेहूं प्रदेश के गोदामों में संग्रहीत किया जा चुका है।

कक्षा–6वीं से 8वीं तक

## विद्यार्थियों को मिलेगा आईआईटी के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

**भोपाल**, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, (आईआईटी) इंदौर के द्वारा कक्षा-6वीं से 8वीं तक के गणित एवं विज्ञान विषय की गतिविधियों का ऑनलाइन प्रसारण प्रारंभ किया गया है। प्रत्येक बुधवार को सायं 4 से 5 बजे तक सभी विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक इस कार्यक्रम को यू-ट्यूब पर देख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में राज्य शिक्षा केंद्र के अपर मिशन संचालक श्री लोकेश कुमार जांगिड़ ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के लक्ष्य अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने आईआईटी इंदौर की इस सहयोगी पहल के लिये आभार भी व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम के शुरुआती सत्र में प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री पद्मश्री प्रो. एच.सी. वर्मा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान की आवश्यकता यह है कि बच्चों में खोजी प्रवृति हो। परिणाम की फिक्र न करते हुए वे कठिन परिश्रम करें और धैर्य के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरन्तर अग्रसर रहें। विशिष्ट अतिथि ख्यात लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर श्री सुजन पाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व राष्ट्रपति और देश के महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के कार्यों का उल्लेख करते हुए लक्ष्य पूर्ति पर विशेष जोर दिया। उल्लेखनीय है कि श्री सुजन पाल सिंह डॉ. कलाम के सहयोगी रहे हैं एवं वर्तमान में उनकी संस्थान के कार्यों में सक्रिय हैं।

यह ऑनलाइन कार्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर द्वारा प्रसारित किया जायेगा। यह कक्षा 6वीं से 8वीं तक की विज्ञान एवं गणित विषय की विषय-वस्तु पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम की सतत मॉनीटरिंग राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा की जायेगी।

खास खबर

### ध्रुपद केंद्र भोपाल में छात्रवृत्ति के लिये आवेदन आमंत्रित

**भोपाल**, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अंतर्गत संचालित उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी की ओर से गुरु-शिष्य परम्परा के तहत ध्रुपद गायन का प्रशिक्षण ध्रुपद केंद्र में दिया जायेगा। अकादमी ने प्रशिक्षण के लिये प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के लिये 21 जनवरी 2021 तक आवेदन आमंत्रित किये हैं। प्रशिक्षण की अवधि 4 वर्ष रहेगी। चयनित प्रतिभागी को प्रशिक्षण के दौरान प्रतिमाह 3 हजार रुपये बतौर छात्रवृत्ति दी जायेगी।

### अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा**- प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी**- देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में**- प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह**- देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

सम्मान अभियान

## अपहरण के मामलों में परिवार को मिलेगा अधिकार पत्र - मुख्यमंत्री

**भोपाल**, मध्यप्रदेश में अपराधियों पर अंकुश लगाने का कार्य पूरी ताकत से किया जाएगा। आम लोगों को कानून के राज का एहसास करवाया जाएगा। गत 08 माह में अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही का परिणाम है कि विभिन्न तरह के अपराधों में 15 से लेकर 50 प्रतिशत तक की कमी आयी है। बालिकाओं और महिलाओं से जुड़े अपराधों में लिप्त लोग नरपिशाच हैं। उन्हें किसी भी स्थिति में न छोड़ा जाए। बलात्कारियों को तो फांसी ही मिलनी चाहिए। प्रदेश में गुम बालिकाओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई है। अपहृत बच्चे की बरामदगी के लिए चेकलिस्ट के अनुसार कार्यवाही होगी। परिजनों को एक रिकार्ड पत्र दिया जाएगा जिसमें पुलिस द्वारा की जा रही विवेचना का विस्तृत विवरण होगा। अधिकार पत्र में जानकारी रहेगी कि कितने दिनों में क्या-क्या कार्यवाही की गई है। इस व्यवस्था में अब अपहृत होने वाले बच्चे के परिजन के साथ प्रत्येक 15 दिन में थाना प्रभारी और प्रत्येक 30 दिन में एसडीओपी केस डायरी के साथ बैठेंगे। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिकार पत्र के अनुसार कार्यवाही हुई है अथवा नहीं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिंटो हॉल में प्रदेश-स्तरीय 'सम्मान' अभियान का शुभारंभ करते हुये कहीं।

इस अभियान का उद्देश्य महिला अपराध के उन्मूलन में समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, महिलाओं और बालिकाओं के लिए सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण तैयार करना और आम लोगों को कानूनी प्रावधानों के प्रति इस तरह जागरूक करना है कि वे महिला सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा सकें। श्री चौहान ने प्रदेश के 6 साहसी नागरिकों को उनके जिलों के कलेक्टर, एस.पी. के माध्यम से प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। इन नागरिकों द्वारा विभिन्न अपराधियों को पकड़वाने में भूमिका निभाई गई।

## कार्य के लिए बाहर जाने वाली बच्चियों का रिकॉर्ड रखने का सिस्टम बनाएं

**भोपाल**, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक में प्रदेश से गायब हुई बालिकाओं के संबंध में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने गायब हुई बालिकाओं के संबंध में कहा कि पुलिस ऐसे मामलों में बालिकाओं की बरामदगी संख्या बढ़ाए। उन्होंने गत कुछ माह में महिला अपराधों में आई कमी के लिए पुलिस को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि गत आठ माह में महिलाओं के विरुद्ध अपराध आधे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए महिला जागरूकता अभियान का संचालन सराहनीय है।

श्री चौहान ने कहा कि बेटियों के गायब होने के मामले में गंभीर कार्यवाही की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों का गायब होना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि गुम हुई बेटियों को लाना, प्राथमिकता हो। मुख्यमंत्री ने कहा ऐसा सिस्टम बनाएं कि जिले से कार्य, रोज़गार आदि के लिए बाहर जाने वाली बेटी का पूरा रिकॉर्ड हो, जिससे वे शिकायत कर सकें। तभी इसे रोक पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी व्यवस्था हो कि कार्य के लिए जिले से बाहर जाने पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो।

श्री चौहान ने कहा कि गायब बच्चों में बेटों की तुलना में बेटियों की संख्या दोगुनी होने से स्पष्ट संकेत है कि बेटियों का गायब होना सामान्य नहीं है। पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने बताया कि बालिकाओं या युवतियों के गायब होने के पीछे के नगरीय क्षेत्रों के प्रमुख कारणों में उनका बिना बताये घर से जाना या नाराज होकर भागना और बिना बताए प्रेमी के साथ भागना शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र से मजदूरी के नाम पर पलायन होता है। इसमें श्रम विभाग की कार्यवाही आवश्यक होगी। इसका रिकॉर्ड रखा जाये कि कांट्रेक्टर उन्हें कहां और किस कार्य से ले जा रहे हैं।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

विष्णुगुप्त एकेडमी
A new era begins
जुड़े प्रदेश की सबसे बड़ी एवं अनुभवी शिक्षकों की टीम से
New Batch Starts in January
12वी के बाद करें IAS / IPS MPPSC
3 वर्षीय पाठ्यक्रम की तैयारी कॉलेज के साथ
Fees - 99,000*/- only
MPPSC Pre+Mains
Hindi / English Medium
Fees - 49,000/- only
MPPSC PRE TEST SERIES
Rs. 499/- only
MPSI New Batch 8,999/- only
आरक्षक New Batch 4,999/- only
स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर 11-20 जनवरी तक लाभ प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
अंतिम 2 दिन
2 DAYS FREE DEMO CLASSES
वेदा बिजनेस पार्क, फर्स्ट फ्लोर, भंवरकुआ मेन रोड, इन्दौर +91 88899 00158 +91 88899 00159
R-45050/2021

www.prayasksg.com
प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
Build Your Own Success Story
UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSC को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान
प्रयासKSG
Our Proud Achievers (MPPSC)

Rachna Sharma 2nd Rank

Gagan Bisen 7th Rank

Tanmay 15th Rank
MPPSC SPECIAL PRELIMS BATCH Starting from ..............
18th JAN. 2021
Special Power Pack 75 DAYS
OFFLINE & Online Platform in Hindi & English Medium
Available on all major platform such as Android, IOS and Web
( Registration Open )
Convenience through Online mode with the same quality of Offline Classes
93029 63679, 72239 01339, 0755-4940022
R-45033/2021

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
पटवारी
संविदा
PEB
भर्ती परीक्षा 2021
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
कौटिल्य एकेडमी
➜ भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
9111019119
0731-4226615
R-45034/2021

WANTED
Indore Christian College, Indore
Following teaching and non teaching faculty required under code 28
• Assistant Professor -
• Law - 4 Posts,
• Political Science - 1 Post
• History - 1 Post
• English Literature - 1 Post
• Office Assistant - 1 Post (Knowledge of MS office Hindi / English typing must)
• Philosophy - 1 Post
• Commerce - 1 Post
• Hindi Literature - 1 Post
• Socal Work - 1 Post
• Sports Officer - 1 Post
• Councilor - 1 Post (Good Communication skills, knowledge of MS office must)
Qualifications as per UGC
Apply before 30th Jan. 2021 on following address
Principal, Indore Christian College
1 Nasia Road, Indore 452001, Email : dubeydr7@gmail.com
- Principal
R-45032/2021

GOVINDRAM SEKSARIA INSTITUTE OF MANAGEMENT AND RESEARCH (GSIMR)
(Approved by AICTE and affiliated to DAVV, Indore)
MR-10, Scheme No. 54, Vijay Nagar, Near Hotel Marriott, Indore-452010
APPOINTMENTS
Applications are invited for Faculty Positions in MBA Programme
▪ DIRECTOR ▪ PROFESSORS
▪ ASSOCIATE PROFESSORS
▪ ASSISTANT PROFESSORS
Specialization: Information Technology, Human Resource, Finance, Marketing, Operations Management, Business Analytics and General Management.
Eligibility: As per AICTE and UGC norms/ DAVV College Code 28
Non-Teaching Staff: Computer Specialist
Well versed with MS Office, website up gradation, Social media handling, expert in setting up and maintaining lab with minimum 2-3 years experience.
Send your CV with all testimonials at above address within 10 days or email at career.gsimr@gmail.com.
R-45031/2021

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिये सरकार देगी अनुदान

**ग्वालियर**, किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ फल, फूल, मसाला, सब्जियां एवं औषधीय वनस्पति की खेती करें। साथ ही उपज की अधिक कीमत प्राप्त करने के लिये खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाएं। इन सभी उद्यानिकी फसलों एवं खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाने के लिये प्रदेश सरकार 50 प्रतिशत तक अनुदान देती है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर जिले के बेरजा में आयोजित हुए जन समस्या निवारण शिविर सह विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में यह बात कही।

श्री कुशवाह ने कहा कि किसानों की आय तभी दोगुनी होगी जब वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलें भी अपनायेंगे। साथ ही किसान सरकारी अनुदान पर खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाकर अपने पूरे परिवार को रोज़गार से जोड़ सकते हैं। सरकार खेतों की चैन फैंसिंग के लिये भी अनुदान मुहैया कराती है।

प्रतियोगिता निर्देशिका मासिक
अब ऑनलाइन,
कीमत 30 रूपए की जगह 15 रूपए
और दोगुना अध्ययन सामग्री
फरवरी 2021 अंक में मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा / पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा / पुलिस आरक्षक/पटवारी चयन तथा मध्यप्रदेश सामान्य अध्ययन पर विशेष सामग्री
लॉग-इन करें :
www.pratiyogitanirdeshika.com
R-45049/2021

## किसानों के लिए लगाये जायेंगे फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स

**भोपाल**, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने विभाग के अधिकारियों को फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने का कार्य इसी माह से शुरू करने के निर्देश दिये हैं। श्री कुशवाह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को आत्मसात कर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिये विभागों को दिये गये विकास के रोडमैप पर उद्यानिकी विभाग द्वारा अमल शुरू कर दिया गया है।

श्री कुशवाह ने बताया कि हाल ही में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में अगले 4 वर्षों के लिये फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिये केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना में 10 हजार 500 इकाइयों के लिये 500 करोड़ रुपये की राशि का अनुमोदन किया गया है। इस योजना में केंद्र का अंश 60 और राज्य का 40 प्रतिशत रहेगा। योजना के अंतर्गत वेयरहाउस, इन्क्यूबेशन सेंटर, कोल्ड स्टोरेज आदि फूड प्रोसेसिंग प्लांट से जुड़ी अन्य गतिविधियाँ भी शामिल हैं। इस वित्तीय वर्ष में 262 इकाइयों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्हें मार्च अंत तक पूरा कर लिया जायेगा।

# सौर ऊर्जा से पर्यावरण और रोज़गार के क्षेत्र में होंगी नई संभावनाएं

### श्री चेतन सोलंकी ने आईटीआई छात्रों को बताये सौर ऊर्जा के लाभ

**मंदसौर**, मध्यप्रदेश के सोलर एनर्जी ब्राण्ड एम्बेसेडर और सोलर एनर्जी उपयोग को जन-आन्दोलन बनाने वाले श्री चेतन सिंह सोलंकी ने मंदसौर जिले के शासकीय आईटीआई सीतामऊ में एनर्जी स्वराज मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन किया। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने एनर्जी स्वराज यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि ऊर्जा का यह नवीन प्रयोग और परम्परागत ऊर्जा की बचत देश में नये युग का सूत्रपात कर रहा है। प्रो. सोलंकी ने छात्र-छात्राओं को सौर ऊर्जा के फायदे एवं जीवाष्म ईंधन से होने वाले पर्यावरण पर दुष्प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को भविष्य में सौर ऊर्जा से होने वाले रोज़गारों की जानकारी देते हुए इसे एक आन्दोलन के रूप में लेने का आव्हान किया।

कार्यशाला के बाद मंत्री श्री डंग ने एनर्जी बस में प्रो. सोलंकी और टीम से यात्रा के दौरान उनके अनुभवों और सौर ऊर्जा क्षेत्र में की जा सकने वाली संभावनाओं पर चर्चा की। श्री डंग ने टीम के साथ एनर्जी बस में ही रात्रि विश्राम किया। मूलतः खरगोन जिले के श्री सोलंकी आई.आई.टी. मुंबई में प्रोफेसर हैं। उन्होंने पिछले 20 साल से सौर ऊर्जा पर नवाचार और शोध कार्य किये हैं। उन्हें आईईईई ने 10 हजार डालर का अवॉर्ड दिया है। उनके द्वारा जन-जागृति के लिये 11 वर्ष की एनर्जी स्वराज यात्रा शुरू की गई है जो दिसम्बर 2030 तक चलेगी। यात्रा का उद्देश्य ऊर्जा स्वराज आन्दोलन जलवायु परिवर्तन की दिशा में लोगों को सचेत करते हुए सौर ऊर्जा को एक समाधान के रूप में अपनाने के लिये प्रेरित करना है। राज्य सरकार ने इन्हें मध्यप्रदेश में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 50 से भी कम होना चाहिए। देश में 40 फीसदी वन क्षेत्र कम हो गया है। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना होगा, ताकि पर्यावरण को सुधारा जा सके। प्रो. सोलंकी ने बताया कि खरगोन में सोलर कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। यहां प्रकाश से लेकर सभी कार्य सौर ऊर्जा से हो रहे हैं। उन्होंने ऊर्जा दक्ष उपकरणों एवं 5 स्टार रेटिंग उपकरणों के उपयोग की सलाह दी।

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
तृतीय मंजिल, महाराजा कॉम्पलेक्स, कोठारी मार्केट के पास, इन्दौर
प्रवेश सूचना
छात्रवृत्ति उपलब्ध
स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा कोर्स
नई बैच जनवरी 2021 से प्रारंभ
अवधि - 1 वर्ष, योग्यता-हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम-हिन्दी/अंग्रेजी
सफल उम्मीदवारों हेतु सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों के विभागों जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, रेलवे, बहुउद्देशीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों की संभावना
स्वच्छता निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक पद के लिये अनिवार्य योग्यता
शासकीय कर्मचारियों के लिये हॉलिडे बैच की सुविधा
लॉकडाउन के दौरान ऑनलाईन कक्षा की सुविधा
लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिप्लोमा (पत्राचार) LSGD(DLP)
नगरीय निकायों में राजस्व निरीक्षक पद के लिये अनिवार्य योग्यता
नई बैच जनवरी 2021 से प्रारंभ
अवधि - 1 वर्ष, योग्यता-हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम-हिन्दी/अंग्रेजी
अधिक जानकारी एवं प्रवेश हेतु संपर्क करें
Ph.: 0731-2540101
Mo.: 98260-78003 7000990610
E-mail : indore@aiilsg.org Website : www.aiilsg.org
Aiilsg Indore
R-45030/2021

## सम्पादकीय

# वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक

वन्य क्षेत्रों और वन्य प्राणियों का संरक्षण एवं वन्य क्षेत्रों में विकास कार्य इस तरह संपादित हों कि इससे मानव जीवन पर भी विपरीत प्रभाव न पड़े। दोनों के मध्य संतुलन स्थापित हो। अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्रों में सड़क निर्माण, संचार विकास और अन्य आवश्यक कार्य वन्य प्राणियों को क्षति पहुंचाये बिना संपन्न हों, इसका ध्यान रखा जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल में राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की 19वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान और नौरादेही वन्य प्राणी अभ्यारण्य में चीतों के रहवास के लिये उपयुक्त पाये जाने की स्थिति है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान जो करीब 750 वर्ग किलोमीटर में स्थित है, वहां मात्र एक गांव है जिसके विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह एक हजार किलोमीटर से अधिक वर्ग किलोमीटर में स्थित नौरादेही वन्य प्राणी अभ्यारण्य सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में स्थित है। यहां वर्तमान में 63 गांवों में से 13 गांव विस्थापित किये जा चुके हैं। अन्य 15 गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया प्रचलन में है। इसके दृष्टिगत मध्यप्रदेश के इन संरक्षित क्षेत्रों में अफ्रीकी चीते की स्थापना की संभावनायें देखी जा रही हैं। इस संबंध में वैधानिक रूप से आवश्यक अनुमतियों के पश्चात कार्य को गति दी जायेगी। भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर वाय.वी. झाला द्वारा मध्यप्रदेश के संरक्षित क्षेत्रों में अफ्रीकी चीतों की अनुकूलता के संबंध में प्राथमिक सर्वेक्षण किया जायेगा। इसके लिये मध्यप्रदेश में तैयारियां प्रारंभ की गई हैं। प्रस्तावित वैकल्पिक संरक्षित क्षेत्र गांधी सागर अभ्यारण्य मंदसौर में शाकाहारी वन्य प्राणियों के ट्रांसलोकेशन के लिये नरसिंहगढ़ अभ्यारण्य राजगढ़ से 500 चीतल ट्रांसलोकेशन करने की अनुमति भी प्राप्त हुई है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बफर में सफर जैसी गतिविधियों से पर्यटन विकास संभव होगा। उन्होंने मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट के बाद तेंदुआ स्टेट बनने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 3421 तेंदुए होने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। श्री चौहान ने कहा कि राज्य में तेंदुआ संख्या लगभग साढ़े तीन हजार है। यह निश्चित ही एक उपलब्धि है। देश में कुल 12,852 तेंदुए हैं। मध्यप्रदेश को टाइगर के बाद तेंदुआ राज्य बनने के पश्चात अन्य वन्य प्राणियों की श्रेणी में भी अग्रणी बनने की संभावनायें बढ़ी हैं। मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय बाघ गणना 2018 में 526 बाघ पाये जाने के साथ बाघ प्रदेश का दर्जा हासिल किया था। अब तेंदुआ स्टेट का दर्जा मिलने से मध्यप्रदेश प्रथम और कर्नाटक एवं महाराष्ट्र द्वितीय एवं तृतीय क्रम पर हैं। बैठक में बाघों के रहवासों और संरक्षित क्षेत्रों का भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ ही कैम्पा फंड से भी वित्त पोषण पर चर्चा हुई। संरक्षित क्षेत्रों में रहवास प्रबंधन, वन्य प्राणियों की सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, मानव-वन्य प्राणी द्वंद्व के प्रबंधन और बाघ एवं शाकाहारी वन्य प्राणियों के अधिक घनत्व के क्षेत्रों से कम घनत्व के संरक्षित क्षेत्रों में ट्रांसलोकेशन किये जाने पर चर्चा हुई। प्रदेश में वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिये 16,794 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 6 टाइगर रिज़र्व सहित 11 राष्ट्रीय उद्यान एवं 24 वन्य प्राणी अभ्यारण्यों का गठन किया गया है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के बड़वाह वन मंडल में महाशीर (मछली) संरक्षण योजना लागू की गई है। राज्य शासन ने महाशीर संरक्षण और प्रजनन पर 61 लाख रुपये की राशि खर्च की है। वर्ष 2020 में महाशीर का 4 बार कृत्रिम प्रजनन कराया गया, जिसके फलस्वरूप 4 हजार फ्राई प्राप्त किये गये। ये स्वस्थ स्थिति में हैं, इसे नर्मदा के जल प्रवाह में छोड़ा जायेगा। मध्यप्रदेश में अभी भी बड़े क्षेत्र में वन मौजूद हैं। वनों में मौजूद पेड़ों और वन्य प्राणियों की रक्षा की जिम्मेदारी सरकार और समाज दोनों की है। सरकार द्वारा समय-समय पर वनों और वन्य प्राणियों की बेहतरी के लिये उपाय किये जाते हैं। प्रदेश में हम इन उपायों के बेहतर नतीजे समय-समय पर देखते हैं।

## ब्रह्मांड को जानें

### पृथ्वी



**ऑक्सीजन चक्र** - ऑक्सीजन सभी जीवों को केवल आधार ही प्रदान नहीं करती है, बल्कि जीवित तत्वों के अंदर व्यवहारिक रूप से महत्वपूर्ण आधारभूत भूमिका भी निभाती है। ऑक्सीजन चक्र को प्रभावित करने वाला घटक स्वयं मनुष्य है, वह सांस लेने की प्रक्रिया में ऑक्सीजन खींचता है और कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ता है। मनुष्य ऑक्सीजन का भंडार कम करके कार्बन डाई ऑक्साइड की आपूर्ति में वृद्धि करता है इससे भी आगे बढ़कर वह अतिरिक्त ईंधनों को जलाता है एवं ऑक्सीजन आपूर्ति को और कम कर देता है। वह वनों को काटकर और उन पर शहर बसाकर प्रकाश संश्लेषण क्रिया को कम कर देता है, जिसका असर अब दिखाई दे रहा है। पूरा विश्व अनचाहे तूफान, बेमौसम बारिश, बाढ़ और अन्य आपदाओं से पीड़ित है। पृथ्वी के तापमान में निरन्तर बढ़ोतरी हो रही है यह बात पूरी दुनिया के लिये चिंता का विषय है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

**राष्ट्रीय पर्यटन दिवस | 25 जनवरी**

# यात्राएं हमें सिखाती हैं और आगे बढ़ाती हैं

दुनिया एक किताब है और जो यात्रा नहीं करते हैं, वो सिर्फ एक पन्ना पढ़ते हैं। अफ्रीकी दार्शनिक सेंट ऍगस्टीन का यह कथन व्यक्ति के जीवन में यात्रा के महत्व को दर्शाता है। पूरी मानव जाति का विकास ही यात्रा पर आधारित है। इतिहास में हम पढ़ते हैं कि भारत के प्रसिद्ध मसालों की तलाश में ही 1498 में पुर्तगाली नागरिक वास्कोडिगामा ने यूरोपियों के लिये भारत के समुद्री मार्ग की खोज की थी। यात्राओं का इतिहास अनंत है, क्योंकि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन काल में यात्राएं करता है।

जनवरी के सर्द मौसम में भारतीय संस्कृति और धरोहरों के प्रति विश्वभर के लोगों को आकर्षित करने, जागरूकता बढ़ाने और इन्हें अधिक से अधिक संख्या में यहां आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से देश में अधिक से अधिक लोगों को जीविका उपलब्ध कराना है साथ ही भारत को पर्यटन के रूप में विश्व के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। आर्थिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का एक उद्देश्य देश में विदेशी मुद्रा के खजाने को बढ़ाना है साथ ही देश की जीडीपी को भी विकसित करना है, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस को पर्यटन के महत्व और इसके राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और वित्तीय मूल्य पर वैश्विक समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। देश में पर्यटन के विकास के लिए राष्ट्रीय नीतियों को बढ़ावा देने का काम पर्यटन मंत्रालय का है। यह केंद्रीय, राज्य और सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों का समन्वय करता है। पहली बार, 1948 में केंद्र सरकार ने भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक पर्यटन समिति का गठन किया था। 2019 की फिक्की-यस बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यटन उद्योग ने वर्ष 2018 में 247.3 बिलियन डॉलर का उत्पादन किया। इसने देश के सकल घरेलू उत्पाद का 9.2 फीसदी योगदान दिया है। पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों का कहना है कि 7.7 प्रतिशत से अधिक भारतीय कर्मचारी पर्यटन उद्योग में काम करते हैं।

### कोरोना के बाद स्थानीय पर्यटन में संभावना

सैर-सपाटा और सफर के लिए जो लोग पहले विदेश जाने को प्राथमिकता देते थे, कोरोना महामारी के आने के बाद अब वह अपने घरों में कैद हो गए थे। ऐसे में लॉकडाउन खत्म होने के बाद अब वे देश में ही धीरे-धीरे ही सही घूमने-फिरने के लिए जगहों को तलाशने में जुटे हुए हैं। हिंदुस्तान की विविधता सिर्फ भाषा और संस्कृति में ही नहीं है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी भौगोलिक विविधता यहां देखने को मिल जाती है, भारत में हरियाली, बर्फ, पहाड़, नदियां, झरने, रेगिस्तान, वन्य जीव और आदिवासी संस्कृति, लंबे समुद्र तट समेत वह सब कुछ है, जो हम विश्व के अलग-अलग कोनों में देखने के लिए जाते रहे हैं। भारत की संस्कृति और विविधता के कारण यह संपूर्ण विश्व के एक बहुत बड़े भूभाग की विविधता को अपने अंदर समेटा हुआ सा प्रतीत होता है। यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं छिपी हुई हैं। प्रत्येक शहर और राज्य के पास विरासत, वास्तुकला और अनुभव के संदर्भ में बहुत कुछ है जो उसे पर्यटन के नजरिये से विशेष बनाता है। भारत में पर्यटन से होने वाली कुल आय का ज्यादातर हिस्सा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों से आता है, लेकिन कोविड कि वजह से भारत में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। ऐसे में स्थानीय पर्यटन को महत्व देकर देश और जनहित में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।



कोरोना संक्रमण से सबसे ज्यादा नुकसान यदि किसी क्षेत्र में हुआ है तो वह पर्यटन उद्योग ही है। देश की आय के प्रमुख स्रोतो में से एक पर्यटन लोगों की आवाजाही रुकने, यातायात के साधनों के बंद होने के बाद सबसे अधिक प्रभावित हुआ। पर्यटन के लिए प्रमुख रूप से पहचाने जाने वाले राजस्थान राज्य की यदि हम बात करें तो 2019 की तुलना में 2020 में लगभग 69.9 फीसदी भारतीय पर्यटकों की संख्या में कमी आई। इस उद्योग से जुड़े लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़े हो गए। लेकिन एक बार फिर स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा है। राजस्थान तथा देश में लॉकडाउन खत्म होने के बाद लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सर्दियों के मौसम में भी पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होगा। इससे न केवल पर्यटन उद्योग को मजबूती मिलेगी वरन पर्यटन से जुड़े लाखों लोगों के रोज़गार की स्थिति भी बेहतर होगी। कोरोना की वजह से बेरोज़गार हुए लोग भी दोबारा अपनी पसंद के रोज़गार से जुड़ सकेंगे। मध्यप्रदेश में स्थित विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क भी इन दिनों पर्यटकों से आबाद है। दीपावली के बाद से यहां पर्यटकों की तादाद लगातार बढ़ रही है। मध्यप्रदेश के साथ ही कान्हा पार्क भी कोरोना की दृष्टि से सुरक्षित माना जा रहा है। इसके साथ ही इस समय कान्हा में बाघ भी लोगों को दिखाई दे रहे हैं। फिर भी 2020-21 वर्तमान साल में मानसून सीजन के बाद कान्हा पार्क खुलते ही पहले ही माह अक्टूबर में गतवर्ष से करीब दोगुने 11875 पर्यटक आए हैं। इस वर्ष नवंबर माह में 19682 पर्यटक आए हैं। जिसमें 12 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। गतवर्ष के मुकाबले नवंबर माह में 2 हजार देशी पर्यटक इस वर्ष अधिक आए हैं। वर्ष 2019-20 के नवंबर माह में 2885 विदेशी पर्यटक आए थे।

### पर्यटकों को लुभाने के लिए नए प्रयोग

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए निरंतर नवीन प्रयोग हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में भारतीय रेलवे विस्टाडम कोच शुरू करने जा रहा है। एलएचबी क्लास के इन कोच के माध्यम से पर्यटक ट्रेन में रेलवे लाइन के खूबसूरत नज़ारों का आनंद ले सकेंगे। ट्रेन चलने पर बड़े ग्लास से पीछे का नजारा साफ दिखायी देगा। हर कोच में 44 पर्यटकों के बैठने की क्षमता होगी। आरामदायक सफर के लिए एयर स्प्रिंग सस्पेंशन, लंबे ग्लास वाली खिड़की और इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रित होने वाली कांच की रूफ टॉप, जिससे आसमान की ओर भी पारदर्शी रूप से देखा जा सके। वहीं दर्शनीय स्थल को देखने के लिए लंबी खिड़की वाले लाउंज भी हर कोच में लगाये गए हैं। ये कोच यूरोपियन ट्रेन में लगे कोच की तर्ज पर तैयार किए गए हैं। इन कोचों का 180 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड का ट्रायल पूरा कर लिया गया है। हर सीट में चार्जिंग प्वाइंट, संगीत सुनने वालों के लिए डिजिटल स्क्रीन, साउंड और वाई फाई की सुविधा भी दी जाएगी।

### देखो अपना देश

देशी पर्यटन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को देशी संस्कृति और धरोहर से परिचित कराने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने यह कार्यक्रम शुरू किया है। देखो अपना देश के लिए मेरा संकल्प पत्र को ऑनलाइन https://pledge.mygov.in/my-country इस लिंक पर जाकर भरना होगा। इसके बाद 2022 तक देश के 15 दर्शनीय स्थलों की सैर करके उनकी तस्वीरें संबंधित साइट पर भेजनी होंगी। इसके बाद पूरा खर्च पर्यटक को दिया जाएगा। इसमें खास बात यह है कि व्यक्ति को अपने गृह राज्य से हटकर अन्य जगहों की घूमने की तस्वीरें ही भेजनी हैं।

### महिलाएं अब अकेले कर रहीं सफर

एक वक्त था जब महिलाएं पुरुषों के बिना घर से अकेले नहीं निकलती थीं, लेकिन बदलते वक्त और आर्थिक आज़ादी ने उन्हें अकेले यात्रा करने का आत्मविश्वास और अधिकार दिया है। बुजुर्ग महिला तीर्थयात्री ही नहीं युवा महिलाएं भी अपना बैग पैक करके अकेले ट्रेवलिंग पर निकल जाती हैं देश-दुनिया को जानने। ऐसे में टेक्नोलॉजी ने उन्हें सेफ्टी में मदद की है, तो प्रशासन भी महिलाओं के अकेले यात्रा को लेकर उनके हित में कदम उठाने में जुटा हुआ है। देश की कई जगहों पर महिलायें अकेले यात्राएं कर रही हैं। जैसे हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में स्थित छोटा-सा हिल स्टेशन कुफरी है। यहां कई खूबसूरत झीलें, बर्फ से ढंके पहाड़ और कई मनोरम दृश्य हैं। यह सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी उत्तम है और यहां पर्यटकों का स्वागत भी बेहद बेहतर तरीके से होता है, ऐसे में इसकी ये सारी खूबियां इसे महिला यात्रियों के लिए घूमने के लिए एक आदर्श स्थान बनाती हैं। इसी तरह चाय के बगीचों, खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य और हरियाली के लिए मशहूर मन्नार यहां के स्थानीय निवासियों को उनके गर्मजोशी वाले स्वभाव के लिए जाना जाता है। ये पर्यटकों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। गंगा किनारे बसे ऋषिकेश में दुनियाभर के लोग रॉफ्टिंग और एडवेंचर एक्टिविटीज जैसी चीजों को एंजॉय करने आते हैं। यहां अकेले घूमना भी पूरी तरह से सुरक्षित माना जाता है। सुकून और शांति भी यहां मिलती है।

यात्राएं हमारे जीवन में हमें कुछ सिखाती हैं। पुराने समय से लेकर अब तक यदि हम देखें तो मनुष्य यात्राओं के माध्यम से ही आगे बढ़ा और उसने सीखा है। स्वामी विवेकानंद ने ऐतिहासिक शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन की यात्रा से संपूर्ण विश्व में भारतीय दर्शन के महत्व को बढ़ाया। तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने छुआछूत और रंगभेद को भी यात्रा के माध्यम से जाना। यानी अपने जीवन में बड़े परिवर्तन यात्राओं से होते हैं। इसलिए जब भी समय मिले हमें पर्यटन का आनंद लेना चाहिए यह जीवन में सीखने और समझने का एक बहुत अच्छा माध्यम है।

**सर्जना चतुर्वेदी**
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

(फोटो गूगल से साभार)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2019**

**दिनांक 07.01.2021**

| ऑनलाइन आवेदन अवधि | प्रवेश पत्र उपलब्धता अवधि | परीक्षा अवधि |
|---|---|---|
| दिनांक 11.01.2021 से | दिनांक 10.03.2021 से | दिनांक 21.03.2021 से |
| दिनांक 09.02.2021 तक | दिनांक 21.03.2021 तक | दिनांक 26.03.2021 तक |

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2019 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 03/2019 दिनांक 14.11.2019 के संदर्भ में आयोजित की गयी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 21.12.2020 को घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में सफल आवेदकों हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 का आयोजन **दिनांक 21.03.2021 से दिनांक 26.03.2021 तक इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना तथा शहडोल स्थित परीक्षा केंद्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जायेगी -**

| दिनांक | विषय | समय |
|---|---|---|
| 21.03.2021 | सामान्य अध्ययन-I | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक |
| 22.03.2021 | सामान्य अध्ययन-II | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक |
| 23.03.2021 | सामान्य अध्ययन-III | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक |
| 24.03.2021 | सामान्य अध्ययन-IV | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक |
| 25.03.2021 | सामान्य हिन्दी | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात 1.00 बजे तक |
| 26.03.2021 | हिन्दी निबंध लेखन | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक |

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

**टीप :-** 1. आगामी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Structured Answer Copy/ Question Answer Booklet) के माध्यम से आयोजित की जायेगी, जिसमें अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Question Answer Booklet) में प्रश्न के नीचे उत्तर लिखने के लिये दिये गये स्थान पर ही निर्धारित शब्द सीमा में अपना उत्तर लिखना होगा। अन्यत्र किसी स्थान पर उत्तर लिखने पर अमान्य किया जायेगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिये आयोग की वेबसाइट पर नमूनार्थ प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Question Answer Booklet) प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थी उन्हें डाउनलोड कर परीक्षा पूर्व भलीभांति अभ्यास कर लें।

2. परीक्षार्थियों की संख्या तथा प्रशासनिक कारणों से केंद्रों की संख्या को कम किया जा सकता है।

3. यह स्पष्ट किया जाता है कि षष्ठ प्रश्न-पत्र **हिन्दी निबंध लेखन** प्रश्न-पत्र सभी अभ्यर्थियों को हिन्दी में ही हल करना होगा। अंग्रेजी माध्यम चयनित करने वाले अभ्यर्थियों को भी षष्ठ प्रश्न-पत्र हिन्दी माध्यम से ही हल करना होगा।

2. राज्य सेवा प्रारंभिक लिखित परीक्षा में शार्ट लिस्टेड सफल पात्र आवेदकों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन एवं परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक होगा। मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 11.01.2021 (दोपहर 12.00 बजे) से 09.02.2021 (रात्रि 12.00 बजे) तक www.mponline.gov.in**, **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर भरे जा सकते हैं। आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन एवं परीक्षा शुल्क देय होगा-

| मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन आवेदकों के लिये आवेदन एवं परीक्षा शुल्क | शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी आवेदकों के लिये आवेदन एवं परीक्षा शुल्क |
|---|---|
| रुपये 400/- | रुपये 800/- |

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क रुपये 40/- (सेवाकर सहित) अतिरिक्त देय होगा।

आवेदन तथा परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एम.पी. ऑनलाइन से हेल्पलाइन-0755-6720200 तथा 0755-6720201 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

3. **विलंब शुल्क सहित आवेदन**- आयोग की यह मान्यता है कि सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन भर देंगे। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 09.02.2021 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र भर दें, ताकि विलंब शुल्क के भुगतान की परिस्थिति उपस्थित न हो। अपरिहार्य कारणों से जो अभ्यर्थी अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पाते हैं, उनकी सुविधा हेतु अंतिम तिथि के बाद विलंब शुल्क के साथ आवेदन की निम्नांकित व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है -

1. दिनांक 10.02.2021 से 16.02.2021 तक - रुपये 3000/-
2. दिनांक 17.02.2021 से 13.03.2021 तक - रुपये 25000/-

**विशेष** : 1. विलंब शुल्क की उपरोक्त राशि के साथ परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क का भुगतान पृथक से देय होगा। 2. रुपये 3000/- विलंब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदनों में दिनांक 28.02.2021 तक तथा रुपये 25000/- विलंब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदन पत्रों में दिनांक 15.03.2021 तक विहित शुल्क का भुगतान कर त्रुटि सुधार किया जा सकेगा।

4. आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिनांक 12.01.2021 से दिनांक 28.02.2021 तक त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे। त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात आवेदन पत्र में कोई सुधार नहीं किये जा सकेंगे। त्रुटि सुधार हेतु प्रति सुधार सत्र रुपये 50/- (सेवाकर सहित) देय होंगे। जिन आवेदकों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरे जायेंगे। राज्य सेवा परीक्षा 2019 हेतु उनकी उम्मीदवारी स्वयमेव समाप्त हो जायेगी एवं इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य न करते हुये उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया जायेगा।

5. मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 10.03.2021 से दिनांक 21.03.2021 तक **www.mponline.gov.in**, **www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। प्रवेश पत्र डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेंगे। प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु आवेदक mponline के अधिकृत कियोस्क का भी उपयोग कर सकते हैं। कियोस्क के माध्यम से प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु रुपये 5/- पोर्टल शुल्क देय होगा।

6. आवेदक कृपया ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ निम्न मान्य फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र प्रस्तुत करने एवं उससे पहचान की पुष्टि होने के पश्चात ही परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. मतदाता परिचय पत्र | 2. आधार कार्ड (फोटोकापी मान्य) | 3. ड्रायविंग लायसेंस |
| 4. आयकर का पेन कार्ड | 5. पासपोर्ट | 6. फोटो सहित बैंक पासबुक |
| 7. केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र | 8. शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत आवेदकों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व जारी फोटो पहचान पत्र | |
| 9. राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय-पत्र | | |

7. मध्यप्रदेश के ऐसे मूल निवासी अभ्यर्थियों को जो कहीं सेवारत न हों तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी हों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लेखित वर्तमान पते के शहर/ग्राम से उन्हें आवंटित परीक्षा शहर तक आने जाने के यात्रा व्यय का भुगतान वापसी यात्रा के पूर्व परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा किया जायेगा। अभ्यर्थियों को इसके लिये केन्द्राध्यक्ष को वांछित घोषणा-पत्र भरकर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबंधित निम्न अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे :-

(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।

(2) दिव्यांगता के प्रमाणन हेतु जिला चिकित्सा मंडल द्वारा जारी निःशक्तता प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।

(3) यात्रा टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गई तथा किराये की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो।

8. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 में सामान्य अध्ययन के चार प्रश्न-पत्र तथा सामान्य हिन्दी एवं हिन्दी निबंध लेखन के दो प्रश्न-पत्र होंगे। सामान्य अध्ययन के चारों प्रश्न-पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम में तथा शेष दोनों प्रश्न-पत्र (सामान्य हिन्दी तथा हिन्दी निबंध लेखन) केवल हिन्दी माध्यम में होंगे। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के आवेदन-पत्र में अभ्यर्थियों को सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्रों के भाषा विकल्प (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) का चयन करना होगा।

9. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2019 की परीक्षा तथा पाठ्यक्रम राज्य सेवा परीक्षा 2019 के विज्ञापन में प्रकाशित किया गया है।

**जी-17742/आर-45045/2021** **उपसचिव**

---

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धि पत्र क्रमांक 01/05/2020, दिनांक 04.01.2021**

**राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2020**

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों हेतु राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2020 का विज्ञापन क्रमांक 05/2020, दिनांक 29.12.2020 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** एवं **www.mppsc.com** पर जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में निम्न लिपिकीय त्रुटि संशोधित की जाती है -
2. (क) विज्ञापन के विन्दु क्रमांक 'ग्यारह' एवं महत्वपूर्ण के बिन्दु क्रमांक 05 में परीक्षा आयोजन का समय दोपहर 12.00 बजे से दोपहर पश्चात् 2.00 बजे तक होने का उल्लेखित किया गया है। जिसे राज्य अभियांत्रिकी परीक्षा हेतु जारी परीक्षा योजना के विन्दु '(अ) अंक योजना' के अनुसार '3 घंटे' ही पढ़ा जाये। पूर्व में इस परीक्षा की तिथि 30.05.2021 को घोषित की गई थी, इसे भी संशोधित कर दिनांक 13.06.2021 किया गया है। अतः राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2020 हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा दिनांक 13.06.2021 को दोपहर 12.00 बजे से दोपहर पश्चात् 3.00 बजे तक सम्पन्न होगी।
3. विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**उपसचिव**

---

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**सूचना क्रमांक 01/02/2019, दिनांक 08.01.2021**

**सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास (क्षेत्र एवं विस्तार) परीक्षा-2019**

**परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केंद्रों का चुनाव संबंधी सूचना पत्र**

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग हेतु सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास (क्षेत्र एवं विस्तार) के कुल 37 पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 02/2019, दिनांक 01.11.2019, आयोग की वेबसाइट **www.mppscdemo.in**, **www.mppsc.nic.in** एवं **www.mppsc.com** पर जारी किया गया है तथा 'रोज़गार और निर्माण' समाचार पत्र के दिनांक 04.11.2019 के अंक में भी प्रकाशित किया गया है।
2. जारी किये गये विज्ञापन में परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केंद्रों का उल्लेख नहीं किया गया था। अतः उक्त परीक्षा **दिनांक 28.02.2021** को आयोजित की जा रही है। आवेदक अपनी सुविधानुसार दिनांक **14.01.2021 से 20.01.2021 तक**, निम्नानुसार दिये गये परीक्षा केंद्रों का चुनाव कर सकते हैं परन्तु अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार केंद्र निर्धारित करने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा-

| | | |
|---|---|---|
| 1. इंदौर | 5. ग्वालियर | 9. रतलाम |
| 2. उज्जैन | 6. सतना | 10. छिंदवाड़ा |
| 3. भोपाल | 7. रीवा | 11. शहडोल |
| 4. जबलपुर | 8. सागर | |

3. विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**परीक्षा नियंत्रक**

---

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02**

**डी-16, कचनार सिटी विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002**

**ई-मेल :** mpphcjabalpur2@gmail.com

**निविदा विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत सिविल अस्पताल सिहोरा जिला जबलपुर में 2 एफ, 2 जी, 2 एच टाइप आवासगृहों का निर्माण कार्य हेतु (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_123263) निविदा क्रमांक 20/2020-21, **21.01.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त बेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/99544/45035/2021 **परियोजना यंत्री**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी
## निविदा आमंत्रण
## सूचना क्रमांक 86-91/2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं **सूचना क्रमांक 86-91/2020-21** ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptender.gov.in** पर कटनी जिले के विजयराधवगढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हेड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंपहाउस/सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य, घर-घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्र. | विकासखण्ड | ग्रामों की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 86/ 20_21 | 2021_PHED _123615 | VIJAY RAGHAVGARH | 3 | 226.89 | 226890 | 15000 | 6 माह | Registered under M.P. PWD New centralized registration Scheme |
| 87/ 20_21 | 2021_PHED _123615 | VIJAY RAGHAVGARH | 2 | 175.97 | 175970 | 12500 | 6 माह | |
| 88/ 20_21 | 2021_PHED _123615 | VIJAY RAGHAVGARH | 2 | 207.95 | 207950 | 15000 | 6 माह | |
| 89/ 20_21 | 2021_PHED _123615 | VIJAY RAGHAVGARH | 2 | 116.60 | 116600 | 12500 | 6 माह | |
| 90/ 20_21 | 2021_PHED _123615 | VIJAY RAGHAVGARH | 1 | 59.18 | 59180 | 10000 | 6 माह | |
| 91/ 20_21 | 2021_PHED _123615 | VIJAY RAGHAVGARH | 1 | 53.56 | 56560 | 10000 | 6 माह | |

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि : 28.01.2021 17:30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 28.01.2021 17:30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 30.01.2021 12:00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाइ गई वेबसाइट पर देखें।

**कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**जी-17684/45027/2021** **परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. : 07622-225752**

## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
## लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई सिंगरौली (म.प्र.)

**Email : piusingrauli@gmail.com, Ph. No. : 07805-297421**

**एनआईटी नं. : 01/2021/केंद्रीयकृत निविदा/एपीडी/पी.आई.यू./46** **रीवा, दिनांक : 08.01.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

**कार्य का नाम** :- संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. सिंगरौली अंतर्गत नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों की सुपरवीजन एवं क्वालिटी कंट्रोल हेतु एस.क्यू.सी. कंसल्टेंसी का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

| स.क्र. | टेंडर पोर्टल नं. | जिला | ठेके की अनु. राशि (पीएसी) लाख में | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2021_PWPIU_122976_1 | सिंगरौली | 219.00 | 219000/- | 15000/- | 24 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मुल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 11.01.2020 समय 09:00 से दिनांक 25.01.2021 तक 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.)**
**जी-17690/45029/2021** **सिंगरौली (म.प्र.)**

**दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।**

| 10. | 2020_PWDRB_122881_1 | कटनी से दमोह मार्ग स्थित मझगवा रेल्वे फाटक पर आर.ओ.बी. के निर्माण बाधक एल.टी./एच.टी. लाईन पोल ट्रांसफार्मर के शिफ्टिंग का विद्युतीकरण कार्य। | Rs. 185.20 Lakh | 1,85,200/- | 12500/- | 4 Month | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम कॉल। |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 18.01.2021, (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**जी-17599/45015/2021** **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.), संभाग, जबलपुर**

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, भिण्ड

फोन नम्बर : 07534-244633, ई-मेल : eephedbhi@nic.in

**निविदा विज्ञप्ति/2021/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./भिण्ड** दिनांक : 06.01.2021

## ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यो हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptender.gov.in** पर आमंत्रित की गई है निविदा प्रपत्र दिनांक 23.01.2021 को सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा **दिनांक 23.01.2021 को सायं 5.30 बजे तक** ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। **लिफाफा 'स' (Envelope-C) Online** ही जमा करना होगा। इसे भौतिक रूप से जमा नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 25.01.2021 को खोली जायेगी। निविदा की संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकेगी।

| क्र. | सिस्टम क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रु. में) | धरोहर राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रुपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2021_PHED_122007_1 | 11 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड गोहद के अंतर्गत 350 x 150 मिमी व्यास के 35 मी. गहराई के ग्रेवल पेक्ड नलकूप खनन कार्य। 15 नग | 908000/- | 18160/- | 2000/- | 3 माह |
| 2. | 2021_PHED_122008_1 | 12 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड मेहगांव के अंतर्गत 350 x 150 मिमी व्यास के 50 मी. गहराई के ग्रेवल पेक्ड नलकूप खनन कार्य। 15 नग | 1178000/- | 23560/- | 2000/- | 3 माह |
| 3. | 2021_PHED_122009_1 | 13 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड भिण्ड के अंतर्गत 100 आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 12672680/- | 126726/- | 12500/- | 4 माह |
| 4. | 2021_PHED_122010_1 | 14 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड अटेर के अंतर्गत 100 आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 12672680/- | 126726/- | 12500/- | 4 माह |
| 5. | 2021_PHED_122011_1 | 15 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड मेहगांव के अंतर्गत 100 आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 12672680/- | 126726/- | 12500/- | 4 माह |
| 6. | 2021_PHED_122496_1 | 16 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड लहार के अंतर्गत 100 आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 12672680/- | 126726/- | 12500/- | 4 माह |
| 7. | 2021_PHED_122497_1 | 17 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड रौन के अंतर्गत 75 आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 9504510/- | 95045/- | 10000/- | 4 माह |
| 8. | 2021_PHED_122498_1 | 18 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड गोहद के अंतर्गत 80 आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 10138144/- | 101381/- | 12500/- | 4 माह |
| 9. | 2021_PHED_122499_1 | 19 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड भिण्ड के अंतर्गत 100 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 14860700/- | 148607/- | 12500/- | 4 माह |
| 10. | 2021_PHED_122500_1 | 20 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड अटेर के अंतर्गत 100 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 14860700/- | 148607/- | 12500/- | 4 माह |
| 11. | 2021_PHED_122514_1 | 21 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड मेहगांव के अंतर्गत 100 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 14860700/- | 148607/- | 12500/- | 4 माह |
| 12. | 2021_PHED_122515_1 | 22 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड गोहद के अंतर्गत 100 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 14860700/- | 148607/- | 12500/- | 4 माह |
| 13. | 2021_PHED_122517_1 | 23 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड लहार के अंतर्गत 50 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 7430350/- | 74303/- | 10000/- | 4 माह |
| 14. | 2021_PHED_122520_1 | 24 | भिण्ड जिले के विकासखण्ड रौन के अंतर्गत 50 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य। | 7430350/- | 74303/- | 10000/- | 4 माह |

**जी-17580/45011/2021** **कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड भिण्ड, म.प्र.**

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, विदिशा (म.प्र.)

Mail I.D. :- cephvid@mp.nic.in, Fax No. :- 07592-250663, Telephon No. :- 07592-250663
VIDISHA 464001 (M.P.)

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 28/नि.प्र./खण्ड विदिशा/लोस्वायांवि/2020-21** विदिशा, दि. : 01.01.2021

## निविदा आमंत्रण

विदिशा जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में "जल जीवन मिशन" के अंतर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण, सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.01.2021 को 13.00 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | विकास-खण्ड | ग्रामों की संख्या | अनु. लागत (PAC) (रु. में) | धरोहर राशि (EMD) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2021_PHED_121745_1 | सिरोंज | 04 | 18933467/- | 189335/- | 12500/- | 09 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 2. | 2021_PHED_121756_1 | सिरोंज | 05 | 22724600/- | 227246/- | 15000/- | 09 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 3. | 2021_PHED_121793_1 | लटेरी | 04 | 16958152/- | 169582/- | 12500/- | 09 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 4. | 2021_PHED_121801_1 | बासौदा | 02 | 13425247/- | 134252/- | 12500/- | 09 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 5. | 2021_PHED_121807_1 | विदिशा | 03 | 6526013/- | 65260/- | 10000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 6. | 2021_PHED_121817_1 | विदिशा | 03 | 6468295/- | 64683/- | 10000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 7. | 2021_PHED_121837_1 | विदिशा | 03 | 6154292/- | 61543/- | 10000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 8. | 2021_PHED_121841_1 | विदिशा | 04 | 9585535/- | 95855/- | 10000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |

**सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं कार्यपालन यंत्री**
**जी-17588/45012/2021** **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड विदिशा (म.प्र.)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1, रीवा
## निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 17/2020-21** **रीवा, दिनांक : 06.01.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती हैं।

| टेण्डर क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | 1. अमानत राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 1. उपसंभाग त्योंथर में गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122392 | 7.00 | 1. 14000/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. तीन माह |
| **2. उपसंभाग त्योंथर में आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122393 | 7.00 | 1. 14000/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. तीन माह |
| **3. उपसंभाग त्योंथर के विभिन्न खण्डों में स्थित शासकीय आवासीय भवनों में एन्टी टरमाईट ट्रीटमेंट एवं छत मरम्मत का कार्य।** | | | |
| PWDRB 122394 | 3.00 | 1. 6000/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. तीन माह |
| **4. उपसंभाग त्योंथर के विभिन्न खण्डों में स्थित शासकीय गैर आवासीय भवनों में एन्टी टरमाईट ट्रीटमेंट एवं छत मरम्मत का कार्य।** | | | |
| PWDRB 122395 | 3.00 | 1. 6000/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. तीन माह |
| **5. उपसंभाग मनगवा अंतर्गत मडवा जमुनिहा टोला बाया किटहा मार्ग के कि.मी. 2/2 में स्थित पुलिया का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122396 | 4.46 | 1. 8920/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. तीन माह |
| **6. एन.सी.सी. ऑफिस कुठुलिया में शे-जम्पिंग सेट हंटर कोर्स 08 नग के जम्प सेप्टिक टैंक टाईल्स वर्क ई.डब्ल्यू.सी. एण्ड वासवेसिंग सैण्ड बाथ के निर्माण कार्य।** | | | |
| PWDRB 122397 | 4.46 | 1. 8920/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. तीन माह |
| **7. विशेष मरम्मत के अंतर्गत पुलिस लाईन उपखण्ड के जेल क्वार्टर आई-टाईप क्वार्टर नं. 15-16 (1 ब्लॉक 2 क्वार्टर) का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122398 | 3.35 | 1. 6700/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **8. विशेष मरम्मत के अंतर्गत पुलिस लाईन उपखण्ड के जेल क्वार्टर आई-टाईप क्वार्टर नं. 17-18 (1 ब्लॉक 2 क्वार्टर) का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122399 | 3.68 | 1. 7360/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **9. विशेष मरम्मत के अंतर्गत पुलिस लाईन उपखण्ड के जेल क्वार्टर आई-टाईप क्वार्टर नं. 19-20 (1 ब्लॉक 2 क्वार्टर) का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122401 | 4.08 | 1. 8160/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **10. विशेष मरम्मत पुराना एफ टाईप क्वार्टर नं. एफ-3 (जेल क्वार्टर) पुलिस लाईन उपखण्ड का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122402 | 4.29 | 1. 8580/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **11. विशेष मरम्मत पुलिस लाईन रीवा अंतर्गत क्वार्टर नं. एच-2 (33 क्वार्टर एच टाईप) का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122403 | 2.33 | 1. 4660/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **12. विशेष मरम्मत पुलिस लाईन रीवा अंतर्गत क्वार्टर नं. एच-1 (33 क्वार्टर एच टाईप) का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122404 | 3.30 | 1. 6600/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **13. विशेष मरम्मत पुलिस लाईन रीवा अंतर्गत कंटरजेंसी क्वार्टर आई-2 का मरम्मत कार्य।** | | | |
| PWDRB 122405 | 2.68 | 1. 5360/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **14. उपसंभाग त्योंथर के अंतर्गत बाढ़ से मार्गों के क्षतिग्रस्त भाग जतरी, हरदोली, परिहारिन, पुरवा से ओझा पुरवा एवं बरेली रिमारी पहुंच मार्ग का रेस्टोरेशन का कार्य।** | | | |
| PWDRB 122406 | 5.78 | 1. 11560/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **15. उपसंभाग त्योंथर के अंतर्गत रायपुर पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/0 से 1/10 कुल 1.00 कि.मी. में डामर नवीनीकरण का कार्य।** | | | |
| PWDRB 122407 | 15.68 | 1. 31360/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **16. उपसंभाग त्योंथर के अंतर्गत रायपुर पहुंच मार्ग के कि.मी. 2/0 से 3/10 कुल 2.00 कि.मी. में डामर नवीनीकरण का कार्य।** | | | |
| PWDRB 122408 | 17.23 | 1. 34460/- 2. 2000/- | 1. प्रथम 2. दो माह |
| **कुल योग** | **91.32** | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 21.01.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-17615/45020/2021** **लो.नि.वि., संभाग क्र. 1, रीवा**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सागर (म.प्र.)

**दूरभाष : 07582-224269, E-mail-eephe_sagar@yahoo.co.in**

## निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल अध्यक्ष जिला जल एवं स्व. मिशन से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर ई टेंडरिंग लिफाफा पद्धति से जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना हेतु सागर जिले के विकासखंड बंडा हेतु ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। ये मात्र संक्षिप्त सूचना है। निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने के पुर्व विस्तुत निविदा सूचना का अवलोकन भी कर लें।

| सं. क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेण्डर आई. डी. | ग्राम | कार्य की अनु. लागत लाख रुपये | ई-धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 204/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121872_1 | बहरोल | 71.95 | 71950/- | 10000/- | **21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक** |
| 2. | 205/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121873_1 | हनोता उवारी | 78.36 | 78360/- | 10000/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 3. | 206/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121874_1 | कंदवा | 148.91 | 148910/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 4. | 207/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121875_1 | खाहरमउ | 78.87 | 78870/- | 10000/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 5. | 208/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121877_1 | नैनधरा | 97.28 | 97280/- | 10000/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 6. | 209/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 1218778_1 | पिडरुआ | 134.82 | 134820/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 7. | 210/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121880_1 | सजी-बम्होरी जगदीश | 159.52 | 159520/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 8. | 211/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121881_1 | पड़वार-नीमोन | 169.62 | 169620/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 9. | 212/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121882_1 | कुल्ल-पिपरिया इल्लाई | 156.60 | 156600/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 10. | 213/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121884_1 | भूसाकमलपुर-सेमरादत | 157.98 | 157980/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 11. | 220/ 06.01.2021 | 2020_PHED_ 122674_1 | डोंडा-अचलपुर | 19.04 | 38080/- | 2000/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 12. | 214/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121885_1 | विनेका व राख | 168.64 | 168640/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 13. | 215/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121888_1 | उल्दन-बेसली | 159.67 | 159670/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 14. | 216/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 12188_1 | मगरधा-खुवारी | 158.56 | 158560/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 15. | 217/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121890_1 | खोजनपुर-पिथोली | 111.40 | 111400/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 16. | 218/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121892_1 | घोघरा चक-निवारी | 125.84 | 125840/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |
| 17. | 219/ 31.12.20 | 2020_PHED_ 121893_1 | मोकलमउ-चारोधा | 138.52 | 138520/- | 12500/- | 21.01.2021 सायं 5.30 बजे तक |

समस्त विवरण **http://www.mptenders.gov.in** वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किये जा सकते एवं निविदा की दरें ऑनलाइन ही प्रस्तुत करनी होंगी। समस्त प्रक्रिया 'की-डेट्स' अनुसार होगी। भविष्य में निविदा आमंत्रण में सूचना में किये जाने वाले संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे। समाचार-पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित नहीं किये जावेंगे।

**सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्व. मिशन**
**जी-17600/45016/2021** **एवं कार्य. यंत्री, लो. स्वा. यां. खंड, सागर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
## मैकेनिकल खण्ड, सागर, पिनकोड : 470001

**Phone No : 07582-223019, E-mail I.D. : eephemsag@rediffmail.com**

## निविदा सूचना

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड, सागर के अंतर्गज जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय संबंधी कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई है वेबसाइट पर **https://mptenders.gov.in "Appendix 2.10"** में प्रतिशत दर पर निर्धारित **Key-Date** के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :- टीकमगढ़ एवं सागर जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु 5 मीटर ऊंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चर पर पोलीथिलीन टंकी की स्थापना कर पाइप लाइन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य 90 दिवस ट्रायल रन सहित।**

| स. क्र. | निविदा क्र. व दिनांक | ई-टेण्डर आई.डी. क्र. | विकासखण्ड | कार्य की अनु. लागत (लाख रु. में) | ई-धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14/ 26.12.20 | 2020_PHED_ 121151_1 | जतारा, पलेरा बल्देवगढ़ | 150.15 | 1,50,150/- | 12,500/- |
| 2. | 15/ 26.12.20 | 2020_PHED_ 121221_1 | रहली एवं सागर | 154.63 | 1,54,630/- | 12,500/- |

1. निविदा क्रय करने की प्रारम्भिक तिथि : 07.01.21
2. निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि : 22.01.21**
3. निविदा खुलने का दिनांक : 25.01.21

निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो उसका प्रकाशन वेबसाइट पर ही होगा। समाचार-पत्रों में पृथक से नहीं होगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग**
**जी-17590/45513/2021** **मैकेनिकल खण्ड, सागर**

**जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।**

चाय पर चर्चा

# औद्योगिक इकाइयों के क्लेम प्रकरणों में राशि आवंटन का अनुरोध

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के साथ 11 जनवरी को 'चाय पर चर्चा' की। इस दौरान उद्योग संवर्धन नीति के अंतर्गत प्रावधानित विभिन्न सुविधाओं के प्रकरणों में औद्योगिक इकाइयों के लगभग 1700 करोड़ रुपये के क्लेम प्रकरणों में सहायता राशि के वितरण के लिये वित्त विभाग से अतिरिक्त बजट आवंटन कराये जाने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। भारत शासन की फार्मा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई जिला होशंगाबाद में 'बल्क ड्रग पार्क' एवं 'मेडिकल डिवाइस पार्क' की स्थापना के लिये प्रेषित प्रस्तावों की स्वीकृति के संबंध में केंद्रीय मंत्री केमिकल एवं फर्टिलाइजर मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया जायेगा।

'चाय पर चर्चा' के दौरान वर्ष 2014 में राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय के अनुरूप नगरीय क्षेत्रों में अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में भवन निर्माण अनुज्ञा के अधिकार त्रि-सदस्यीय समिति के स्थान पर कार्यकारी संचालक क्षेत्रीय कार्यालय एमपीआईडीसी को प्रत्यायोजित करने के लिये अनुरोध किये जाने की बात कही गई। तदानुसार पूर्व में राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों/विभाग की अविकसित शासकीय भूमि पर स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों के भवन निर्माण अनुज्ञा के अधिकार कार्यकारी संचालक क्षेत्रीय कार्यालय एमपीआईडीसी को प्रत्यायोजित करने का अनुरोध किया जायेगा। इस परिप्रेक्ष्य में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पुनः प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं।

चर्चा के दौरान प्रदेश में निर्यात संवर्धन तथा स्थानीय निर्यातकों की समस्या के निराकरण और इस विषय में केन्द्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय स्थापित करने के लिये गठित राज्य-स्तरीय संवर्धन समिति में प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी को संयोजक नियुक्त किया गया है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप-2023 के अंतर्गत निर्यात प्रोत्साहन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक्सपोर्ट ट्रेड फेयर में भागीदारी तथा निर्यात प्रोत्साहन एवं उत्पादों की ब्रांडिंग के लिये विभिन्न देशों में ट्रेड फेयर के आयोजन की आवश्यकता को रेखांकित किया गया।

# प्रधानमंत्री जी की हर योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश लीडर

## वर्ष 2023 तक मध्यप्रदेश के हर घर में नल के द्वारा जलप्रदाय




केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में अटल भू-जल योजना एवं जल शक्ति मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुये।

**भोपाल,** प्रधानमंत्री जी की हर योजना में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश लीडर है। अटल भू-जल योजना एवं जल जीवन मिशन का भी प्रदेश में तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। यह प्रसन्नता की बात है कि मध्यप्रदेश निर्धारित अवधि से पूर्व ही अपने लक्ष्य पूरे कर लेगा। ये बातें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भोपाल स्थित मंत्रालय में अटल भू-जल योजना एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुये कहीं।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का वर्ष 2024 तक हर घर में शुद्ध जल पहुंचाने का संकल्प है। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को वर्ष 2023 तक ही पूरा कर लिया जाएगा। अटल भू-जल योजना का भी रोडमैप तैयार है, इस पर तेजी से अमल किया जाएगा।

### अटल भू-जल योजना में मध्यप्रदेश के 6 जिले एवं 9 ब्लॉक शामिल

श्री शेखावत ने कहा है कि अटल भू-जल योजना के प्रथम चरण में मध्यप्रदेश में तेज गति से काम हुआ है। मध्यप्रदेश की भूजल गुणवत्ता काफी अच्छी है। योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 6 जिले छतरपुर, सागर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना एवं निवाड़ी तथा 9 ब्लॉक पथरिया, छतरपुर, नौगांव, राजनगर, अजयगढ़, पलैरा, बलदेवगढ़ एवं निवाड़ी शामिल हैं। योजना को वर्ष 2025 तक पूरा किया जाना है। मध्यप्रदेश में योजना की लागत 315.62 करोड़ रुपये है। शत-प्रतिशत राशि विश्व बैंक तथा भारत सरकार से प्राप्त होगी।

### जलस्रोतों के उपयोग के लिए जागरूकता आवश्यक

श्री शेखावत ने कहा कि हर घर में जलस्रोतों और भूजल की स्थिति तथा जल के उपयोग के संबंध में ग्रामवासियों में जागरूकता आवश्यक है। गांव के जल प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जानी है।

श्री शेखावत ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य है हर घर में नल कनेक्शन हो तथा उससे स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण पानी मिलता रहे। इसके लिए जो संरचना बने वह 30 साल तक चलती रहे। पूरे देश में अगले पांच वर्षों में 16 करोड़ नल कनेक्शन होने हैं।

### गांव ही करेगा जल का प्रबंधन

श्री शेखावत ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर गांव में जल प्रबंधन समितियां तथा ग्राम पंचायत के माध्यम से वहां के जल का प्रबंधन किया जाना है। इसके लिए हर गांव की जल कार्य योजना तैयार की जानी है। इस मिशन का उद्देश्य है पानी की क्वालिटी, क्वांटिटी तथा रेगुलरिटी (मात्रा, गुणवत्ता और नियमितता) सुनिश्चित करना।

### 6 माह में डेढ़ लाख नल कनेक्शन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्यप्रदेश में तेज गति से काम हो रहा है। पिछले 6 माह में लगभग डेढ़ लाख कनेक्शन हो गए हैं। प्रदेश के 1 करोड़ 21 लाख घरों में से 29 लाख 68 हजार घरों में कनेक्शन हो गए हैं तथा 91 लाख 56 हजार घरों में कनेक्शन होने हैं। योजना के अंतर्गत बुरहानपुर एवं निवाड़ी जिलों में आगामी मार्च महीने तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# व्हाट्सएप पिक्चर मैसेज क्रियेटिंग प्रतियोगिता

**भोपाल,** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा व्हाट्सएप पिक्चर मैसेज क्रियेटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता बच्चों, किशोरी, बालिकाओं एवं महिलाओं का स्वास्थ्य, पोषण विकास, महिला एवं किशोरी सशक्तीकरण, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा और जेंडर समानता विषय पर आधारित होगी। अठारह से 40 वर्ष की आयु समूह के लिए प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 26 जनवरी है। कुल 55 पुरस्कार दिए जायेंगे। जिसमें 10 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार पांच लोगों को दिया जायेगा। इसी तरह 5 हजार रुपये के दस द्वितीय तथा एक हजार रुपये के कुल 50 तृतीय पुरस्कार दिऐ जायेंगे।

व्हाट्सएप पिक्चर मैसेज प्रतियोगिता की संदर्भ सामग्री विभागीय वेबसाइट https://mpwcdmis.gov.in, http://esanchayika.mp.gov.in तथा विभागीय यू-ट्यूब चैनल mpwcd पर उपलब्ध है। प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए और अपनी प्रविष्टि अपलोड करने के लिए www.amrutpaan.org पर लॉगइन कर सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया जाये ग्लोबल स्किल पार्क - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार देने के लिये बनाये जा रहे अनूठे ग्लोबल स्किल पार्क के निर्माण के लिये चल रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष 22 हजार विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने का लक्ष्य है। हुनर के साथ विद्यार्थियों का इतना आत्मविश्वास बढ़े कि वे अच्छे संस्थानों में चयनित हो सकें।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुये।

### समय-सीमा और गुणवत्ता दोनों का ध्यान रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना की कुल लागत 1548 करोड़ रुपये है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोज़गार विभाग को कौशल विकास परियोजना के लिये एडीबी से 967.50 करोड़ रुपये का कर्ज मिला है। मध्यप्रदेश सरकार 580.50 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। परियोजना के अंतर्गत भोपाल में लगभग 2 वर्ष में स्किल पार्क बन जाएगा। निर्धारित की गई अवधि दिसम्बर, 2022 के पहले ही यह विश्वस्तरीय स्किल पार्क बनाने का संकल्प है। कुछ कार्य डेढ़ वर्ष में ही पूर्ण हो जाएंगे। हमारा प्रयास होगा कि वर्ष 2022 के मध्य तक पाठ्यक्रम प्रारंभ हो जाएं और विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करने लगें। समय-सीमा और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखना है। स्किल पार्क के कार्यों पर, डिजाइन के लिए अनुबंधित की गई टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड और तकनीकी शिक्षा विभाग नजर रखेंगे।

### विदेशों में भी जाएं प्रशिक्षित विद्यार्थी

श्री चौहान ने कहा कि सिंगापुर के तकनीकी परामर्श एवं सहयोग से ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल का निर्माण 30 एकड़ क्षेत्र में हो रहा है। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। वर्ष 2017 में यह योजना बनाई गई थी। इस उद्देश्य से उन्होंने सिंगापुर भ्रमण किया था। इस क्षेत्र में सिंगापुर की विशेषज्ञता है। सपना यह है कि बच्चों के हाथ में इतना हुनर आ जाए कि उन्हें प्लेसमेंट मिल जाए। भोपाल का स्किल पार्क इस उद्देश्य को पूरा करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्किल्स पार्क का कार्य अब तेजी से चलना चाहिए। पूर्व सरकार के समय आई बाधाओं के कारण विलंब अवश्य हुआ है। पूर्व सरकार ने ध्यान भी नहीं दिया। हमारा लक्ष्य इस स्किल पार्क को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाना है। मेरी चाह है कि यहां प्रशिक्षित विद्यार्थी भारत ही नहीं अन्य देशों में भी अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर सकें और उन्हें अन्य देशों में भी अवसर मिलें, उन्हें इतना योग्य बनाने की व्यवस्था हो। निर्धारित 11 ट्रेड के अलावा स्थानीय आवश्यकता के अनुसार अन्य ट्रेड भी प्रारंभ किये जा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिये जो ट्रेड तय किये गये हैं उनमें मेकाट्रोनिक्स, मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स, पॉवर एंड कंट्रोल, नेटवर्क एंड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडिशनिंग, मैकेनिकल एण्ड इलेक्ट्रिकल सर्विसेज, ऑटोमोटिव, मैकेनिकल टेक्नोलॉजी, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और प्रिसिजन इंजीनियरिंग (ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी कैंपस में संचालित) शामिल हैं।

# नल कनेक्शन से मिलेगा सभी गांवों में पेयजल

**भोपाल,** राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र को नल कनेक्शन के माध्यम से जलप्रदाय करवाने के लिए 2024 तक का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित इस कार्य को पूरा करने के लिए वर्ष 2023 को लक्ष्य बनाकर ग्रामीण क्षेत्र की जलप्रदाय व्यवस्था पर त्वरित गति से कार्य कर रहा है। प्रदेश के सभी ग्रामों में जलप्रदाय व्यवस्था के लिए बनाई गई योजनाओं पर विभागीय अमले द्वारा कार्य किये जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित प्रथम चरण में दो जिलों (निवाड़ी एवं बुरहानपुर) के सभी ग्रामों में प्रत्येक परिवार को 31 मार्च 2021 तक नल कनेक्शन से जलप्रदाय किए जाने की दिशा में सुनियोजित प्रयास कर रहा है। निवाड़ी जिले में कुल 253 आबाद ग्राम हैं, जिनमें 71 हजार 715 घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने हैं। इस योजना के पूर्ण होते ही 3 लाख 88 हजार ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन के माध्यम से जलप्रदाय प्रारम्भ हो जायेगा। अब तक जिले के 32 ग्रामों में नल कनेक्शन से जलापूर्ति की जा चुकी है, शेष 221 ग्रामों में योजना के अन्तर्गत तेजी से कार्य हो रहा है। जिले में ग्रामीण जलप्रदाय योजना के अन्तर्गत 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी तरह बुरहानपुर जिले में कुल 255 आबाद ग्राम हैं, जिनमें 1 लाख 06 हजार 282 घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने हैं। इस योजना के पूर्ण होते ही 5 लाख 30 हजार 877 आबादी को नल कनेक्शन के माध्यम से जलप्रदाय प्रारम्भ हो जायेगा। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बुरहानपुर जिले में सितम्बर 2020 से कार्य प्रारम्भ किए गये थे। अब तक जिले के 60 ग्रामों में नल कनेक्शन से जलापूर्ति की जा चुकी है, शेष 195 ग्रामों में योजना के अन्तर्गत तेजी से कार्य हो रहा है।

# छोटे कोल्ड स्टोरेज लगाने के लिये 20 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल,** किसानों को एक हजार और 500 मीट्रिक टन के छोटे कोल्ड स्टोरेज लगाने की योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी से बढ़ाकर 20 जनवरी कर दी गई है। यह निर्णय उद्यानिकी, खाद्य प्र-संस्करण एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में लिया गया।

श्री कुशवाह ने कहा कि योजना का लाभ अधिक से अधिक किसान ले सकें, इसे ध्यान में रखते हुए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया है। बैठक में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं को शुरू करने के रोडमैप पर चर्चा हुई।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

कोविड-19 टीकाकरण

# सवा चार लाख हेल्थ केयर वर्कर्स को लगाया जायेगा टीका




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में एनएचएम भवन में कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में चर्चा करते हुये।

**भोपाल,** कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन आ गई है जो किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं है। नागरिकों को क्रमानुसार इसका लाभ मिलेगा। अब हमें कोरोना महामारी का पूरी तरह समापन करना है। टीकाकरण के प्रथम चरण में करीब सवा चार लाख हेल्थ केयर वर्कर्स को टीका लगाया जाएगा, जिन्होंने हम सभी की जिन्दगी बचाने का कार्य किया है। कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। जिलों के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और मीडिया इसके बारे में किसी भ्रामक जानकारी या अफवाहों को न पनपने दें और इस महाभियान को सभी मिलकर सफल बनाने में सहयोग दें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में एनएचएम भवन के उद्घाटन के पश्चात कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में कलेक्टर्स और कमिश्नर्स के साथ चर्चा करते हुये कहीं।

#### दूरदर्शी प्रधानमंत्री बधाई के हैं पात्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगाने का कार्य 16 जनवरी से प्रारंभ होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देता हूं। वे दूरदर्शी हैं। उन्होंने पहले ही संकट को पहचान लिया था। प्रधानमंत्री ने तो कोरोना आते ही टास्क फोर्स का गठन कर दिया था। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं कीं और लोगों को वायरस से बचाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय रहते लॉकडाउन हो जाने से आवश्यक व्यवस्थाएं करने का समय भी मिला। प्रधानमंत्री के आह्वान पर सभी एकजुट हुए। मध्यप्रदेश में आउट ऑफ कंट्रोल नहीं होने दिया गया। कोरोना से नागरिकों के बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध किए गए।

#### महाभियान के विभिन्न चरण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि अभियान के लिए जिलों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा वैक्सीन की सेफ्टी की पुष्टि की गई है। प्रत्येक नागरिक को दो डोज लगेंगे। पहला डोज लगने के पश्चात इसे 28 दिन के पश्चात पुनः लगाया जाएगा। इसके 14 दिन पश्चात मानव शरीर में एंटी बॉडी का निर्माण होगा। टीका लगने के बाद तत्काल प्रभाव नहीं होता है। प्रदेश में जिलावार वैक्सीन का आवंटन किया गया है। शिकायत और सुझाव प्राप्त करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। शासकीय अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों को भी वैक्सीन लगाने के लिए चिन्हित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कोविड-19 से बचाव के लिए प्रारंभ हो रहे टीकाकरण महाभियान के संबंध में समस्त कलेक्टर-कमिश्नर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उन सभी वारियर्स को प्रणाम किया, जिन्होंने संकट के समय दूसरों की जान बचाने का कार्य किया और सेवा में संलग्न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण का प्रोटोकॉल तय किया गया है। वैक्सीन उन्हें ही पहले लगेगी जिनका क्रम है। इनमें फ्रंट लाइन वर्कर्स जैसे पुलिस कर्मी, राजस्व अमला भी शामिल है और उनका सबसे पहले सुरक्षित होना जरूरी भी है। टीकाकरण के लिए पंजीयन जिस क्रम में हुआ, टीके भी उसी क्रम में लगेंगे। इस महाभियान में पहले किसी को टीका लगाने के लिए सिफारिश करने के कार्य भी नहीं होंगे।

#### परीक्षण के बाद हुआ है वैक्सीन का चयन

बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में बनाई गई स्वदेशी वैक्सीन को देश-विदेश की उत्कृष्ट वैज्ञानिक संस्थाओं ने गहन परीक्षण और विश्लेषण के बाद स्वीकृत किया है। कई महीनों की मेहनत के बाद भारत में यह दो वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन स्वीकृत की गई हैं।

# उद्योगों से जो कमिटमेंट किये हैं उन्हें पूरा किया जाएगा

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में उद्योगों का संवर्धन तथा उनके माध्यम से अधिक से अधिक रोज़गार सृजन हमारी नीति है। प्रदेश में उद्योगों को सभी आवश्यक सुविधाएं एवं रियायतें दी जा रही हैं। प्रदेश में उद्योग स्थापना के समय उद्योगों से जो 'कमिटमेंट' किए गए थे उन्हें पूरा किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में उद्योग प्रोत्साहन समिति की बैठक में कहीं।

#### उद्योगों को विभिन्न प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों को सरकार द्वारा निवेश प्रोत्साहन सहायता, रियायती दर पर भूमि, विद्युत दर में छूट, अधोसंरचना सुविधा आदि उपलब्ध कराये जाते हैं।

#### खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को प्राथमिकता

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण तथा प्रदेश में मिलने वाले कच्चे माल की प्रोसेसिंग करने वाले उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है।

#### रेडीमेड गारमेंट से अधिक रोज़गार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रेडीमेड गारमेंट उद्योग से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होने की संभावना है। अतः इन उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

# चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न आयामों पर होगा 'मंथन-2021'

**भोपाल,** चिकित्सा शिक्षा विभाग के सभी आयामों में बेहतरी तथा गुणवत्ता प्राप्ति के उद्देश्य से 'मंथन-2021' का आयोजन जल्द किया जा रहा है। यह बात चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल स्थित मंत्रालय में बैठक में कही। मंथन में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले देश-विदेश और प्रदेश के विख्यात चिकित्सा शिक्षक, चिकित्सक, शोधकर्ता, विभिन्न संवर्गों के चिकित्सकीय छात्र, नर्सिंग, पैरामेडिकल तथा अनुषांगिक चिकित्सकीय सेवाएं प्रदायदाता, नैदानिक सेवाएं प्रदायदाता, चिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

मंथन में चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित सभी आयामों में बेहतरी तथा गुणवत्ता प्राप्ति के लिये प्राप्त सभी उपयोगी सुझावों को चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जायेगा।

श्री सारंग ने कहा कि इस संबंध में विभाग रूपरेखा तैयार कर उसे मूर्तरूप दे। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारियों तक का योगदान हो। मंथन में विभिन्न विषयों पर चर्चाएं हों, जिसमें छात्र, कर्मचारी, मरीज सुरक्षा, मेडिकल टेक्नोलॉजी और वेलफेयर से संबंधित विषयों का भी समावेश किया जाये। लगभग 8 ग्रुप बनाकर हर विषय पर चर्चा कर निष्कर्ष निकले। इसमें चिकित्सा शिक्षा में शैक्षणिक गुणवत्ता, टर्शरी, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की सुनिश्चितता विषय को भी शामिल किया जाये। अनुसंधान, बेहतर मैनेजमेंट, मानव अंग एवं ऊतक प्रतिरोधक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं मानक स्थापित करने पर भी विचार-विमर्श हो।

# आयुष्मान योजना अंतर्गत पांच लाख रूपये तक मुफ्त इलाज करा रही है सरकार

**दतिया,** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया के कमरारी में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी गरीब व्यक्ति को इलाज के अभाव में दम तोड़ने नहीं दिया जायेगा। इसके लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सरकार निजी चिकित्सालय में गरीब परिवार के उपचार पर पांच लाख की राशि खर्च करेगी।

डॉ. मिश्रा ने कमरारी में 2 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया, जिनमें 1 करोड़ 5 लाख 70 हजार रुपये की लागत के 9 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं 1 करोड़ 5 लाख 42 हजार रुपये की लागत के 13 विकास एवं निर्माण कार्य शामिल हैं।

इस दौरान उन्होंने 81 लाख रुपये की लागत के निर्माण कार्यों की घोषणा कर विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर लाभान्वित भी किया।

वन नेशन – वन राशन

# हितग्राहियों को मिल रहा है खाद्यान्न पोर्टेबिलिटी का लाभ

**भोपाल,** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि देश के 11 राज्यों में प्रदेश के ऐसे नागरिक जो उन राज्यों में निवासरत तथा कार्यरत हैं, अपना खाद्यान्न शासकीय उचित मूल्य की दुकान से बायोमैट्रिक सत्यापन से पात्रता अनुसार राशन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना और त्रिपुरा में लागू है।

#### बायोमैट्रिक सत्यापन से मिल रहा है खाद्यान्न

खाद्य मंत्री श्री सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश में कार्यरत तथा निवासरत उपरोक्त 11 राज्यों के माइग्रेंट लेबर जो अपने मूल राज्य की उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करते रहे हैं वे भी जहां निवासरत तथा कार्यरत हैं वहीं पर पोर्टेबिलिटी के माध्यम से नजदीक की उचित मूल्य की दुकान से बायोमैट्रिक सत्यापन से पात्रता अनुसार खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं।

#### उपभोक्ता अन्य दुकान से भी ले सकेंगे राशन

संचालक खाद्य श्री तरुण पिथोड़े ने बताया कि प्रदेश में भी उपभोक्ता अब अपनी राशन की दुकान के अलावा अन्य दुकान से भी राशन ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक जिस दुकान का राशन कार्ड होता था उसी दुकान से उपभोक्ता राशन ले पाते थे। कई बार उस दुकान पर राशन समाप्त होने की स्थिति में उपभोक्ता को राशन से वंचित रहना पड़ता था। संबंधित दुकान पर राशन समाप्त होने अथवा दुकानदार का व्यवहार ठीक नहीं लगने पर उपभोक्ता दूसरी पीडीएस दुकान से राशन ले सकता है।

#### वन नेशन वन राशन कार्ड–कोविड में ज्यादा उपयोगी

खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत कोविड संक्रमण काल में अन्य राज्यों में रहने वाले प्रदेश के निवासियों को खाद्यान्न के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। उचित मूल्य की दुकान से इन्हें गेहूं, चावल, शक्कर, केरोसीन एवं नमक का वितरण किया गया।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के लिए 500 करोड़ रूपये की मंजूरी

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) को वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के लिए राशि 500 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ क्रियान्वित करने की स्वीकृति दी।

इसमें परियोजना स्वीकृति के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रस्तावों की अनुशंसा के लिए जिला स्तरीय समिति बनाई गई है। 10 लाख रुपये तक की अनुदान सहायता वाले प्रोजेक्ट के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति रहेगी। अन्तर्विभागीय मंत्री सक्षम समूह 10 लाख रुपये से अधिक की स्वीकृति दे सकेगा।

यह योजना क्लस्टर एप्रोच के साथ 'एक जिला एक उत्पाद' पर आधारित है। निजी इकाइयों को 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख क्रेडिट लिंक अनुदान मिलेगा। एफ.पी.ओ./एस.एच.जी./कॉपरेटिव को पूंजी निवेश, प्रशिक्षण एवं विपणन पर 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक अनुदान (न्यूनतम टर्नओवर 1 करोड़) रहेगा। एस.एच.जी. को सीड कैपिटल 40 हजार प्रति सदस्य दी जायेगी। ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग में सहायता दी जायेगी।

#### ग्रामीण (सीमान्त, छोटे किसान तथा भूमिहीन कृषि श्रमिक) ऋण विमुक्ति विधेयक

मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश ग्रामीण (सीमान्त व छोटे किसान तथा भूमिहीन कृषि श्रमिक) ऋण विमुक्ति विधेयक 2020 के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 304 (बी) के परन्तुक के अनुसरण में विधेयक को विधानसभा में पुनः स्थापित करने के पहले राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त एवं विधानसभा से पारित कराने की सभी कार्यवाही के लिए राजस्व विभाग को अधिकृत किया।

पूर्व में मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति ऋण विमुक्ति अधिनियम 2020 के अंतर्गत राज्य के अनुसुचित क्षेत्रों में निवासरत मध्यप्रदेश की अनुसुचित जनजातियों के सदस्यों को ऋण ग्रस्तता से राहत के लिए उपबंध किये गये हैं। मध्यप्रदेश ग्रामीण (सीमान्त और छोटे किसान तथा भूमिहीन कृषि श्रमिक) ऋण विमुक्ति विधेयक 2020 में भी समान प्रकार के उपबंध हैं, जो विधेयक में प्रस्तावित किये गए हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के भूमिहीन कृषि श्रमिकों, सीमान्त किसानों तथा छोटे किसानों (राज्य के अनुसुचित क्षेत्रों में निवासरत मध्यप्रदेश की अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को छोड़कर) को, नियमों और प्रक्रिया के विरुद्ध तथा अत्यन्त ऊंची ब्याज दरों पर दिये गये ऋण की समस्या का निरंतर सामना करना पड़ रहा है। इसका परिणाम ऐसे व्यक्तियों की वित्तीय हानि, मानसिक प्रताड़ना तथा शोषण के रूप में निकलता है। ऐसे भूमिहीन कृषि श्रमिकों, सीमान्त किसानों तथा छोटे किसानों को 15 अगस्त 2020 तक उन्हें दिए गए कतिपय ऋणों, जिनमें ब्याज की राशि शामिल है, के उन्मोचन द्वारा राहत देने के लिए मध्यप्रदेश ग्रामीण (सीमान्त और छोटे किसान तथा भूमिहीन कृषि श्रमिक) ऋण विमुक्ति विधेयक-2020 प्रस्तावित किया गया है।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

# उमंग किशोर हेल्पलाइन की वीडियो फिल्म का किया गया विमोचन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

**भोपाल,** स्कूल शिक्षा विभाग की 'उमंग किशोर हेल्पलाइन' ने मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोरोना संकट काल के दौरान विद्यार्थियों को शैक्षणिक कठिनाइयों के साथ-साथ व्यक्तिगत, सामाजिक और मानसिक तनाव को दूर करने में यह हेल्पलाइन मददगार रही है। यह बात स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित मंत्रालय में 'उमंग' कौशल शिक्षा कार्यक्रम एवं हेल्पलाइन की प्रथम वर्षगांठ पर निर्मित वीडियो फिल्म के विमोचन के दौरान कही। श्री परमार ने राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को ट्रॉफी और शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया।

श्री परमार ने कहा उमंग किशोर हेल्पलाइन के पिछले 1 वर्ष के प्रयासों से विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में आने वाली अन्य कठिनाइयों से लड़ने में मदद मिली है। यह उन्हें गलत राह पर जाने से और गलत कदम उठाने से रोकने में मदद करेगी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने के लिए विभाग के प्रयास प्रशंसनीय हैं।

उमंग किशोर हेल्पलाइन में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 जिलों को श्री परमार ने ट्रॉफी से सम्मानित किया। इन पांच जिलों में ग्वालियर, होशंगाबाद, रतलाम, छतरपुर और सिवनी शामिल हैं। इसके साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 37 शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

**उमंग किशोर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14425**

आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत ने बताया कि वर्ष 2017 से मध्यप्रदेश में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम उमंग को प्रारंभ किया गया है। इसी के अंतर्गत राज्य स्तर पर आधुनिक सुविधाओं के साथ भोपाल में एक टेली काउंसलिंग केंद्र स्थापित किया गया है। इसकी शुरुआत पिछले वर्ष 13 जनवरी को एक टोल फ्री नंबर 14425 के साथ की गई थी। इस केंद्र से मध्यप्रदेश के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को योग्य परामर्शदाताओं के माध्यम से टेली काउंसलिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष एवं बीजीएमएस के सहयोग से पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

**कोरोना काल में हेल्पलाइन बनी मददगार**

कोरोना संकटकाल के दौरान जब प्रदेश के सभी विद्यालय बंद थे, तब ऐसी परिस्थितियों में भी उमंग किशोर हेल्पलाइन सेवाओं को जारी रखा गया था। पिछले 1 वर्ष में इस हेल्पलाइन पर लगभग 67 हज़ार से अधिक कॉल आए हैं। छात्रों द्वारा किए गए कॉल्स में मुख्यतः अकादमिक, कॅरियर, किशोरावस्था, कोविड-19 सपोर्ट, मानसिक स्वास्थ्य, रिलेशनशिप, नशे की लत, हिंसा, आत्महत्या, बाल विवाह आदि से संबंधित हैं। राज्य स्तरीय प्रशिक्षित परामर्शदाताओं द्वारा इन सभी को आवश्यक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# भामाशाह योजना पुनः प्रारंभ कर करदाताओं को करेंगे पुरस्कृत

## मध्यप्रदेश में वित्त वर्ष में कर अपवंचन मामलों से मिले 200 करोड़ रुपये



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वन नेशन-वन टैक्स 'एक भारत सशक्त भारत' बैठक को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में ईमानदार करदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए भामाशाह योजना के अंतर्गत नये वित्त वर्ष में पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। कर अपवंचन पर अंकुश लगाने की प्रभावी कार्यवाही की जाये। इसके लिए केंद्र और राज्य के जीएसटी अधिकारी संयुक्त प्रयास करें। राजस्व बढ़ाने की कार्यवाही इस तरह की जाए कि जनता को इससे कोई परेशानी न हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वन नेशन वन टैक्स 'एक भारत सशक्त भारत' बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। बैठक में बताया गया कि इस वित्त वर्ष डेटा एनालिसिस के माध्यम से 492 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का पता लगाया गया जिससे प्रवर्तन की कार्यवाही कर 203 करोड़ रुपये शासकीय कोष में जमा कराये जा चुके हैं। कुल 1332 वाहनों पर भी कर अपवंचन की दण्डात्मक कार्यवाही हुई है। इस वित्त वर्ष में 300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रवर्तन के माध्यम से प्राप्त होगी। एनआईसीके ई-वे बिल पोर्टल डेटा और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी माध्यमों से एनालिसिस कर अपवंचन का पता लगया जा रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि राजस्व संग्रहण के प्रयासों में केंद्र और राज्य सरकार के संबंधित विभाग समन्वय पूर्वक कार्य करेंगे तो संग्रहण भी बढ़ेगा और लोक कल्याण के कार्यों को भी बेहतर ढंग से अंजाम दिया जा सकेगा। यह राष्ट्रीय कार्य है। इसमें पूरे तालमेल और परिश्रम से अच्छा परिणाम लाने के प्रयास करें। श्री चौहान ने केंद्र और राज्य सरकार के विभागों द्वारा कर संग्रहण के लिए किये गये कार्य की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की बैठक पहली बार आयोजित की गई है। अब यह बैठक नियमित रूप से होगी। श्री चौहान ने कहा कि जीएसटी संग्रहण में राज्य की उपलब्धियों की प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी प्रशंसा की है। प्रदेश की जीएसटी संग्रहण में अनेक राज्यों से अच्छी स्थिति है। कोरोना संकट के बावजूद राजस्व संग्रहण में 4 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। विभिन्न विभागों ने इसके लिये काफी प्रयास भी किये। यह उदाहरण है कि आपदा में भी अवसर का उपयोग कर उपलब्धि हासिल की जा सकती है। इस उपलब्धि को कायम रखने के लिए निरंतर प्रयास हों। लोक कल्याण के कार्यों को गति मिलती रहे। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक कर अधिकारी आपसी तालमेल से बेहतर कार्य करें। छोटे करदाता को परेशान न होना पड़े। अन्य राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिसेस भी अपनायी जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भामाशाह योजना पुनः प्रारंभ कर नए वित्त वर्ष में ईमानदार करदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे यह वित्त वर्ष समाप्त होने के बाद ऐसे करदाताओं का चयन किया जाए ताकि उन्हें पुरस्कृत किया जा सके। राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए, लेकिन यह भी देखा जाए कि इसके लिए करदाताओं को अनावश्यक तकलीफ न हो। कर अपवंचन करने वालों के विरुद्ध प्रचलित प्रवर्तन की कार्रवाई भी जल्दी पूरी की जाए, ताकि सरकार को अधिक राजस्व मिल सके और करदाता के प्रकरण का भी शीघ्र निवर्तन हो सके। पंजीकृत व्यवसाइयों द्वारा की गई सप्लाई की जानकारी विभिन्न स्रोतों से प्राप्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीम्ड रजिस्ट्रेशन की संख्या न्यूनतम करने के प्रयास हों। ऐसे व्यवसायियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जीएसटी विधान के संशोधनों के विषय में संगोष्ठी और कार्यशाला के माध्यम से जागरुकता बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाणिज्यिक कर विभाग के डेटाबेस में उपलब्ध विभिन्न आंकड़ों और जानकारियों का अधिक से अधिक प्रयोग कर राजस्व वृद्धि के ठोस प्रयास हों। बैठक में बताया गया कि देश में जीएसटी पंजीयन संख्या 1.26 करोड़ है। मध्यप्रदेश में 4 लाख 35 हजार व्यवसायी पंजीकृत हैं। सामान्य कर दाताओं की संख्या 2 लाख 25 हजार हैं। प्रदेश में कम्पोजीशन टैक्सपेयर 39 हजार 926 हैं। मध्यप्रदेश में जीएसटी कलेक्शन गत वर्ष से 4 .09 प्रतिशत अधिक हुआ है। जीएसटी 3वी रिटर्न फाइलिंग में वृत्त कार्यालयों में इन्दौर और उज्जैन वृत्त ने अच्छा कार्य किया है। विभाग के 15 संभागों के 82 वृत्त कार्यालयों द्वारा रिटर्न फाइलिंग की हर महीने समीक्षा की जा रही है।

# मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2020 नौ जनवरी से हुआ लागू

**भोपाल,** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया है कि 9 जनवरी से मध्यप्रदेश में 'धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2020' ने मूर्तरूप ले लिया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश 2020 का गजट नोटिफिकेशन जारी हो गया है।

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि नौ जनवरी से ही कानून लागू हो गया है। अब जबरन, भयपूर्वक, डरा-धमकाकर, प्रलोभन देकर, बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन करवाकर विवाह करने और करवाने वाले व्यक्ति, संस्था अथवा स्वयंसेवी संस्था की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल अध्यादेश में किए गए प्रावधानों के मुताबिक संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# 'आपकी समस्या का हल-आपके घर' अभियान को तत्परता से चलाया जाये

**हरदा,** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिये चलाये जा रहे 'आपकी समस्या का हल-आपके घर' अभियान की कलेक्ट्रेट सभागार हरदा में समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को आमजन को विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिये अभियान का संचालन तत्परतापूर्वक करने के निर्देश दिये।

श्री पटेल ने कहा कि अभियान गरीबों और वंचितों के सामाजिक एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिये चलाया जा रहा है। सभी अधिकारी कार्य को गंभीरतापूर्वक पूर्ण समर्पण भाव से करना सुनिश्चित करें। इससे समाज को एक नई दिशा मिल सकेगी। बैठक के प्रारंभ में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अभियान की प्रगति के संबंध में प्रजेन्टेशन दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले के 173 गांवों में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। सर्वे का कार्य 340 गांवों में प्रगतिरत है। शहरी क्षेत्र में भी 27 वार्डों में सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि अभियान के अंतर्गत हरदा जिले में परिवारों को विभिन्न प्रकार की पेंशन, जाति प्रमाण-पत्र, विकलांगता प्रमाण-पत्र, आवास योजना का लाभ,



किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल हरदा में महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के लिये एक जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाते हुये।

आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड और नामांतरण बंटवारा जैसे 26 प्रकार की अनिवार्य सेवाओं का लाभ वंचितों को दिलाया जाना है।

इस अवसर पर श्री पटेल ने महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के लिये जागरुकता रथ को हरदा के मुख्य चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# फीड-इन-टेरिफ निर्धारण पर ऑनलाइन जन सुनवाई 19 जनवरी को होगी

**भोपाल,** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत विकेंद्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्रों से बिजली के विक्रय संबंधी फीड-इन-टेरिफ के निर्धारण के लिये मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग में दायर याचिका पर ऑनलाइन जन सुनवाई 19 जनवरी 2021 को प्रातः 11 बजे से होगी। ऊर्जा निगम ने इसके लिये 3.18 रुपये प्रति यूनिट की दर से निवेदन किया है।

समय-सीमा में अपने लिखित विचार, टीप, आपत्तियां और सुझाव देने के इच्छुक व्यक्ति अपना मोबाइल नम्बर और ई-मेल आईडी आयोग को भेजकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश

# पंचायतों की व्यवस्था में लघु वनोपज को जोड़ा जाएगा

## उपार्जन संबंधी नीति में किये जायेंगे आवश्यक संशोधन

**भोपाल,** अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में लघु वनोपज के उत्पाद, उपार्जन, वर्तमान नीति में संशोधन संबंधी गठित समिति की बैठक विन्ध्याचल भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में श्री मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि लघु वनोपज के उत्पादों से संबंधित समस्त बिन्दुओं यथा, उत्पादन, उपार्जन, विपणन इत्यादि पर ग्राम सभाओं का इन उत्पादों पर प्रथम अधिकार की वर्तमान नीति का समग्र रूप से परीक्षण कर उसमें आवश्यक सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश वन विभाग को समन्वयक और लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक को सदस्य नियुक्त किया गया है।

**ग्राम सभा में ग्राम के आर्थिक विकास की योजनाओं की होगी पहचान**

बैठक में ग्राम सभा की शक्तियां और कृत्य और वार्षिक सम्मिलन संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में सुझाव दिया गया कि लघु वनोपज को ग्राम सभा से जोड़ा जायेगा। ग्राम के आर्थिक विकास के लिए ऐसी स्कीमों की पहचान तथा उनकी प्राथमिकता के सिद्धांतों को अधिकथित करना सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिये ऐसी योजनाएं, जिसमें समस्त वार्षिक योजनाएं सम्मिलित हैं। कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं को ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वयन किया जाएगा।

**लघु वनोपज संग्राहकों के लिये तैयार होंगे हाट बाजार**

बैठक में बताया गया कि लघु वनोपज के उत्पाद के लिये स्वयंसेवी संस्था के सहयोग की आवश्यकता है। संग्राहकों को हाट बाजार तैयार करने के लिए सहयोग कर रहे हैं। जीपीडीपी प्लान बनाया जा रहा है। लघु वनोपज की उपलब्धता कम हो रही है। तेन्दूपत्ता नीति में संशोधन किया जायेगा। आंवला का उत्पादन कम हुआ है, इसके लिये समुदाय को जोड़ना होगा। ग्राम के 300 लोगों का समूह बनाया जाए। प्रधानमंत्री वन-धन योजना संचालित है। योजना का उद्देश्य वन क्षेत्र का विकास करना है।

मध्यप्रदेश में तीन चार ग्राम का क्लस्टर बनेगा। इसमें वनवासी कल्याण परिषद भी सहयोग करेगी। ग्राम सभा में उपस्थिति को बढ़ाया जायेगा। इसमें वन विभाग भागीदारी नहीं निभायेगा तब तक कुछ नहीं हो सकता।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*




ब्रिटेन की महारानी के

## जन्मदिन पर जारी होगा विशेष सिक्का

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के जन्मदिन पर



शाही टकसाल (मिंट) पांच पाउंड का विशेष सिक्का जारी करेगा। 21 अप्रैल को महारानी एलिजाबेथ 95 साल की होने जा रही हैं। पांच पाउंड का सिक्का आमतौर पर शाही आयोजनों के लिये आरक्षित होता है। ब्रिटेन में 2021 में उपन्यासकार वॉल्टर स्कॉट के जन्मदिन पर भी सिक्का जारी होगा।

नैंसी पेलोसी

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की फिर अध्यक्ष बनीं

डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता नैंसी पेलोसी चौथी बार



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष बन गई हैं। इस पद के लिये हुये कड़े मुकाबले में 80 वर्षीय नैंसी को 216 और रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी केविन मैक्कार्थी को 209 वोट मिले। सदन में कुल 427 वोट डाले गये। दो अन्य दावेदारों सीनेटर टैमी डकवर्थ, सांसद हक्रीम जेफरीस को एक-एक वोट मिला।

द रिंग ऑफ प्रॉस्पेरिटी

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल

सबसे ज्यादा हीरे वाली 'द रिंग ऑफ प्रॉस्पेरिटी' अंगूठी



को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। इस अंगूठी में करीब 12,638 छोटे-बड़े हीरे जड़े हैं। इसका वजन 165 ग्राम से थोड़ा ज्यादा है। हर्षित बंसल ने इसकी डिजाइन तैयार की है। इन्होंने इस अंगूठी को 'मैरीगोल्ड - द रिंग ऑफ प्रॉस्पेरिटी' नाम दिया है।

जर्मनी में

## फेस्टल हॉल में एक दिन में चार हजार लोगों को लगेगी वैक्सीन

जर्मनी के फेस्टल हॉल में कोरोना संक्रमण की नई लहर



से बचने की तैयारियां कर ली गई हैं। इस स्टेडियम हॉल में एक दिन में 4 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने की तैयारियां चल रही हैं। यहां बैठने के लिये जगह से लेकर वैक्सीन लगवाने के लिये बॉक्स तक की सुविधा बनाई गई है। फेस्टल हॉल के 100 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब इसका इस्तेमाल बड़े स्तर के मेडिकल ऑपरेशन के लिये होगा।

आलोक शर्मा ने

## ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री पद से दिया इस्तीफा

ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री आलोक शर्मा ने अपने पद से



इस्तीफा दे दिया है। आलोक अब जलवायु परिवर्तन के काम के लिये पूरी सेवाएं देंगे। उन्हें संयुक्त राष्ट्र के कॉप-26 जलवायु परिवर्तन समिट का चेयरमैन बनाया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से आग्रह किया था कि वे दोनों में से किसी एक पद पर ही कार्य कर सकते हैं।

रॉब लीदर्न

## फेसबुक के विज्ञापन प्रमुख ने छोड़ा पद

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के एडवर्टाइजिंग इंटीग्रिटी प्रमुख रॉब लीदर्न ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। रॉब प्रोडक्ट मैनेजमेंट के प्रमुख थे। उनके कार्यकाल के दौरान फेसबुक पर राजनीतिक और कोरोना वायरस पर गलत सूचनायें देने का आरोप लगा था। लीदर्न ने कहा कि वह सिर्फ विज्ञापन और सोशल मीडिया की बजाय उपभोक्ताओं की निजता पर काम करने के लिये कंपनी छोड़ रहे हैं।

कश्मीर में

## दस इंच बर्फबारी से यातायात ठप्प

श्रीनगर में हुई बर्फबारी के कारण जवाहर टनल बर्फ से लद



गयी। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास (टनल तक) तकरीबन 10 इंच की बर्फबारी हुई। इसकी वजह से यातायात ठप्प पड़ गया। लिहाजा घाटी का देश के अन्य हिस्सों से सड़क और हवाई मार्ग से संपर्क कट गया, जबकि पहलगाम में पांच से छह इंच तक बर्फबारी की पुष्टि हुई है।

रामकुमार सारंगपाणि

## प्रवासी भारतीय ने बनाया सबसे बड़ा ग्रीटिंग कार्ड

एनआरआई रामकुमार सारंगपाणि ने सबसे बड़े 'पॉप



अप ग्रीटिंग्स कार्ड' का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रामकुमार के कार्ड में यूएई के उप-राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतौम के चित्रों का एक कोलाज है। इस कार्ड का सरफेस एरिया 8.20 वर्गमीटर है। पहले यह रिकॉर्ड 6.729 वर्गमीटर क्लोज्ड सरफेस का था।

अलास्का

## समुद्र तट पर मिला पेड़ की जड़ जैसा जीव

अमेरिका में अलास्का के प्रिंस ऑफ वेल्स द्वीप के समुद्री




तट पर ऐसा समुद्री जीव मिला है जो किसी पेड़ या पौधे की जड़ जैसा दिखता है। साराह नाम की महिला ने सबसे पहले इस समुद्री जीव को देखा। जिस तरह जमीन के अंदर पेड़ की जड़ें फैली होती हैं ठीक वैसे ही इसके पतले मुलायम अंग हैं। साराह ने उसे बिना नुकसान पहुंचाये समुद्र में वापस छोड़ दिया।

बीवर प्रजाति

## अमेरिकन केनेल क्लब ने नयी नस्ल को दी मान्यता

अमेरिकन केनेल क्लब ने 'बीवर' प्रजाति के कुत्तों को



197वीं नस्ल के रूप में मान्यता दी है। अब यह जून में होने वाली सबसे प्रतिष्ठित वेस्ट मिंस्टर केनेल क्लब शो सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। अपने घने लंबे बालों और लंबी मूंछों के लिये प्रसिद्ध इस डॉग को एक जर्मन युगल ने दुर्लभ सफेद चिन्हों वाले छोटे कुत्ते की नस्ल से तैयार किया है।

देवांग सुविल

## ड्रोन के जरिये समुद्र में फंसे मछुआरों को खोजा

केरल के 19 वर्षीय एक इंजीनियरिंग के छात्र देवांग सुविल कुमार ने ड्रोन का इस्तेमाल कर 4 मछुआरों की जान बचायी। दरअसल समुद्र में मछली पकड़ने के लिये निकले 4 मछुआरे तेज ज्वार के बीच फंस गये थे। बीटेक के छात्र



देवांग ने ड्रोन की मदद से समुद्र तट से करीब 15 किलोमीटर दूर नाव की लोकेशन ढूंढ़ ली। रेस्क्यू टीम ने लोकेशन के आधार पर इन सभी मछुआरों को ढूंढ़ निकाला।

वेंकट रमन पटनायक ने

## सात वर्ष की उम्र में पास की एमटीए परीक्षा

ओडिशा के बलांगीर जिले के वेंकट रमन पटनायक ने



माइक्रोसॉफ्ट प्रौद्योगिकी एसोसिएट (एमटीए) परीक्षा पास कर ली है। तीसरी कक्षा में पढ़ रहे 7 साल के वेंकट को वंडर किड कहा जा रहा है। उसने जावा, जावा स्क्रिप्ट, पायथन, एचटीएमएल, सीएसएस और डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन फंडामेंटल्स में प्रोग्रामिंग का एमटीए क्लियर किया है।

रेलवे मालगाड़ी में

## पहली बार पायलट से लेकर गार्ड तक महिलाएं

भारतीय रेलवे के इतिहास में महिलाओं ने नया रिकॉर्ड



कायम किया है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में वसई रोड स्टेशन से माल लेकर गुजरात के बड़ोदरा पहुंची गाड़ी में पायलट से लेकर गार्ड तक सभी महिलाएं थीं। इसकी लोको पायलट कुमकुम एस. डोंगरे (34), सहायक लोको पायलट उदिता वर्मा (28) और गुड्स गार्ड आकांक्षा रे (29) थीं। 43 वंद वैगनों में 3,686 टन का माल लेकर दोपहर 11:30 बजे निकली यह गाड़ी 6 घंटे बाद निश्चित समय पर बड़ोदरा पहुंची।

उड़ान सेवा के अंतर्गत

## कलबुर्गी से तिरुपति की सीधी हवाई सेवा का शुभारंभ

भारत में क्षेत्रीय स्तर पर हवाई संपर्क को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुये स्टार एयर ने कर्नाटक के कलबुर्गी से आंध्रप्रदेश के तिरुपति के बीच दैनिक हवाई उड़ान सेवा शुरू की है। यह सेवा भारत सरकार की योजना आरसीएस-उड़ान (क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक) के तहत शुरू की गई है। कलबुर्गी से लेकर तिरुपति के बीच सीधी उड़ान सेवा की मांग भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण को लगातार मिलती रही है। अब लोगों के पास हवाई यात्रा का विकल्प उपलब्ध होगा और लोग इस लंबी यात्रा को 70 मिनट में पूरा कर सकते हैं।

नीरज अंतानी

## ओहियो के सीनेटर बने

भारतवंशी नीरज अंतानी ने अमेरिका में ओहियो के



सीनेटर के रूप में शपथ ग्रहण कर ली है। इसके साथ ही वह इस अमेरिकी राज्य के पहले भारतीय-अमेरिकी सीनेटर बने गये हैं। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि अपने ही राज्य का प्रतिनिधित्व करना बहुत खुशी की बात है।

चांग यू-ते ने

## एक बड़े बुलबुले के अंदर 783 बुलबुले फुलाने का बनाया गिनीज रिकॉर्ड

ताइवान के चांग यू-ते ने एक बड़े बुलबुले के अंदर



783 बुलबुले फुलाकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया है। गिनीज बुक ने चांग का वीडियो शेयर किया है। इससे पहले साबुन के एक बुलबुले को अधिकतम बार बाउंस करने (उछालने) का रिकॉर्ड बना चुके चांग ने यह नया रिकॉर्ड 2020 में बनाया है। जिसे अब गिनीज बुक में दर्ज किया गया है।

खादी और ग्रामोद्योग का

## गाय के गोबर से बना पेंट लॉन्च

एमएसएमई मंत्री श्री नितिन गडकरी ने खादी प्राकृतिक





पेंट लॉन्च किया। गाय के गोबर से बना यह पेंट नॉन टॉक्सिक के अलावा एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और वॉशेबल भी है। इसकी बिक्री खादी और ग्रामोद्योग आयोग की मदद से की जायेगी। आयोग का दावा है कि इस प्राकृतिक उत्पाद में गोबर की गंध नहीं रहेगी। वहीं इस पेंट को भारतीय मानक ब्यूरो ने प्रमाणित भी किया है।

# स्मृति शेष

## दुनिया के सबसे उम्रदराज प्रथम श्रेणी क्रिकेटर बर्गेस का निधन

दुनिया के सबसे उम्रदराज प्रथम श्रेणी क्रिकेटर



न्यूजीलैंड के एलन बर्गेस का 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1940-41, 1951-52 के बीच 14 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे और 466 रन बनाने के अलावा 16 विकेट लिये थे।

## इंग्लैंड के मशहूर सिंगर गेरी मार्सडन का निधन

इंग्लैंड के मशहूर सिंगर गेरी मार्सडन का 78



वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। गेरी को लिवरपूल फुटबॉल क्लब के एंथम 'यू विल नेवर वॉक एलोन' के लिये जाना जाता है। उनका बैंड 'गेरी एंड द पेसमेकर्स' मशहूर बैंड रहा है।

## मशहूर टेनिस कोच बॉब ब्रेट का निधन


बोरिस बेकर, गोरान इवानिसेविच और मारिन



सिलिच जैसे ग्रैंडस्लैम विजेताओं के कोच रहे बॉब ब्रेट का 67 वर्ष के उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर की वजह से बीमार थे। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी क्रेग टिले ने कहा कि बॉब बेजोड़ कोच थे। उन्होंने ग्रैंडस्लैम चैंपियन से लेकर इस खेल में शुरुआत करने वाले खिलाड़ी सभी को सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बॉब को नवम्बर 2020 में एटीपी का टिम गुलिक्सन कॅरियर कोच का पुरस्कार मिला था।

## प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर सत्या पॉल का निधन

साड़ी के नये-नये रूप को परिचित कराने वाले



प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर सत्या पॉल का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे। सत्या पॉल ने 70 के दशक में आध्यात्मिक यात्रा शुरू की थी। उन्होंने जीवन-दर्शन पर भी लेख और व्याख्यान दिये। उन्हें भारतीय नारी वेशभूषा को अलग और नये परिवेश के हिसाब से प्रस्तुत करने के लिये जाना जाता है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

**आप जिस क्षेत्र में उतरना चाह रहे हैं, आपके पास उस काम की पूरी जानकारी होनी चाहिये - स्टीव जॉब्स**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड खुरई, जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581) 240050, E-mail - eephedkhurai@gmail.com

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल (**http://www.mptenders.gov.in**) पर खुरई जिला सागर के विकासखण्ड राहतगढ़, जैसीनगर, खुरई, बीना एवं मालथौन के स्कूल एवं आंगनवाड़ी में विभिन्न कार्यों हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| स. क. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 257/08.01.21 | 2021_PHED_123162_1 | खुरई | Drinking Water Arrangement In 40 Anganwadi including all allied works in verious Villages of Block Khurai. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 2. | 258/08.01.21 | 2021_PHED_123163_1 | बीना | Drinking Water Arrangement In 40 Anganwadi including all allied works in verious Villages of Block Bina. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 3. | 259/08.01.21 | 2021_PHED_123164_1 | मालथौन | Drinking Water Arrangement In 40 Anganwadi including all allied works in verious Villages of Block Malthone. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 4. | 260/08.01.21 | 2021_PHED_123165_1 | राहतगढ़ | Drinking Water Arrangement In 40 Anganwadi including all allied works in verious Villages of Block Rahatgarh. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 5. | 261/08.01.21 | 2021_PHED_123166_1 | जैसीनगर | Drinking Water Arrangement In 40 Anganwadi including all allied works in verious Villages of Block Jaisinagar. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 6. | 262/08.01.21 | 2021_PHED_123167_1 | खुरई | Drinking Water Arrangement In 40 Schools including all allied works in verious Villages of Block Khurai. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 7. | 263/08.01.21 | 2021_PHED_123168_1 | बीना | Drinking Water Arrangement In 40 Schools including all allied works in verious Villages of Block Bina. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 8. | 264/08.01.21 | 2021_PHED_123169_1 | मालथौन | Drinking Water Arrangement In 40 Schools including all allied works in verious Villages of Block Malthone. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 9. | 265/08.01.21 | 2021_PHED_123170_1 | राहतगढ़ | Drinking Water Arrangement In 40 Schools including all allied works in verious Villages of Block Rahatgarh. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 10. | 266/08.01.21 | 2021_PHED_123171_1 | जैसीनगर | Drinking Water Arrangement In 40 Schools including all allied works in verious Villages of Block Jaisinagar. | 44.40 | 50000/- | 5000/- | एक माह वर्षाऋतु सहित |

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि : 18.01.2021 Upto 17.30**

ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 18.01.2021 Upto 17.30

ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 20.01.2021

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर ऑफलाइन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

**सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, खुरई जिला सागर (म.प्र.)**

**जी-17639/45023/2021**

## कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें ग्वालियर (म.प्र.)

**क्रमांक/एनएचएम/2020-21/381** ग्वालियर, दिनांक : 07.01.2021

### विज्ञप्ति

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2020-21 में टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत संभागीय कोल्ड चेन टेक्निशियन (Refrigerator Mechanic) के 01 रिक्त पद को दिनांक 31.03.2021 तक संविदा आधार पर मासिक मानदेय 15000/- पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **अनिवार्य अर्हतायें :** शैक्षणिक योग्यता (हायर सेकेण्ड्री 10+2 विज्ञान) से उत्तीर्ण के साथ आई.टी.आई. से दो वर्षीय प्रशीतन एवं वातानुकूलन (रेफ्रीजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग) का प्रमाण पत्र अथवा प्रशीतन एवं वातानुकुलन एवं एयर कंडीशनिंग में डिप्लोमा संबंधित क्षेत्र में 03 वर्ष का कार्यानुभव। आवेदक निम्नानुसार विवरण के साथ सादा कागज अथवा टाइप द्वारा **आवेदन दिनांक 20.01.2021 तक** कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें ग्वालियर संभाग ग्वालियर के नाम से डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। 1. अभ्यर्थी का नाम 2. पिता/पति का नाम 3. जन्म दिनांक 4. नवीन फोटो 5. निवास का पूर्ण पता 6. आयु 21-40 वर्ष अधिकतम आयुसीमा में (अनुसूचित जनजाति, अनुसुचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्तजन, महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) के लिये अधिकतम आयु सीमा 5 वर्ष की छूट) (आयु सीमा की गणना 01.01.2021 से की जावेगी) 7. रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन 8. मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र 9. कार्यानुभव का विवरण। क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें ग्वालियर संभाग, ग्वालियर को किसी भी आवेदन को बिना कारण बताये स्वीकृत/निरस्त करने अथवा चयन प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें सिटी सेंटर, ग्वालियर संभाग ग्वालियर से प्राप्त की जा सकती है।

**जी-17738/45044/2021** **क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें, ग्वालियर (म.प्र.)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, शाजापुर ओल्ड कलेक्टर रोड, कमला भवन, जिला शाजापुर

दूरभाष कार्या. : (07364) 228862, मो.नं. : 9165607999, ई-मेल : eephedshj@nic.in

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 42 to 57/2020-21/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./2021** शाजापुर, दि : 08.01.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा टेण्डर अपेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

| ऑनलाइन निविदा क्रमांक | निविदा विज्ञप्ति क्रमांक | अनुमानित लागत रु. लाखों में | अमानत राशि रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| शाजापुर जिले के विकासखण्ड शाजापुर एवं मोण्वडोदिया में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूल एवं आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था कार्य। | | | | |
| 122836 | 42 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122851 | 43 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122859 | 44 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122868 | 45 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122872 | 46 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122888 | 47 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122895 | 48 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122903 | 49 | 100.40 | 100400/- | 12500/- |
| 122907 | 50 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| 122919 | 51 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| 122934 | 52 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| 122942 | 53 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| 122956 | 54 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| 122973 | 55 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| 123000 | 56 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| 123010 | 57 | 104.60 | 104600/- | 12500/- |
| | | **1640.00 (रु. सोलह करोड़ चालीस लाख)** | **1640000/- (शब्दों में रु. सोलह लाख चालीस हजार)** | **200000/- (शब्दों में रु. दो लाख)** |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन क्रय करने की **अन्तिम तिथि 23.01.2021 सायं 5.30 बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, शाजापुर**

**जी-17643/45024/2021**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

**नि.सू.क्र./103-105/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2021** डिण्डोरी, दिनांक : 06.01.2021

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाइन डिजिटल मुहरबंद (**Digitaly Scaled**) डिण्डौरी जिले के अंतर्गत **Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under J.J.M.** हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन **https://www.mptenders.gov.in** वेबसाइट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेबसाइट से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। जिसके मुल्य का भुगतान केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा प्रपत्र **दिनांक 07.01.2021 से प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 21.01.2021 सायं 17.30 बजे तक** ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। जिसका पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर ही देखी जा सकती है।

**विवरण** - Work of Water Supply Arrangement in Rular Goverment Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 23 Villages 84 no. in Govt Institue. Block Amarpur Distt. Dindori.

| स. क. | ई-निविदा क. | नि.सु. क. | वि.खं. | अनु. लागत (PAC) (रु. लाख में) | धरोहर राशि (PAC) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2020_PHED_120593_1 | 103 | अमरपुर | 197.64 | 197640/- | 12500/- | प्रथम आमंत्रण |

**विवरण** - Work of Water Supply Arrangement in Rular Goverment Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 20 Villages in 89 nos Govt Institue. Block Samnapur Distt. Dindori.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | 2020_PHED_120594_1 | 104 | समनापुर | 137.89 | 137890/- | 12500/- | प्रथम आमंत्रण |

**विवरण** - Quality effected village Piped Water Supply Scheme single phase based pipe water supply scheme with 1 x 5 kl hdpe tank on 5 m. high ms (G.I.) at Village Umardha, Jata Mal, Dhangaon and Barkhoh Block Dindori, Distt. Dindori.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | 2020_PHED_120595_1 | 105 | डिण्डौरी | 87.467 | 87467/- | 10000/- | प्रथम आमंत्रण |

**सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन**

**जी-17633/45022/2021** **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)**

**जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।**

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

## सामान्य ज्ञान-खेल

**1. वूमेन टेनिस एसोसिएशन का मुख्यालय किस देश में स्थित है?**
(अ) अमेरिका
(ब) ब्रिटेन
(स) जिम्बाब्वे
(द) इनमें से कोई नहीं

**2. आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप 2016 में मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे?**
(अ) क्रिस गेल
(ब) राशिद खान
(स) बेन स्टोक्स
(द) विराट कोहली

**3. रोमेलू लुकाकु फुटबॉल में किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) आइवरी कोस्ट
(ब) बेल्जियम
(स) रोमानिया
(द) अर्जेंटीना

**4. वर्ष 2021 में वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की जायेगी?**
(अ) स्पेन (ब) जापान
(स) डेनमार्क (द) इंडोनेशिया

**5. अर्जेंटीना इनमें से किस देश के साथ मिलकर इस वर्ष कोपा अमेरिका कप की मेजबानी कर रहा है?**
(अ) मैक्सिको (ब) वेनेजुएला
(स) कोलंबिया (द) बोलिविया

**6. बीजिंग ओलिंपिक-2008 में टेनिस में पुरुष एकल वर्ग का स्वर्ण पदक किस खिलाड़ी ने जीता है?**
(अ) रोजर फेडरर (ब) एंडी मरे
(स) मेट पेविक (द) राफेल नडाल

**7. इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट क्रिकेट से संबंधित नहीं है?**
(अ) रणजी ट्रॉफी (ब) देवधर ट्रॉफी
(स) संतोष ट्रॉफी (द) दलीप ट्रॉफी

**8. बर्डी टर्म इनमें से किस खेल से संबंधित है?**
(अ) कबड्डी (ब) गोल्फ
(स) बैडमिंटन (द) टेबल टेनिस

**9. एशियन क्रिकेट काउंसिल की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**
(अ) वर्ष 1950 (ब) वर्ष 1972
(स) वर्ष 1975 (द) वर्ष 1983

**10. वर्ष 2020 में ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) ताई जू यिंग
(ब) चेन यूफेई
(स) नोजोमी ओकुहारा
(द) सयाका हिरोटा

**11. वर्ष 2010 में फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था?**
(अ) इंग्लैंड
(ब) दक्षिण अफ्रीका
(स) अमेरिका
(द) दक्षिण कोरिया

**12. सबेस्टियन वेटल ने कितनी बार फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) चार बार

**13. भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वर्तमान कोच हैं?**
(अ) वेंकटेश प्रसाद (ब) लाल चंद राजपूत
(स) डब्ल्यू वी रमन
(द) इनमें से कोई नहीं

**14. इनमें से किस भारतीय पहलवान ने वर्ष 2018 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) बजरंग पूनिया
(ब) सुशील कुमार
(स) योगेश्वर दत्त
(द) नरसिंह यादव

**15. वर्ष 2019 में सिनसिनाटी मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के विजेता बने थे?**
(अ) रोजर फेडरर
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) डेनिल मेदवेदेव
(द) मिलोस राउनिक

**16. वर्ष 2018 में होपमैन कप का खिताब किस देश ने जीता था?**
(अ) स्विट्जरलैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) अमेरिका (द) क्रोएशिया

**17. चिराग शेट्टी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) निशानेबाजी (ब) बैडमिंटन
(स) वाटर पोलो (द) टेबल टेनिस

**18. वर्ष 2014 में एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था?**
(अ) भारत (ब) मलेशिया
(स) नीदरलैंड्स (द) बेल्जियम

**19. वीडियो असिस्टेंट रेफरी तकनीक का उपयोग किस खेल में होता है?**
(अ) क्रिकेट (ब) एथलेटिक्स
(स) तैराकी (द) फुटबॉल

**20. इंटरनेशनल पैरालिंपिक कमेटी का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?**
(अ) मॉस्को (रूस)
(ब) बॉन (जर्मनी)
(स) टोरंटो (कनाडा)
(द) विएना (ऑस्ट्रिया)

**21. कॉमनवेल्थ गेम्स-2018 में भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता हैं?**
(अ) एंडरसन पीटर्स
(ब) हैमिश पीकॉक
(स) टॉम वॉल्श
(द) नीरज चोपड़ा

**22. वर्ष 2017 में किस भारतीय खिलाड़ी ने डेनमार्क ओपन टूर्नामेंट जीता था?**
(अ) किदांबी श्रीकांत
(ब) पारुपल्ली कश्यप
(स) समीर वर्मा
(द) एच एस प्रणय

**23. प्लेइंग इट माई वे नामक पुस्तक किस खिलाड़ी की आत्मकथा है?**
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) कपिल देव
(स) सचिन तेंदुलकर
(द) वीरेन्द्र सहवाग

**24. सेरेना विलियम्स ने अब तक कितने ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीते हैं?**
(अ) 20 (ब) 23
(स) 24 (द) 26

**25. टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?**
(अ) कॉलिन मुनरो
(ब) ए बी डिविलियर्स
(स) युवराज सिंह
(द) क्रिस गेल

### उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (ब), 4. (अ), 5. (स), 6. (द), 7. (स), 8. (ब), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (द), 13. (स), 14. (अ), 15. (स), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (द), 20. (ब), 21. (द), 22. (अ), 23. (स), 24.(ब), 25.(स)

**- पुष्पेंद्र कुमार सविता**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास विभाग) जिला बड़वानी (म.प्र.)

**क्रमांक/169/आदिम/निर्माण/ITDP-275(1)/2020-21** **बड़वानी, दिनांक 07.01.2021**

### आदेश

बड़वानी जिले में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित निम्नांकित विभागीय संस्थाओं में उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्माण कार्य हेतु मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में नवीन व्यवस्था अंतर्गत "स" श्रेणी या उससे ऊपर पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) भोपाल द्वारा जारी भवन कार्य की दर अनुसूची जो कि दिनांक 01.08.2014 से लागु तथा निविदा जारी होने के दिनांक तक जारी संशोधनों के साथ एतद् द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से "प्रपत्र-अ" में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मध्यप्रदेश शासन की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अन्य तिथियां उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | ग्रुप | विकास-खण्ड | स्थान जहाँ कार्य कराया जाना है | अनु. लागत (लाख में) | प्रतिभूति की राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2020_TAD_122625 | Group-A | ठीकरी | शा. आदिवासी बालक उत्कृष्ट छात्रावास ठीकरी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | 35200/- | 5000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 2. | | | ठीकरी | शा. उ.मा.वि. बरुफाटक में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | | | | |
| 3. | | | ठीकरी | शा. उ.मा.वि. बरुफाटक में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| 4. | | | ठीकरी | शा. उ.मा.वि. हरिबड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **35.20** | | | | |
| 5. | 2020_TAD_122626 | Group-B | ठीकरी | शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास मण्डवाड़ा में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | 44000/- | 5000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 6. | | | ठीकरी | शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास मण्डवाड़ा में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| 7. | | | ठीकरी | शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास अंजड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | | | | |
| 8. | | | ठीकरी | शा. कन्या उ.मा.वि. अंजड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | | | | |
| 9. | | | ठीकरी | शा. कन्या उ.मा.वि. अंजड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **44.00** | | | | |
| 10. | 2020_TAD_122627 | Group-C | बड़वानी | शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास मेणीमाता में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | 35200/- | 2000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 11. | | | बड़वानी | शा. आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास तलवाडाबुजुर्ग में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **17.60** | | | | |
| 12. | 2020_TAD_122628 | Group-D | बड़वानी | शा. उ.मा.वि. भक्ती में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | 35200/- | 5000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 13. | | | बड़वानी | शा. उ.मा.वि. भक्ती में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| 14. | | | बड़वानी | शा. कन्या हाईस्कूल बड़वानी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | | | | |
| 15. | | | बड़वानी | शा. कन्या हाईस्कूल बड़वानी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **35.20** | | | | |
| 16. | 2020_TAD_122629 | Group-E | पानसेमल | शा. कन्या उ.मा.वि. निवाली में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | 35200/- | 2000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 17. | | | पानसेमल | शा. कन्या उ.मा.वि. खेतिया में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **17.60** | | | | |
| 18. | 2020_TAD_122630 | Group-F | पाटी | शा. आदिवासी कन्या आश्रम डोंगरगांव में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | 35200/- | 2000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 19. | | | पाटी | शा. आदिवासी बालक उत्कृष्ट छात्रावास पाटी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **17.60** | | | | |
| 20. | 2020_TAD_122631 | Group-G | राजपुर | शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास ओझर में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | 35200/- | 2000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 21. | | | राजपुर | शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास नागलवाड़ी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **17.60** | | | | |
| 22. | 2020_TAD_122632 | Group-H | सेंधवा | शा. उ.मा.वि. बरला में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | 35200/- | 5000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 23. | | | सेंधवा | शा. उ.मा.वि. बरला में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| 24. | | | सेंधवा | शा. उ.मा.वि. चाचरियापाटी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | | | | |
| 25. | | | सेंधवा | शा. उ.मा.वि. चाचरियापाटी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **35.20** | | | | |
| 26. | 2020_TAD_122633 | Group-I | सेंधवा | शा. बालक उत्कृष्ट विद्यालय सेंधवा में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 1 | 8.80 | 35200/- | 2000/- | उपयुक्त | 04 Month |
| 27. | | | सेंधवा | शा. बालक उत्कृष्ट विद्यालय सेंधवा में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण। पार्ट - 2 | 8.80 | | | | |
| | | | **योग** | | **17.60** | | | | |

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की **अंतिम तिथि दिनांक 25.01.2021 को सायं 5.30 बजे तक** नियत की गई है।
(कलेक्टर जिला बड़वानी द्वारा अनुमोदित)

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास, बड़वानी**

**जी-17701/45041/2021**

# प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

## सामान्य - गणित

**प्र. 1. सात करोड़ इकसठ लाख निन्यानवे हजार एक सौ आठ को अंकों में किस प्रकार लिखा जाना उचित होगा?**
(a) 761991008
(b) 76199108
(c) 76159108
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - **(b) 76199108**

**प्र. 2. 3131 में 3 के स्थानीय मानों का योगफल होगा?**
(a) 3030 (b) 6
(c) 330 (d) 3330
उत्तर - **(a) 3030**
हल - 3131 में 3 का स्थानीय मान -
$3 \times 10 = 30$
$3 \times 1000 = 3000$
$\therefore$ 3 के स्थानीय मानों का योगफल
$= 30 + 3000$
$= 3030$

**प्र. 3. 12343 में 2 एवं 4 के स्थानीय मानों का गुणनफल होगा?**
(a) 800 (b) 8000
(c) 80000 (d) 800000
उत्तर - **(c) 80000**
हल - 2 का स्थानीय मान
$= 2 \times 1000 = 2000$
4 का स्थानीय मान
$= 4 \times 10 = 40$
गुणनफल $= 2000 \times 40$
$= 80000$

**प्र. 4. 3 अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या कौन सी होगी?**
(a) 800 (b) 900
(c) 990 (d) 999
उत्तर - **(d) 999**

**प्र. 5. 99 का पूर्ववर्ती अंक क्या होगा?**
(a) 97 (b) 100
(c) 98 (d) 101
उत्तर - **(c) 98**
हल - 99 का पूर्ववर्ती = 99 - 1 = 98

**प्र. 6. 109999 की परिवर्ती संख्या कौन सी होगी?**
(a) 109998
(b) 110000
(c) 100000
(d) 101000
उत्तर - **(b) 110000**
हल - **109999 की परिवर्ती**
= 109999
+ 1
110000

**प्र. 7. संख्या 123456 में 4 के स्थानीय मान व अंकित मान का योग कितना होगा?**
(a) 404 (b) 44
(c) 440 (d) 444
उत्तर - **(a) 404**
हल - 4 का अंकित मान = 4
4 का स्थानीय मान $= 4 \times 100$
400
योग = 4 + 400 = 404

**प्र. 8. 1 से 25 तक की विषम संख्याओं का योगफल क्या होगा?**
(a) 144 (b) 225
(c) 169 (d) 289
उत्तर - **(c) 169**
हल - 1 से 25 तक की विषम संख्याओं
का योग $= \left(\frac{n+1}{2}\right)^2$
$\because n = 25$
$\therefore \left(\frac{25+1}{2}\right)^2 = \left(\frac{26}{2}\right)^2$
$= (13)^2 = 169$

**प्र. 9. सर्वसमिका $(a-b)^2$ का पूर्ण रूप क्या होगा?**
(a) $a^2 + b^2 + 2ab$
(b) $a^2 - b^2 - 2ab$
(c) $a^2 - b^2 - 2ab$
(d) $a^2 + b^2 - 2ab$
उत्तर - **(d) $a^2 + b^2 - 2ab$**

**प्र. 10. एक कक्षा में कुल 70 विद्यार्थी हैं। इनमें से 35 विद्यार्थी बालक हैं। कुल कितने विद्यार्थी बालिकायें होंगी?**
(a) 25 (b) 35
(c) 45 (d) 15
उत्तर - **(b) 35**
हल - बालिकायें = कुल विद्यार्थी - बालक
= 70 - 35
= 35 बालिकायें

**प्र. 11. $25 \times 25$ में से क्या घटाया जाये कि 600 प्राप्त हो जावे?**
(a) 25 (b) 35
(c) 125 (d) 15
उत्तर - **(a) 25**
हल - $\because 25 \times 25 = 625$
$\therefore 625 - 600 = 25$
अतः 25 घटाने पर 600 प्राप्त होगा।

**प्र. 12. 178 व 278 व 378 को किस एक संख्या से गुणा किया जाये कि सभी का गुणनफल बराबर हो जावे?**
(a) 7 (b) 3
(c) 2 (d) 0
उत्तर - **(d) 0**
हल - 0 से किसी भी संख्या का गुणनफल सदैव 0 ही होगा।

**प्र. 13. 0.87-0.48 का सही परिणाम क्या होगा?**
(a) 0.29 (b) 0.39
(c) 0.49 (d) 0.59
उत्तर - **(b) 0.39**

**प्र. 14. 1 फुट में कितने इंच होते हैं?**
(a) 11 (b) 13
(c) 12 (d) 10
उत्तर - **(c) 12**

**प्र. 15. अगर 20 व्यक्ति किसी कार्य को 40 दिन में समाप्त कर सकते हैं। तो 10 व्यक्ति उस कार्य को कितने दिनों में समाप्त करेंगे?**
(a) 40 दिन में
(b) 10 दिन में
(c) 60 दिन में
(d) 80 दिन में
उत्तर - **(d) 80 दिन में**

**प्र. 16. एक दीवार की लं. 10m व चौड़ाई 5m हैं। उस दीवार का क्षेत्रफल कितना होगा?**
(a) $50m^2$ (b) 50m
(c) 500m (d) $500m^2$
उत्तर - **(a) $50m^2$**
हल - दीवार की लं. = 10m
चौ = 5m
क्षेत्रफल = लं. $\times$ चौ.
$= 10m \times 5m = 50m^2$

**प्र. 17. यदि दो स्थानों A तथा B के बीच की दूरी 240 km है। एक व्यक्ति 60km/hr की चाल से इस दूरी को कितने समय में पूरी कर लेगा?**
(a) 4 घण्टे में
(b) 5 घण्टे में
(c) 6 घण्टे में
(d) 3 घण्टे में
उत्तर - **(a) 4 घण्टे में**
हल - $\because$ चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$
$\therefore$ समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$
$= \frac{240}{60}$
= 4 घण्टे में

**प्र. 18. एक विद्यार्थी परीक्षा देने परीक्षा केन्द्र के लिये सुबह 10 बजे निकलता है व 4 बजे वापस आ जाता है। यदि आने जाने में कुल 1 घण्टे लगते हैं तो परीक्षा की समयावधि क्या थी?**
(a) 4H
(b) 6H
(c) 5H
(d) 7H
उत्तर - **(c) 5H**
हल - विद्यार्थी को लगा कुल समय
= 10 से 4 बजे तक
= 6H
परीक्षा की समयावधि =
कुल लगा समय - आने जाने में लगा समय
= 6H - 1H
= 5H


**प्र. 19. यदि राहुल दिनभर में 10 गिलास पानी पीता है। बतायें कि राहुल 60 दिन में कुल कितने लीटर पानी पी जायेगा यदि 1 गिलास में 300 मि.ली. पानी आता है?**
(a) 120 ली.
(b) 180 ली.
(c) 90 ली.
(d) 100 ली.
उत्तर - **(b) 180 ली.**
हल - राहुल द्वारा 1 दिन में पीया गया पानी $= 10 \times 300$
= 3000 ml = 3 Litre
$\therefore$ 60 दिन में पिया गया पानी
$= 3 \text{ Litre} \times 60$
= 180 लीटर

**प्र. 20. श्रेणी 2, 6, 12, 20, $x$ का मान कितना होगा?**
(a) 40 (b) 50
(c) 20 (d) 30
उत्तर - **(d) 30**
हल - $\because$ $1 \times 2 = 2$
$2 \times 3 = 6$
$3 \times 4 = 12$
$4 \times 5 = 20$
$\therefore$ $5 \times 6 = 30$

**प्र. 21. यदि a = 30, b = 20 तो $(a^2 - b^2)$ का मान क्या होगा?**
(a) 300 (b) 400
(c) 500 (d) 200
उत्तर - **(c) 500**
हल - $\because a^2 - b^2 = (a+b)(a-b)$
a = 30, b = 20
$\therefore (30^2 - 20^2) = (30+20)(30 - 20)$
$= (50)(10)$
$= 500$

**प्र. 22. एक समबाहु त्रिभुज के प्रत्येक कोण का मान कितना होगा?**
(a) 60° (b) 90°
(c) 180° (d) 360°
उत्तर - **(a) 60°**

**प्र. 23. पाइथागोरस प्रमेय का उपयोग किस प्रकार के त्रिभुज में किया जाता है?**
(a) समबाहु त्रिभुज में
(b) अधिक कोण त्रिभुज में
(c) समकोण त्रिभुज में
(d) उपरोक्त सभी में
उत्तर - **(c) समकोण त्रिभुज में**

**प्र. 24. एक समकोण त्रिभुज में दो भुजाओं की लम्बाइयाँ क्रमशः 15cm व 20cm हैं। कर्ण की लम्बाई क्या होगी?**
(a) 10 cm (b) 25 cm
(c) 30 cm (d) 22 cm
उत्तर - **(b) 25 cm**
हल -


माना कि एक $\Delta ABC$ है, जिसमें
$\angle B = 90^\circ$
$AC^2 = AB^2 + BC^2$
$x^2 = (15)^2 + (20)^2$
$x^2 = 225 + 400$
$x^2 = 625$
$x = \sqrt{625}$
$x = 25cm$

**प्र. 25. यदि किसी त्रिभुज $xyz$ में, $\angle x = 100^\circ$ व $xy = xz$ तो $\angle y$ व $\angle z$ का मान क्या होगा?**
(a) 30°, 50° (b) 40°, 40°
(c) 60°, 20° (d) 20°, 60°
उत्तर - **(b) 40°, 40°**
हल - $\because xy = xz, \therefore \Delta xyz$
समद्विबाहु त्रिभुज होगा।
$\therefore \angle y = \angle z$
$\because$ त्रिभुज के तीनों कोणों का योग 180° होता है।
$\therefore \angle x + \angle y + \angle z = 180$
$\angle y + \angle z = 180 - \angle x$
$\angle y + \angle y = 180\text{-}100$
$2\angle y = 80^\circ$
$\angle y = 80/2 = 40^\circ$
$\because \angle y = \angle z$
$\because \angle y = \angle z = 40^\circ$

- **सुजय जैन**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हिमाचल प्रदेश से जुड़े प्रश्न

## सामान्य भूगोल

1. **पौंग बांध परियोजना किस नदी पर स्थित है?**
(अ) व्यास नदी (ब) सतलुज नदी
(स) चेनाब नदी (द) सिंधु नदी

2. **भाखड़ा बांध परियोजना किस नदी पर स्थित है?**
(अ) व्यास नदी (ब) सतलुज नदी
(स) सिंधु नदी (द) चेनाब नदी

3. **कौन-सा जिला हिमाचल प्रदेश से संबंधित नहीं है?**
(अ) उना (ब) कुल्लू
(स) चम्बा (द) पिथौरागढ़

4. **हिमाचल प्रदेश के किन जिलों में ठंडे मरुस्थल का विस्तार मिलता है?**
(अ) लाहौल एवं स्पीति
(ब) शिमला
(स) सोलन (द) चम्बा

5. **वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार हिमाचल प्रदेश का लिंगानुपात है-**
(अ) 885 (ब) 900
(स) 972 (द) 1022

6. **चम्बा शहर किस नदी के किनारे बसा हुआ है?**
(अ) रावी नदी (ब) व्यास नदी
(स) चिनाब नदी (द) सिंधु नदी

7. **लावी मेले के लिए कौन-सा प्रदेश प्रसिद्ध है?**
(अ) उत्तरप्रदेश
(ब) हिमाचल प्रदेश
(स) उत्तराखण्ड
(द) मध्यप्रदेश

8. **पिनघाटी राष्ट्रीय उद्यान किस प्रदेश में स्थित है?**
(अ) हिमाचल प्रदेश
(ब) उत्तराखण्ड
(स) पंजाब (द) सिक्किम

9. **हिमाचल प्रदेश का राजकीय वृक्ष है-**
(अ) सागौन (ब) साल
(स) देवदार (द) सेब का वृक्ष

10. **हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा किस वर्ष दिया गया?**
(अ) 1965 (ब) 1971
(स) 1980 (द) 1975

11. **हिमाचल प्रदेश का मुख्य लोक नृत्य है?**
(अ) नाटी (ब) चापसे
(स) मटकी
(द) इनमें से कोई नहीं

12. **खजियार झील किस जिले में आती है?**
(अ) शिमला (ब) कांगड़ा
(स) मंडी (द) चम्बा

13. **निम्न में से किस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की सीमा हिमाचल प्रदेश से स्पर्श नहीं होती है?**
(अ) हरियाणा (ब) लद्दाख
(स) पंजाब (द) चंडीगढ़

14. **निम्न में से कौन-सा नेशनल पार्क हिमाचल प्रदेश में स्थित है?**
(अ) ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क
(ब) पिन वैली नेशनल पार्क
(स) खीरगंगा नेशनल पार्क
(द) उपरोक्त सभी

15. **रेणुका झील हिमाचल प्रदेश के किस जिले में स्थित है?**
(अ) सिरमौर (ब) चम्बा
(स) कांगड़ा (द) बिलासपुर

16. **कौन-सी जनजाति हिमाचल प्रदेश में पायी जाती है?**
(अ) भोटिया (ब) गोंड
(स) संथाल (द) भील

17. **निम्न में से कौन-सा पशु हिमाचल प्रदेश के राजकीय पशु के रूप में जाना जाता है?**
(अ) भैंस (ब) बाघ
(स) बर्फीला तेंदुआ (द) याक

18. **चिनाब नदी किन दो नदियों के मिलने से बनती है?**
(अ) चंद्रा और भागा नदी
(ब) भागीरथी और अलखनन्दा नदी
(स) स्योक और सिंधु नदी
(द) इनमें से कोई नहीं

**(शेष अगले पृष्ठ पर)**

## प्राथमिक शिक्षक परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

# सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान

1. **अमेरिका की पहली सैन्य द्वीपीय जेल जो अब समुद्री पक्षियों की प्रसिद्ध कॉलोनी है?**
अ. फ्लोरिडा ब. अटलांटा
स. बोस्टन द. अल्केट्राज।
2. **इस वर्ष लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार दिया गया है?**
अ. संजय गुप्ता को
ब. विनोद दुआ को
स. रवीश कुमार को
द. गुलाब कोठारी को।
3. **सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों की संख्या है?**
अ. 4 ब. 5
स. 7 द. 10
4. **यूएनडीपी की मानव विकास रैंकिंग में प्रथम स्थान पर कौन-सा देश है?**
अ. फिनलैंड ब. आइसलैंड
स. नॉर्वे द. फ्रांस।
5. **लॉकडाउन के दौरान मई 2020 में प्रवासी श्रमिकों को जूता-चप्पल उपलब्ध कराने हेतु 'चरण पादुका अभियान' चलाया गया था?**
अ. कर्नाटक में
ब. मध्यप्रदेश में
स. तमिलनाडु में
द. इनमें से कोई नहीं।
6. **लोक लेखा समिति के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं?**
अ. गुलाम नबी आजाद
ब. नरेन्द्र सिंह तोमर
स. ओम बिड़ला
द. अधीर रंजन चौधरी।
7. **मध्यप्रदेश के किस जिले में यूरेनियम के भंडार का पता चला है?**
अ. खंडवा में ब. सीधी में
स. उज्जैन में द. अनूपपुर में।
8. **प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में इनमें से क्या आवश्यक नहीं होता है?**
अ. सूर्य का प्रकाश
ब. जल
स. नाइट्रोजन
द. कार्बन डाइऑक्साइड।
9. **विश्व खाद्य दिवस कब मनाया जाता है?**
अ. 16 अक्टूबर ब. 06 नवम्बर
स. 16 नवम्बर द. 06 दिसम्बर।
10. **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का मुख्यालय स्थित है?**
अ. माउंट आबू में
ब. नई दिल्ली में
स. हैदराबाद में
द. कानपुर में।
11. **भारत ने अपाचे नामक लड़ाकू हेलिकॉप्टर किससे खरीदे हैं?**
अ. रूस से ब. अमेरिका से
स. इजराइल से द. फ्रांस से।
12. **वर्तमान में भारत के विदेश सचिव हैं?**
अ. एस. जयशंकर
ब. गोपाल कृष्ण गांधी
स. विजय गोयल
द. हर्षवर्धन श्रृंगला।
13. **किस देश की मदद से मध्यप्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने हेतु जल प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि (मोशाव मॉडल) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है?**
अ. दक्षिण अफ्रीका
ब. इजराइल
स. जर्मनी
द. थाईलैंड।
14. **मध्यप्रदेश के किस सीमावर्ती राज्य ने सर्वाधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने के मामले में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है?**
अ. राजस्थान ने ब. उत्तरप्रदेश ने
स. छत्तीसगढ़ ने द. गुजरात ने।
15. **राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक कहां पर हुई है?**
अ. कानपुर में ब. इलाहाबाद में
स. दरभंगा में द. पटना में।
16. **चुनाव आयोग के नवीन निर्देशानुसार राजनीतिक दल मतदान के कितने घंटे पूर्व तक अपना घोषणा पत्र जारी कर सकते हैं?**
अ. 36 ब. 48
स. 72 द. 96
17. **हड़प्पा काल की अत्यंत उन्नत जल प्रबंध व्यवस्था किस स्थान की खुदाई से प्राप्त हुई है?**
अ. धौलावीरा ब. लोथल
स. कालीबंगा द. आलमगीरपुर
18. **माडा गुफाएं किस जिले में स्थित हैं?**
अ. रीवा में ब. सिंगरौली में
स. सागर में द. सीधी में।
19. **राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान स्थित है?**
अ. मसूरी में ब. पटियाला में
स. उज्जैन में द. नागपुर में।
20. **'चांद का मुंह टेढ़ा है' नामक काव्य रचना है?**
अ. माखनलाल चतुर्वेदी की
ब. गजानन माधव 'मुक्तिबोध' की
स. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की
द. मुल्ला रमूजी की।
21. **डिजिटल लेनदेन से संबंधित 'भीम एप' का शुभारंभ हुआ था?**
अ. 01 जनवरी 2016 को
ब. 01 जनवरी 2017 को
स. 30 दिसम्बर 2016 को
द. 11 मई 2018 को।
22. **पर्यावरण निष्पादन सूचकांक 2020 में भारत का स्थान है?**
अ. 101वां ब. 141वां
स. 158वां द. 168वां
23. **महेश्वरी साड़ी उद्योग कला को स्थापित करने का श्रेय किसे दिया जाता है?**
अ. जमुना देवी को
ब. विमला वर्मा को
स. अहिल्याबाई को
द. विजयाराजे सिंधिया को।
24. **पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है?**
अ. 23 जनवरी को
ब. 12 फरवरी को
स. 22 मई को
द. 21 अक्टूबर को
25. **रतौंधी रोग में प्रभावित होने वाला अंग है?**
अ. नेत्र ब. गुर्दा
स. दांत द. फेफड़ा।
26. **इनमें से कौन समय का मात्रक नहीं है?**
अ. लीप ईयर
ब. प्रकाश वर्ष
स. पखवाड़ा
द. इनमें से कोई नहीं।
27. **फलों को पकाने में सहायक है?**
अ. एथिलीन ब. फ्लोरीन
स. क्लोरीन द. ब्रोमीन।
28. **कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्णित 'प्रणय कर' का अर्थ था?**
अ. एक आपातकालीन कर
ब. अन्तर्जातीय विवाहों पर लगाया गया कर
स. विधवा प्रणय संबंधों पर लगाया गया कर
द. इनमें से कोई नहीं।
29. **किस विदेशी शहर में 'गांधी सोलर पार्क' स्थापित किया गया है?**
अ. डरबन में ब. न्यूयॉर्क में
स. मास्को में द. लंदन में।
30. **रेवा (नर्मदा) नदी का उल्लेख मिलता है?**
अ. अथर्ववेद में
ब. ऐतरेय ब्राह्मण में
स. सामवेद में
द. शतपथ ब्राह्मण में।
31. **सेल्युलर जेल स्थित है?**
अ. सिल्वासा में
ब. पोर्ट ब्लेयर में
स. दमन में
द. पणजी में।
32. **भारत के बाहर विश्व का पहला योग विश्वविद्यालय कहां स्थापित हुआ है?**
अ. पेरिस, फ्रांस
ब. तेल अवीव, इजराइल
स. लॉस एंजिलिस, अमेरिका
द. ओसाका, जापान।
33. **इनमें से कौन-सी फसल रेशेदार नहीं है?**
अ. जूट ब. कपास
स. रबर द. सन।
34. **हीराकुंड बांध किस नदी पर बना है?**
अ. सतलज ब. महानदी
स. नर्मदा द. कृष्णा।
35. **सबसे घनी आबादी वाला महाद्वीप है?**
अ. यूरोप ब. एशिया
स. अमेरिका द. अफ्रीका।
36. **किस राज्य में पुष्कर मेला लगता है?**
अ. मध्यप्रदेश में ब. गुजरात में
स. उत्तराखंड में द. राजस्थान में।
37. **ग्रेटा थनबर्ग कौन हैं?**
अ. युवा क्रिकेटर
ब. पर्वतारोही
स. पर्यावरण कार्यकर्ता
द. नेत्रहीन शिक्षिका।
38. **सुभाषचन्द्र बोस ने 1943 में कहां पर भारत की अस्थायी सरकार का गठन किया था?**
अ. जर्मनी में ब. जापान में
स. ब्रिटेन में द. सिंगापुर में।

### हल

1. द, 2. अ, 3. ब, 4. स, 5. ब, 6. द, 7. ब, 8. स, 9. अ, 10. ब, 11. ब, 12. द, 13. ब, 14. स, 15. अ, 16. ब, 17. अ, 18. ब, 19. द, 20. ब, 21. स, 22. द, 23. स, 24. द, 25. अ, 26. ब, 27. अ, 28. अ, 29. ब, 30. द, 31. ब, 32. स, 33. स, 34. ब, 35. ब, 36. द, 37. स, 38. द।

### व्याख्यात्मक हल

1. **द.** अमेरिका की पहली सैन्य द्वीपीय जेल सैन फ्रांसिस्को में अल्केट्राज नामक लघु द्वीप पर स्थित थी, जो अब समुद्री पक्षियों की प्रसिद्ध कॉलोनी के रूप में पर्यटन स्थल बन गया है।
2. **अ.** वर्तमान में संजय गुप्ता दैनिक जागरण के प्रधान संपादक हैं।
4. **स.** यूएनडीपी की मानव विकास रैंकिंग में नॉर्वे प्रथम, स्विट्जरलैंड द्वितीय एवं आयरलैंड तृतीय स्थान पर है, भारत का 129वां स्थान है।
26. प्रकाश वर्ष दूरी का मात्रक है, ना कि समय का।

- **डॉ. नियाज अहमद अंसारी**
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

---

(पिछले पृष्ठ का शेष)

19. **ब्यास नदी का उद्गम हिमाचल प्रदेश के किस दर्रे से हुआ है?**
(अ) रोहतांग दर्रा
(ब) शिपकी ला दर्रा
(स) पादरी दर्रा
(द) तमशा दर्रा
20. **निम्न में से कौन-सा दर्रा हिमाचल प्रदेश में स्थित नहीं है?**
(अ) रोहतांग दर्रा
(ब) शिपकी ला दर्रा
(स) मनाली दर्रा
(द) नाथुला दर्रा
21. **दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग 'अटल टनल' किस राज्य में स्थित है?**
(अ) उत्तराखण्ड
(ब) जम्मू और कश्मीर
(स) हिमाचल प्रदेश
(द) अरुणाचल प्रदेश
22. **हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट स्टेडियम कहां पर है?**
(अ) धर्मशाला (ब) शिमला
(स) मंडी (द) सोलन
23. **हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के किस स्थान पर भूतापीय ऊर्जा स्थल है?**
(अ) मणिकरण (ब) सूरजकुंड
(स) चुमाथांग (द) तत्तापानी
24. **निम्नलिखित में से कौन-सी मानव निर्मित झील है?**
(अ) गोविन्द सागर
(ब) रेणुका झील
(स) नाको झील
(द) रिवालसर झील
25. **कौन-सा मेला हिमाचल प्रदेश से संबंधित नहीं है?**
(अ) मार्कण्डेय मेला
(ब) रेणुका मेला
(स) सिंगाजी मेला
(द) इनमें से कोई नहीं
26. **हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की कितनी सीटें हैं?**
(अ) 4 (ब) 6
(स) 8 (द) 10
27. **किस नदी का उद्गम हिमाचल प्रदेश से नहीं होता है?**
(अ) चिनाब नदी (ब) रावी नदी
(स) ब्यास नदी (द) सतलुज नदी
28. **सतलुज नदी हिमाचल प्रदेश में किस दर्रे से प्रवेश करती है?**
(अ) शिपकी ला दर्रा
(ब) चांग ला दर्रा
(स) माना दर्रा
(द) नीति दर्रा
29. **हिमाचल प्रदेश को किस उपनाम से जाना जाता है?**
(अ) बाघ प्रदेश
(ब) नदियों का मायका
(स) पृथ्वी का स्वर्ग
(द) देवभूमि
30. **हिमाचल प्रदेश की सीमा किस प्रदेश से सबसे कम स्पर्श होती है?**
(अ) उत्तरप्रदेश (ब) पंजाब
(स) उत्तराखण्ड (द) हरियाणा
31. **कालाटोप बन्यजीव अभ्यारण्य कहां है?**
(अ) मंडी (ब) लाहौल
(स) शिमला (द) चम्बा
32. **कालका-शिमला रेलवे लाइन सार्वजनिक यातायात के लिये किस वर्ष खोली गई?**
(अ) 1899 (ब) 1903
(स) 1922 (द) 1945
33. **हिमाचल प्रदेश की सबसे लम्बी नदी कौन-सी है?**
(अ) सतलुज नदी
(ब) रावी नदी
(स) ब्यास नदी
(द) इनमें से कोई नहीं
34. **मूलगन घाटी हिमाचल प्रदेश के किस जिले में है?**
(अ) मंडी (ब) शिमला
(स) सोलन (द) किनौर
35. **हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान हिमाचल प्रदेश के किस शहर में स्थित है?**
(अ) पालमपुर
(ब) शिमला
(स) सोलन
(द) इनमें से कोई नहीं
36. **चंद्रा और भागा नदियों का संगम किस स्थान पर होता है?**
(अ) ताण्डी (ब) बिलासपुर
(स) चंद्रनगर (द) शिमला
37. **ब्यास नदी का प्राचीन नाम है-**
(अ) विपाशा (ब) मंदाकिनी
(स) इरावती (द) भद्रावती
38. **निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत श्रृंखला हिमाचल प्रदेश में स्थित नहीं है?**
(अ) हिन्दुकुश (ब) जास्कर
(स) धौलाधार (द) पीर पंजाल

### उत्तरमाला

1. अ, 2. ब, 3. द, 4. अ, 5. स, 6. अ, 7. ब, 8. अ, 9. स, 10. ब, 11. अ, 12. द, 13. द, 14. द, 15. अ, 16. अ, 17. स, 18. अ, 19. अ, 20. द, 21. स, 22. अ, 23. अ, 24. अ, 25. स, 26. अ, 27. द, 28. अ, 29. द, 30. अ, 31. द, 32. ब, 33. अ, 34. द, 35. अ, 36. अ, 37. अ, 38. अ।

- **डॉ. संदीप सारवान**
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द, जिला देवास में भूगोल के सहायक प्राध्यापक हैं)

## जरूरत के अनुसार ही बनाएं जायें विद्युत उपकेंद्र

**भोपाल**, विद्युत वितरण कम्पनी और मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी आपस में समन्वय कर जरूरत के अनुसार ही विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण करायें। विद्युत उप-केंद्रों की क्षमता का पूरा उपयोग किया जाये। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने कहा कि विद्युत उपकेंद्र की स्थापना के पहले विद्युत लोड, वोल्टेज, सर्विस लाइन आदि के संबंध में पूरा एनालिसिस करें।

श्री तोमर ने कहा कि विद्युत ट्रिपिंग कम से कम होना चाहिये। ट्रिपिंग और उसमें सुधार का तुलनात्मक विवरण हर माह मुझे दें। उन्होंने कहा कि कम्पनी के कार्य-क्षेत्र में चल रहे सभी कार्यों को समय-सीमा में पूरा करवायें।

ऊर्जा मंत्री ने निर्देशित किया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर और सही वेतन दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को भी भुगतान समय पर करें। श्री तोमर ने कहा कि आवश्यकतानुसार स्टाफ की ट्रेनिंग करवायें। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग के कार्यों में एक साल के अंदर सकारात्मक परिवर्तन दिखना चाहिये। श्री तोमर ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।**




# वीडियो गेमिंग में बढ़ रहे हैं कॅरियर के मौके

**'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।**



कोरोना वायरस महामारी के बाद दुनिया के साथ-साथ भारत में भी वीडियो गेमिंग जिस तेजी से आगे बढ़ा है, उससे वीडियो गेमिंग सेक्टर में कॅरियर के मौके लगाकर आगे बढ़े हैं। खासतौर से कोरोना संकट के दौरान वर्चुअल रियलिटी तथा आग्मेंटेड रियलिटी तकनीक ने वीडियो गेमिंग को तेजी से बढ़ाया है। वर्चुअल रियलिटी और आग्मेंटेड रियलिटी का मतलब है आभासी सच्चाई। यानी आपको सब कुछ असली-सा दिखेगा, लेकिन असल में वह आभासी होता है। इसका प्रयोग करने पर ऐसा अनुभव होता है कि वास्तव में आपके सामने ही सब कुछ हो रहा है। साथ ही ऐसा प्रतीत होता है कि आप भी उसी माहौल में हैं।

### तेजी से बढ़ी वीडियो गेमिंग इंडस्ट्री

कोरोना महामारी शुरू होने के बाद से वीडियो गेमिंग इंडस्ट्री की आय आशा




से कई गुना अधिक तेजी से बढ़ रही है। इस साल वर्ष 2020 में गेमिंग इंडस्ट्री की आमदनी लगभग 13 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। यह वृद्धि 20 फीसदी होगी। जबकि इंडस्ट्री की सालाना वृद्धि दर करीब 9 फीसदी है। यद्यपि अधिकतर लोगों ने कोरोना वायरस महामारी से वीडियो गेमिंग कारोबार में वृद्धि की संभावनाएं जताई थीं, लेकिन जैसी बढ़ोतरी हुई है, उससे वीडियो गेमिंग इंडस्ट्री पर नजर रखने वाले चकित हैं। जापानी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी सोनी के वीडियो गेमिंग डिवीजन का कारोबार 11.5 फीसदी बढ़ा है। माइक्रोसॉफ्ट के गेमिंग बिजनेस में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

अभी वीडियो गेमिंग इंडस्ट्री के विस्तार का सिलसिला रुका नहीं है। सोनी और माइक्रोसॉफ्ट अपने मौजूदा कंसोल के स्थान पर नई और अधिक शक्तिशाली मशीनें पेश करने जा रहे हैं। इसके साथ मैदान में बड़े और नए प्रतिद्वंद्वी उतरने वाले हैं। अमेजन, फेसबुक और गूगल गेमिंग कारोबार में तेजी से किस्मत आजमाने पर विचार कर रहे हैं। सोनी ने कंसोल युद्ध के पिछले दौर में जीत हासिल की थी। उसने 10 करोड़ प्ले स्टेशन-4 और एक अरब से अधिक गेम बेचे थे। मीडिया विश्लेषण फर्म पीयर्स हार्डिंग-रोल्स का अनुमान है, सोनी दिसम्बर 2020 तक 50 लाख नए प्ले स्टेशन बेच सकती है। कंसोल के मामले में लोग अपनी पसंद नहीं बदलते हैं। विभिन्न देशों में गेमिंग खेलने के अलग तरीके हैं। अमीर देशों में स्ट्रीमिंग के कारण लोग कहीं भी गेम खेल सकते हैं। अन्य देशों में स्मार्ट फोन और सस्ते डेटा के कारण करोड़ों नए खिलाड़ियों तक कंसोल गेमिंग पहुंच गई है।

### वीडियो गेमिंग में कॅरियर के नए आयाम

निःसंदेह कोविड-19 के बीच देश-दुनिया में बच्चे ही नहीं बड़े लोग भी ऑनलाइन वीडियो गेम्स को बेहद पसंद कर रहे हैं। डिजिटल लाइफ स्टाइल की




वजह से गैजेट्स की दुनिया के गेम्स में अचानक से उछाल आ गया है। लॉकडाउन में गेमिंग पर समय बिताने वाले यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। इन्हीं वजहों से वीडियो गेमिंग में कॅरियर के नए आयाम बन रहे हैं। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कुछ साल पहले तक गेम्स प्लेग्राउंड्स में खेले जाते थे तथा कुछ गेम्स इंडोर खेले जाते थे और विभिन्न गेम्स खेलने वाले खिलाड़ी अपनी अलग-अलग पहचान बनाते थे। लेकिन अब नए दौर में अधिकांश गेम्स स्मार्टफोन्स, लैपटॉप्स या कंप्यूटर पर वीडियो गेम्स के रूप में खेले जाते हैं।

स्थिति यह है कि मनोरंजन और खेल के नाम से अब मैदानी भाग-दौड़ ही मस्तिष्क में नहीं आती, कम्प्यूटर ने उसे घर बैठे दिमागी भाग-दौड़ का खेल बना दिया है। शहरी परिवेश में पले-बढ़े बच्चे आज गुल्ली-डंडा, कबड्डी, खो-खो जैसे खेलों से वाकिफ हों या न हों, लेकिन सुपर मारियो, सुपर कॉन्ट्रा, बॉम्बर मैन जैसे वीडियो गेमों से वे भली भांति परिचित होते हैं। प्लेग्राउंड पर विभिन्न गेम्स खेलना हमारी हेल्थ और सोशल लाइफ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इतना ही नहीं अपने खाली समय में या फिर फिजिकल फिटनेस और हेल्थ के लिए विभिन्न गेम्स खेलने से कई लाभ होते हैं। लेकिन वीडियो गेम्स के मामले में ये लाभ नहीं होते हैं।

निःसंदेह नए-नए वीडियो गेमों के लिए नई-नई तकनीकें भी ईजाद की जा रही हैं। जिन कहानियों को बच्चे कभी अपनी दादी-नानी से सुना करते थे, उन्हीं कहानियों को अब वीडियो गेम्स के जरिए बच्चों के लिए जीवंत कर दिया गया है। वीडियो गेमिंग के जरिए बच्चे सुपर हीरो के साथ-साथ अपने हाथ-पैर चला सकते हैं। दुश्मनों से दो-दो हाथ कर सकते हैं। यही कारण है कि वीडियो गेम्स में बच्चों की रुचि लगातार बढ़ती जा रही है और इसी के साथ नए-नए गेम्स की मांग भी बढ़ती जा रही है।

### भारत में वीडियो गेमिंग का बाजार 2022 में 122 अरब रुपये की ऊंचाई पर होगा

दुनिया के साथ-साथ भारत में भी वीडियो गेमिंग का प्रसार दिनों-दिन बढ़




रहा है। मोबाइल के अलावा, ऑनलाइन गेम्स भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। चूंकि भारत की आबादी में युवाओं का बहुत बड़ा हिस्सा है, अतएव देश में इसका बाजार भी बड़ा है। देश में अभी गेम डेवलपमेंट के क्षेत्र में ध्रुव इंटरैक्टिव, पाराडौक्स जैसी कुछ प्रमुख कंपनियां काम कर रही हैं। इसके अलावा कई मल्टीनेशनल कंपनियां भी भारत में अपनी दस्तक दे चुकी हैं। देश में गेमिंग इंडस्ट्री की तेज तरक्की के पीछे सस्ते स्मार्टफोन्स एवं डाटा की उपलब्धता का बड़ा हाथ है। प्रसिद्ध वेबसाइट एसटीएटीआयएसटीए के अनुसार भारत की वीडियो गेमिंग इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ी है तथा इसके वर्ष 2022 तक 122 अरब रुपये आकार तक पहुंच जाने की उम्मीद है।

भारत में वीडियो गेमिंग का बढ़ता कारोबार वीडियो गेमिंग में कॅरियर के मौके बढ़ा रहा है। भारत के वीडियो गेमिंग मार्केट में गेम डेवलपर, गेम प्रोग्रामर, गेम आथर, एनिमेटर, ग्राफिक डिजाइनर, स्कल्पचर, गेम लाइटिंग और साउंड एक्सपर्ट की काफी मांग है। भारत में गेमिंग उद्योग के तेजी से आगे बढ़ने की प्रमुख वजह वीडियो गेम डेवलपमेंट पर अन्य देशों के मुकाबले कम धनराशि खर्च होना है।

### काम की विविधता के कारण कॅरियर के विविध मौके

वीडियो गेम्स के निर्माण में काम की विविधता के कारण कॅरियर के विविध




मौकों का परिदृश्य दिखाई देता है। वीडियो गेम्स को सामान्यतः चार भागों में बांटा जाता है। एक्स बॉक्स गेम्स, कम्प्यूटर गेम्स, मोबाइल गेम्स तथा थिएटर गेम्स। कम्प्यूटर गेम्स को कम्प्यूटर पर सीडी या इंटरनेट की मदद से लोड किया जाता है। मोबाइल गेम्स का फॉर्मेट कम्प्यूटर गेम्स से मिलता-जुलता ही होता है, लेकिन सेट छोटा हो जाता है। थिएटर गेम्स बड़े-बड़े एम्यूजमेंट पार्क, मल्टीप्लेक्स तथा मॉल्स में लगाए जाते हैं।

वस्तुतः वीडियो गेम के निर्माण की प्रक्रिया बहुत जटिल होती है। वीडियो गेमों का निर्माण मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर और कम्प्युटर प्रोग्रामिंग के प्रयोग द्वारा किया जाता है। एक बड़े कम्प्यूटर गेम का निर्माण करने में कई अनुभवी एवं दक्ष लोगों की टीम को महीनों का समय लग सकता है। आजकल वीडियो गेम्स को अंतर्राष्ट्रीय लोकप्रियता को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाने लगा है। सबसे पहले वीडियो गेम्स की स्क्रिप्ट में लिखित रूप में यह तय कर लिया जाता है कि गेम में कौनसे पात्र डाले जाएं तथा कैसे दृश्य निर्मित किए जाएं। इसके बाद स्टोरी बोर्ड तैयार किया जाता है, जिसमें सभी संभावित दृश्यों के फ्रेम तैयार किए जाते हैं। इसके बाद 2-डी तथा 3-डी एनिमेटेड चित्र बनाए जाते हैं। इन चित्रों में सॉफ्टवेयर की मदद से गति उत्पन्न की जाती है। इसके बाद गेमिंग इंजन की मदद से एनिमेटेड इमेज को की-बोर्ड तथा माउस की सहायता से नियंत्रित किया जाता है। गेम इंजन में लिखे कमांड से ही कम्प्यूटर के किसी बटन को दबाने से गोली चलती है या एनीमेटेड इमेज आगे-पीछे और ऊपर-नीचे बढ़ती है।

वीडियो गेमिंग इंडस्ट्री में स्पेशलाइजेशन का बड़ा महत्त्व है। यहां हर काम के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट होते हैं। एक ही वीडियो गेम के ऑनलाइन, कंसोल, एंड्रॉयड और आईओएस जैसे अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिए अलग-अलग गेम वर्जन तैयार होते हैं, जिन्हें बनाने में दर्जनों लोगों की टीम लगती है। ऐसे लोगों के पास गेम प्लेटफॉर्म, गेम प्ले, प्रोग्रामिंग या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक में विशेषज्ञता होती है। प्रमुख जॉब प्रोफाइल्स इस प्रकार हैं: एनिमेटर, डिजिटल वीडियो साउंड एडिटर, ग्राफिक प्रोग्रामर, प्रोड्यूसर/डायरेक्टर, टेक्निकल आर्टिस्ट/ 3डी आर्टिस्ट, गेमिंग टेस्टर आदि। चूंकि गेमिंग कम्प्यूटर एनिमेशन क्षेत्र की ही एक नई शाखा है, लेकिन गेमिंग बाजार की बढ़ती मांग और नए गेमिंग सॉफ्टवेयर के विकास ने गेमिंग को एक नए अध्ययन क्षेत्र के रूप में विकसित कर दिया है।

### वीडियो गेमिंग कॅरियर की स्किल्स

गौरतलब है कि वीडियो गेम बनाने की प्रक्रिया वैज्ञानिक ज्ञान, कलात्मक एवं रचनात्मक क्षमता का अनोखा मिश्रण है। वीडियो गेम के निर्माण में कलात्मक प्रतिभा, दिमागी कौशल ही नहीं, बल्कि धैर्य का होना भी बहुत आवश्यक है। गेम डेवलपमेंट के लिए इस्तेमाल हो रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑग्मेंटेड रियलिटी जैसी नई-नई तकनीक से वाकिफ होना होगा। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज तथा गणित की अच्छी जानकारी रखनी होगी। इसी तरह अच्छी कम्युनिकेशन स्किल, विजुअलाइजेशन स्किल, ड्रॉइंग एप्टिट्यूड, कलर की समझ और टीमवर्क जैसी स्किल्स




इस प्रोफेशन में आगे बढ़ने के लिए बहुत जरूरी है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वीडियो गेमिंग के तहत कॅरियर के लिए वीआर/ एआर टेक्नोलॉजी की बड़ी अहमियत है। इसमें दक्षता होनी चाहिए।

### शैक्षणिक जरूरत

देश में 12वीं के बाद वीडियो गेमिंग में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री तथा पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री और एडवांस स्तर के कई कोर्स उपलब्ध हैं। एनिमेशन और मल्टीमीडिया कोर्स के अंतर्गत भी गेमिंग की जानकारी दी जाती है। कोर्स में ड्रॉइंग, डिजाइनिंग, प्रोडक्शन, प्रोग्रामिंग, लाइटिंग, एनिमेशन और डिजिटल आर्ट्स की जानकारी दी जाती है।

### वीडियो गेमिंग संबंधी प्रमुख कोर्स

वीडियो गेमिंग से संबंधित प्रमुख कोर्स इस प्रकार हैं- एडवांस डिप्लोमा इन गेम




डिजाइन/डेवलपमेंट, डिप्लोमा इन गेम डिजाइन एंड इंटीग्रेशन, सर्टिफिकेट कोर्स इन गेम डिजाइन, डिप्लोमा इन एनिमेशन, बीएससी इन गेमिंग, एमएससी इन गेमिंग आदि।

देश में वीडियो गेमिंग का कोर्स कराने वाले कई संस्थान हैं। उपयुक्तता के अनुरूप वीडियो गेमिंग से संबंधित किसी गुणवत्तापूर्ण संस्थान का चयन करके वीडियो गेमिंग के कॅरियर की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में प्रतिष्ठित हैं।)

# आदिवासी विकासखण्डों में बनाई जाएं सिंचाई परियोजनाएं

**भोपाल**, जल संसाधन, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि आदिवासी विकासखण्डों में छोटी सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता से बनाया जाए जिससे आदिवासी क्षेत्रों में छोटी जोत के खेतों में आसानी से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। अन्य विभागों के साथ समन्वय में जल संवर्धन योजना भी शुरू करने पर विचार करें।

श्री सिलावट ने कहा कि नए वर्ष में जल संसाधन विभाग का रोडमैप बनाया जाए जिससे मध्यप्रदेश के समन्वित विकास में बेहतर भूमिका निभाई जा सके। जल संसाधन विभाग आने वाले समय में बनने वाले बांध और अन्य परियोजनाएं बनाते समय आगामी 50 वर्ष की आवश्यकता को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनाएं। इसके साथ ही प्रदेश के बांधों और नहरों का ऑडिट और वर्तमान उपयोगिता रिपोर्ट बनाएं जिससे परियोजना की लागत और आवश्यकता अनुसार कार्य कराया जा सके।

सभी अधिकारी सप्ताह में 3 दिन फील्ड में रहकर, निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरन्तर निरीक्षण हो और सभी काम समय-अवधि में पूरे किए जाएं। इसके लिए विभाग की ओर से सभी परियोजनाओं का समयबद्ध चार्ट भी बनाया जाए।

श्री सिलावट ने प्रदेश में जल संचयन और संरक्षण अभियान के लिए कार्ययोजना बनाए जाने और नदी पुनर्जीवन अभियान के लिए भी जिला स्तर पर कार्य योजना बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही विभाग के सभी तालाबों का गहरीकरण, पौधा रोपण और अन्य इसी प्रकार के कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।

**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण जानकारी**

# निबंध लेखन

**मार्च 2021 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोजित होना संभावित है। इस परीक्षा में कुल 6 अनिवार्य प्रश्नपत्रों में अंतिम प्रश्नपत्र निबंध लेखन का होता है। इसमें सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की तैयारी एवं अभ्यास हेतु एक लघु और एक वृहद निबंध प्रस्तुत किया जा रहा है। जहां वृहद निबंध 1000 शब्दों में लिखना होता है, वहीं 2 लघु निबंध 250-250 शब्दों में लिखने होते हैं। ये क्रमशः 50 और 25-25 अंकों के होते हैं। इस प्रश्न पत्र को 2 घंटे में हल करना होता है। इस अंक में श्रेष्ठ एवं प्रभावी निबंध लिखने की प्रक्रिया एवं रणनीति सहित 2 निबंध दिए जा रहे हैं।**

## श्रेष्ठ एवं प्रभावी निबंध लिखने की प्रक्रिया

अच्छा निबंध लिखना विद्यार्थी जीवन और प्रतियोगी परीक्षार्थी की एक कठिनतम् चुनौती होती है। विद्यार्थियों और प्रतियोगियों के मन में यह सहज सवाल बार-बार उठता है कि किस तरह एक श्रेष्ठ एवं प्रभावी निबंध लिखा जाए, जिससे कि उनके निबंध को पढ़कर उनके मानसिक स्तर या व्यक्तित्व का उचित मूल्यांकन होने से अधिकतम अंक अर्जित हो सकें? ऐसा संभव हो सकता है अगर आप निरंतर और रणनीतिक ढंग से अभ्यास करेंगे। अब समझते हैं कि किस प्रकार हम रचनात्मक निबंध लिखने में निपुण हो सकते हैं। निबंध लेखन की प्रक्रिया को निम्नलिखित चरणों में विभाजित किया जा सकता है-

1. सर्वप्रथम हमें निबंध के विषय का सही/गुप्त अर्थ को समझने का शांतिपूर्वक प्रयास करना चाहिए।

2. तत्पश्चात विषय से जुड़े सकारात्मक एवं नकारात्मक मुख्य पहलुओं/बिंदुओं को रफ कागज पर लिखना है।

3. इसके बाद निबंध की अस्थायी रूपरेखा बनाते हुए उल्लेखनीय तथ्यों/कथनों/काव्यपंक्तियों को लिख लेना चाहिए। यह कार्य कम से कम 10 प्रतिशत समय में कर लेना उचित होगा।

4. अब निबंध लेखन प्रारंभ करते हुए उल्लेखनीय तथ्यों/कथनों/काव्य पंक्तियों को यथास्थान लिखने में 70 से 80 प्रतिशत समय व्यय करें।

5. अंत में निष्कर्ष लिखने में भी लगभग 10 प्रतिशत समय देना चाहिए। वास्तव में निष्कर्ष पढ़ने के बाद ही मूल्यांकनकर्ता अंक प्रदान करने का अंतिम निर्णय करता है।

6. लिखे जा चुके निबंध का एक बार पुनरीक्षण कर भाषागत, तथ्यात्मक एवं व्याकरणीय त्रुटि/अशुद्धियों को दूर अवश्य कर लेना भी प्राप्तांकों में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि करने में मददगार होता है। इन्हें सोदाहरण इस प्रकार समझा जा सकता है-

1. निबंध लेखन की प्रक्रिया में पहली चुनौती यही होती है कि परीक्षार्थी निबंध के विषय को ठीक उसी रूप में समझे जिस रूप में प्रश्न पत्र निर्माता ने उसे सोचा था। सामान्यतः यह चुनौती बहुत जटिल नहीं होती। जो परीक्षार्थी प्रश्नों की भाषा को बारीकी से देखने-समझने के आदी होते हैं, वे अपनी इसी क्षमता के आधार पर निबंध के विषय को भी ठीक से ग्रहण कर लेते हैं। उदाहरणार्थ, 2014 की सिविल सेवा परीक्षा में पूछा गया एक विषय था- **'केवल राजनीतिक अधिकार महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं ला सकते।'** अगर इस विषय को ठीक से समझें तो इसका यह अभिप्राय बिल्कुल नहीं है कि राजनीतिक अधिकार महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं लाते। इस विषय का सबसे महत्वपूर्ण शब्द है- **'केवल'**।

इस शब्द के कारण इस विषय का अर्थ ही बदल गया है। इस विषय से सही भाव यह निकलता है कि राजनीतिक अधिकार तो महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिये आवश्यक हैं ही, कुछ और भी ऐसे पक्ष हैं, जिन्हें महिलाओं की स्थिति को सुधारने की प्रक्रिया में जोड़ा जाना चाहिये। इसलिये जरूरी है कि हमारे निबंध से भी यही भाव व्यक्त हो।

2. नए निबंध लेखकों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या यही होती है कि विषय को पढ़कर उनके दिमाग में पर्याप्त विंदु नहीं कौंधते। अगर निबंध का विषय सामान्य अध्ययन या उनके वैकल्पिक विषय से संबद्ध हो, तब तो यह समस्या नहीं आती, किंतु अगर विषय अमूर्त या कल्पना प्रधान है तो विंदुओं की तलाश करना बेहद कठिन हो जाता है। उदाहरण के लिये, मध्यप्रदेश सिविल सेवा मुख्य परीक्षा-2018 में दिए निबंध **'भारतीय संसद की कार्य-प्रणाली'** सामान्य अध्ययन पढ़ चुके अभ्यर्थियों के लिये चुनौती पेश नहीं करते।

3. बिन्दुओं के एकत्रित हो जाने के बाद अगली चुनौती होती है उन्हें व्यवस्थित करने की। इस व्यवस्थित ढांचे को हम निबंध की रूपरेखा (Synopsis) कह सकते हैं। इसका उद्देश्य होता है कि आपने जिन बिंदुओं को तलाशा है, उन्हें महत्व और विषय की मांग की दृष्टि से सही क्रम में समायोजित कर लिया जाए। इसका एक उद्देश्य यह भी होता है। कि हम महत्व की दृष्टि से सभी बिंदुओं का अनुपात तय कर लें कि यह स्पष्ट हो जाए कि हमें कुल 1000-1200 शब्दों में से कितने शब्द किस हिस्से पर खर्च करने हैं? ऐसा नहीं है कि आप जो रूपरेखा तैयार करेंगे, आपका पूरा निबंध ज्यों का त्यों उसी के अनुसार होगा। सृजनात्मक लेखन की प्रक्रिया में यह बहुत स्वाभाविक होता है कि लिखते-लिखते आपको कुछ बेहतरीन विंदु मिलते जाते हैं और कभी-कभी चिंतन-लेखन में ऐसा प्रवाह आ जाता है कि बंधी-बंधाई रूपरेखा डगमगाने लगती है। अगर आप अपनी रूपरेखा से 15-20 प्रतिशत तक विचलित होते हैं तो उसकी बिल्कुल चिंता न करें। ऐसा होना स्वाभाविक और जरूरी भी बना रहता है।

4. एक अर्थ में भूमिका निबंध का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होती है, क्योंकि इसी से तय होता है कि परीक्षक (या पाठक) को आपके निबंध में रुचि महसूस होगी या नहीं? अगर भूमिका कमजोर हो तो इस बात का पूरा खतरा होता है कि या तो परीक्षक आगे का निबंध पढ़ेगा नहीं और अगर पढ़ेगा तो अनमने ढंग से। हम पहले यही समझने का प्रयास करते हैं कि भूमिका में क्या लिखा जाए। परीक्षक आपसे किस तरह की भूमिका चाहता है? यहां किसी नकारात्मक धारणा के खण्डन से शुरुआत करें या अपने निजी अनुभव से भी निबंध आरंभ करना उचित होगा।

5. भूमिका लिखने के बाद निबंध लेखन का कार्य पूरे प्रवाह में आने के बाद हमें निष्कर्ष से पहले का लगभग 70-80 प्रतिशत भाग मुख्य विषय-वस्तु के तौर पर लिखना होता है। अतः हमें निबंध की रूपरेखा और मुख्य विषय-वस्तु के लिये हमें पहले से ही कुछ बिंदुओं का एक निश्चित तार्किक क्रम बना लेना चाहिये और यथासंभव उसी के अनुसार लेखन कार्य को आगे बढ़ाते जाना चाहिये। भूमिका और निष्कर्ष की तुलना में मुख्य विषय-वस्तु लिखना आसान कार्य है। इसमें केवल एक-दो बातों पर ही विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये।

6. मुख्य विषय-वस्तु लिखते समय सबसे बड़ी चुनौती प्रवाह को बनाए रखने की होती है। हमें अपनी बात इस तरह रखनी चाहिये कि अगला वाक्य पिछले वाक्य का तार्किक परिणाम लगे और हर नया अनुच्छेद पिछले अनुच्छेद का स्वाभाविक अगला पड़ाव दिखाई दे।

7. निष्कर्ष भी भूमिका की तरह अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एक अर्थ में तो निष्कर्ष का महत्व भूमिका से भी अधिक होता है, क्योंकि निबंध के अंत तक पहुंचते-पहुंचते प्रायः परीक्षक निबंध के शुरुआती हिस्से की बातों को भूल चुका होता है। उसे शुरुआती हिस्से की सिर्फ वही बातें याद रहती हैं जिन्होंने उसे संतुष्ट या उदास किया हो। निष्कर्ष पढ़ने के तुरंत बाद उसे समग्र मूल्यांकन करते हुए अंक देने होते हैं। एक अच्छा निष्कर्ष आपके अंकों में 10-15 प्रतिशत तक का हेर-फेर करने में सक्षम होता है।

1. समाधान या संभावना पर आधारित निष्कर्ष निकालना ज्यादा सही होता है।

2. कभी-कभी चेतावनी या संभावित खतरों पर आधारित निष्कर्ष भी निकाला जा सकता है।

3. कविता या प्रसिद्ध कथन पर आधारित निष्कर्ष निकालना सही होता है।

4. हम भूमिका/विषय की प्रासंगिकता से संबंधित निष्कर्ष भी प्रस्तुत कर एक श्रेष्ठ निबंध की रचना कर सकते हैं।

5. हमेशा सकारात्मक एवं आशावादी रूप में ही निबंध का अंत करना चाहिए, भले ही निबंध का शीर्षक कितना ही निराशा से परिपूर्ण या भड़काऊ क्यों न दिया गया हो।

### 1. विषय का चयन कैसे करें?

दिये गए विषयों में से उसी विषय पर निबंध लिखना चाहिए जिस पर हम अपनी सर्वाधिक मौलिक सोच रखते हैं। ऐसे निबंध में किसी अन्य व्यक्ति की नकल की संभावना ना के बराबर होती है। अगर दो या अधिक विषयों में आप खुद को लगभग बराबर स्थिति में पाते हैं तो उनमें से उस विषय को चुनना चाहिए जो सबसे अटपटा तथा कठिन लग रहा हो। अगर एक विषय बहुत कठिन है और दूसरा बहुत आसान है और दोनों पर आपकी समझ में थोड़ा-बहुत अंतर है तो आप कठिन विषय को कुछ कम समझ के बावजूद प्राथमिकता देकर एक चुनौती के रूप में अप्रत्याशित निबंध की रचना कर जाएंगे। सामान्यतः बहुत कठिन विषय पर लिखा गया सामान्य निबंध और सामान्य विषय पर लिखा गया बहुत अच्छा निबंध आमतौर पर अंकों की दृष्टि से एक-दूसरे के आसपास ही ठहरते हैं।

### 2. परीक्षा भवन में समय का उपयोग कैसे करें?

शुरुआती 5 मिनट में हमें दोनों विषय निश्चित कर लेने चाहिये। उसके बाद रफ पृष्ठों पर दोनों विषयों के शीर्षक बना लेने चाहिये और पहले विषय पर उपयुक्त विंदुओं की खोज शुरू कर देनी चाहिये। 10-15 मिनट तक चिंतन करने पर आपको इतने विंदु अवश्य मिल जाएंगे कि आप 1000-1200 शब्दों का निबंध लिख सकें।

### 3. भाषा-शैली के स्तर पर किन बातों का ध्यान रखें?

आपकी भाषा-शैली में जो सबसे महत्वपूर्ण गुण अपेक्षित है, वह है प्रवाह। इसका अर्थ है कि जब परीक्षक आपका निबंध पढ़े तो वह लगभग बहते हुए आगे बढ़े। प्रवाह का गुण तभी पैदा होता है जब आप ठीक उस भाषा-शैली में लिखने लगे, जिसमें आपका चिंतन चल रहा है।

वर्तनी (स्पेलिंग) संबंधी गलतियों पर भी विशेष ध्यान दें। वर्तनी संबंधी दोषों को दूर करना कोई बहुत कठिन कार्य नहीं है। रोज 1-2 पृष्ठ लिखकर किसी अध्यापक या सफल प्रतियोगी को दिखाएं तथा उनके द्वारा रेखांकित की गई गलतियों को सुधारते जाएं।

4. उत्तर पुस्तिका को आकर्षक दिखाने के संबंध में इन सावधानियों को ध्यान में रखें -

● आकर्षक उत्तर-पुस्तिका का पहला गुण होता है- सुंदर हस्तलेख। सुंदर हस्तलेख परीक्षक को अत्यधिक सुविधा और सहजता प्रदान करता है, जिसके प्रत्युत्तर में वह उम्मीदवार को अनायास ही लाभ पहुंचा देता है। अगर आपका हस्तलेख सुंदर नहीं है तो कुछ युक्तियों के प्रयोग तथा निरंतर अभ्यास से उसे निश्चय ही सुधारा जा सकता है।

● सबसे पहले, उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपरी हिस्से में आपको वह विषय लिखना चाहिये जो आपने निबंध के लिये चुना है। बेहतर होगा कि विषय का शीर्षक काली स्याही से लिखें और उसे रेखांकित भी कर दें।

● आपको यह प्रयास एवं अभ्यास भी करना चाहिये कि हर पृष्ठ पर कम-से-कम एक नया अनुच्छेद/पैराग्राफ जरूर शुरू हो। छोटे अनुच्छेदों को देखकर परीक्षक के मन में उन्हें पढ़ने की स्वाभाविक इच्छा होती है। इसलिये जहां तक संभव हो, हर पृष्ठ पर कम-से-कम एक अनुच्छेद बदलें और पूर्व में नोट किए गए आवश्यक तथ्यों/कथनों/नवीनतम आंकड़ों/काव्य पंक्तियों को यथास्थान लिखते भी रहिए।

## भारतीय शिक्षा की चुनौतियां/समस्याएं (लघु निबंध)

मानव जीवन की सफलता एवं किसी देश के विकासार्थ अच्छी शिक्षा व्यवस्था को सदैव आधारभूत तत्व के रूप में स्वीकार किया जाता रहा है, क्योंकि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास कर शिक्षा ही सर्वाधिक निर्णायक प्रभाव डालती रही है। यह प्रबुद्ध नागरिक वर्ग के सृजन में भी मदद करती है, जिससे एक लोकतांत्रिक वा लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना सम्भव होती है। शिक्षा की इतनी महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए ही प्राचीन भारत की शैक्षिक व्यवस्था को अत्यन्त गौरवमयी बनाया गया था। तब शिक्षा केंद्रों को मंदिर के समान महत्व दिया जाता था।

भारतीय शिक्षा को आज निम्नलिखित समस्याओं रूपी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है-

### 1. अंग्रेजी भाषा का बंधन

भाषा ही शिक्षण का प्रमुख माध्यम होती है। एक विद्यार्थी अपनी मात्र भाषा में जितना अधिक ज्ञान प्राप्त कर सकता है, किसी अन्य देशी या विदेशी भाषा में नहीं। उच्च शिक्षा अवश्य ही मातृभाषा के अलावा अन्य भाषाओं में आसानी से ग्रहण की जा सकती है, किन्तु प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा नहीं। भारतेन्दु हरीशचन्द्र ने 19वीं सदी में भारत में अंग्रेजी थोपे जाने का प्रबल विरोध इन शब्दों में किया था-

**"निज भाषा उन्नति अहै,**
**सब उन्नति का मूल।**
**बिन निज भाषा ज्ञान के,**
**मिटत न हिय का शूल।"**

## पर्यावरण सुरक्षा से जनसुरक्षा (वृहद निबंध)

***वन से पर्यावरण और पर्यावरण से हम। आओ इन्हें बचाने उठाएं अब नए कदम।।***

विश्व के पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों और समाज सुधारकों की सर्वसम्मत राय है कि आज मानव वनों की अंधाधुंध कटाई, विभिन्न प्रदूषणों एवं जैव विविधता को समाप्त करने के दुष्परिणाम स्वरूप उस घातक अवस्था में पहुंच गया है जिसमें विश्व के पर्यावरण में असंतुलन उत्पन्न हो गया है। इससे पूरे प्राणि जगत का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। यदि मानव इसी तरह तीव्र गति से महानगरों को बसाकर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, जीवश्म ईंधनों का प्रयोग, विलासितापूर्ण जीवन शैली आदि को अपनाता रहेगा तो पर्यावरण में भी अप्रत्याशित और अकल्पनीय बदलाव हमें भोगना पड़ेंगे। पृथ्वी के वायुमंडल के तापमान में वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग), जैव विविधता रूपी पृथ्वी की सुन्दरता में कमी आना, विभिन्न प्रदूषणों, सूखा, मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव आदि ऐसे ही दुष्परिणाम स्वरूप हमारे सामने विद्यमान हैं।

अतः पर्यावरण के क्षरण से प्रकृति की उत्पादकता एवं रौनक पर विपरीत प्रभाव को कम करने के लिए अब हमें व्यावहारिक उपाय करने होंगे। इसलिए संयुक्त राष्ट्र को भी लोगों में जागरूकता और जिम्मेदारी विकसित करने हेतु पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्पित होना पड़ा है। इससे प्रेरित होकर अधिकतर देश रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से इस पुनीत कार्य में सक्रिय रहकर यथासंभव प्रयास जारी रखे हुए हैं।

विश्व स्तर पर सदियों से वैज्ञानिक, पर्यावरणविद, समाज सुधारक, दर्शनशास्त्री आदि लगातार चिंतित एवं सक्रिय बने रहे हैं कि किस प्रकार मानव सभ्यता और भावी पीढ़ियों के लिए जैव विविधता को सुरक्षित बनाए रखा जा सके। फ्रांसीसी विचारक **रूसो** ने मानव समाज से **'प्रकृति की ओर लौटो'** का आह्वान करते हुए अपनी पुस्तक 'सोशल कान्ट्रेक्ट' में लिखा है, **'मानव प्रकृति की गोद में रहकर ही उसकी ममता की छाया और आशीर्वाद पा सकता है, उससे विद्रोह करके अलग-थलग रहकर नहीं। प्रकृति के सानिध्य में ही मानवीय जीवन शांत, सुख, स्थिर एवं अनंतकालीन बन सकता है।'**[1]

अब हमें सरकारों के साथ-साथ आमजन को भी अपनी जीवन शैली एवं स्वार्थपरक आदतें बदलनी होंगी, जिससे कि हमारा विकास चक्र रुके बिना हम अपने वनों और पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रख सकें। इससे ही धरती पर सभी जीव-जंतुओं एवं वनस्पति का अस्तित्व अक्षुण्य रह सकेगा। ये लक्ष्य प्राप्त करना इतना दुष्कर नहीं है कि मानव समाज निराश बना रहे, क्योंकि पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान चिरकाल से ही हमारी धरतीमाता अर्थात प्रकृति में ही निहित रहे हैं। आज जरूरत है तो प्रकृति की पुकार सुनकर निष्क्रियता रूपी निद्रा त्यागने की।

हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है, **'प्रकृति में हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने की विराट क्षमताएं हैं, किंतु लालच की श्रृंखलाओं की पूर्ति के लिए नहीं।'**[2] उल्लेखनीय है कि **स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट (2019)** में भी को विश्व में स्वास्थ्य संबंधी सभी खतरों से होने वाली मौतों का 5वां सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण को माना गया है। यह भयावह आंकड़े सिद्ध करते हैं कि अब हमें प्रकृति में निहित समाधानकारक उपायों पर तेजी से कार्य करना होगा, तभी हमारे **विश्व पर्यावरण, ओजोन संरक्षण, अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस** आदि के आयोजन सफल और सार्थक होंगे। हमारी पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान की खोज आज की नितांत आवश्यकता है। अतः इसकी समीक्षा निम्नवत बिन्दुओं में करना उचित होगा-

### पर्यावरण क्षरण के दुष्प्रभाव

1. तापीय बिजलीघरों एवं औद्योगीकरण में प्रयुक्त कोयला, पेट्रोलियम पदार्थों एवं हमारे विलासितापूर्ण रहन-सहन से भी वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही है। आज विश्वभर में प्रतिवर्ष कई अरब टन ईंधन की खपत विभिन्न कार्यों में हो रही है, जिससे वायुमंडल में कार्बन डाईऑक्साइड की वृद्धि भी हुई है जिसके दुष्परिणामस्वरूप पिछले दशक की तुलना में भूमंडल के सामान्य तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि मानव समाज सहन कर रहा है।

2. पर्यावरण प्रदूषण के विविधि रूपों एवं बढ़ती विलासितापूर्ण जीवन शैली से उत्पन्न समस्याओं एवं इसके निदानार्थ उपायों

(शेष अगले पृष्ठ पर)

# पर्यावरण असंतुलन एक गंभीर चुनौती

पृथ्वी हमारी जिंदगी की तमाम बुनियादी जरूरी चीजों को पूरा करने की अद्भुत क्षमता रखती है, वह भी तब जब हम उसके प्राकृतिक भण्डारों का सही उपयोग करें। पर हम अपने प्राकृतिक संसाधनों जैसे हवा, पानी, धरती, जंगल, खनिजों आदि को अक्षय मानकर उनका मनमानी से दुरुपयोग करते हैं। बढ़ती हुई जनसंख्या, औद्योगीकरण और भौतिकवादी सभ्यता तथा हमारी आधुनिक जीवनशैली ने हमारी प्राकृतिक संपदाओं का अनियंत्रित दोहन किया है, जिससे गंभीर पारिस्थितिकीय असंतुलन और पर्यावरण समस्याओं में लगातार वृद्धि परिलक्षित हो रही है।

हमारी आज की आवश्यकता है कि सभी मानव उत्तम जीवन और जैव मंडल की सीमा का सम्मान करते हुये, अपनी प्राकृतिक संपदाओं का इस तरह दोहन करें कि इसका लाभ आने वाली पीढ़ी को भी मिले। इसके लिये आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय आवश्यकताओं के मध्य संतुलन और सामंजस्य की आवश्यकता है।

देश के समक्ष जो प्रमुख पर्यावरणीय चुनौतियां हैं वे पर्यावरण के विनाश और विभिन्न आयामों में मौजूद गरीबी और आर्थिक प्रगति के गठजोड़ से संबंधित हैं। ये चुनौतियां आंतरिक तौर पर पर्यावरणीय स्रोतों जैसे कि जल, वायु, भूमि तथा वनस्पतियों और प्राणियों से जुड़ी हुई हैं। पर्यावरण असंतुलन के कारणों में जनसंख्या वृद्धि, अनुपयुक्त प्रौद्योगिकी और गरीबी के साथ-साथ, विकास गतिविधियां जैसे गहन कृषि, प्रदूषक उद्योग तथा अनियोजित शहरीकरण शामिल हैं। यह असंतुलन विशेषकर निर्धन गरीब ग्रामीणों के लिये चिंता का विषय है।

पर्यावरण असंतुलन से मृदा की उपजाऊ शक्ति, स्वच्छ जल एवं वायु की मात्रा और गुणवत्ता, वन, वन्य जीव और मत्स्य पालन प्रभावित होते हैं। प्राकृतिक संसाधनों विशेषकर जैव विविधता पर ग्रामीण निर्धनों, खासतौर से आदिवासी समाज की निर्भरता स्वयंसिद्ध है। विशेष तौर पर महिलाओं पर प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त अपशिष्ट शोधन और स्वच्छता की कमी, उद्योग और यातायातजनित प्रदूषण के कारण शहरी पर्यावरण में हो रहे परिवर्तनों से वायु, जल और भूमि की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ-साथ विभिन्न तरीकों से शहरी निर्धनों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। गरीबी और पर्यावरणीय असंतुलन में जनसंख्या वृद्धि का भी प्रभाव पड़ता है। अतः पर्यावरणीय असंतुलन से बचने तथा सतत विकास के लिये जनसंख्या को स्थिर रखना एक अनिवार्य कार्य है।

पर्यावरण की खराब गुणवत्ता ने मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। भारत में कुछ मामलों में बीमारियों के लिये पर्यावरणीय कारक जैसे कुपोषण, स्वच्छ ऊर्जा, वायु एवं जल की अनुपलब्धता और गुणवत्ता जिम्मेदार हैं। इस असंतुलन को दूर करने में भीतरी वायु प्रदूषण को कम करना, सुरक्षित पेयजल स्रोतों की सुरक्षा, मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाना, उन्नत सफाई उपाय और बेहतर जन स्वास्थ्य प्रणाली आदि, स्वास्थ्य संबंधी कई गंभीर समस्याओं को कम करने में प्रभावी भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके लिये व्यापक जनजागरूकता फैलाया जाना और बेहतर पर्यावरणीय शिक्षा देना अत्यन्त आवश्यक है। जन इच्छा शक्ति और जन सहभागिता ऐसी पर्यावरण प्रक्रियायें हैं जिनका प्रभाव उनके ऊपर पड़ता है। वह भी प्रदूषण निवारण और पर्यावरण असंतुलन को दूर करने में कारगर सिद्ध होगा।

साफ-सुथरी, गंदगी और बदबूरहित जगह हमें स्वच्छता का अहसास दिलाती है। स्वच्छता के अभाव में हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है और पर्यावरण दूषित होता है। स्वच्छता से जुड़े पहलू, जो हमें प्रभावित करते हैं वह हैं : पीने के पानी का रखरखाव, बेकार पानी की उचित निकासी, मानव मल का उचित निपटान, व्यक्तिगत सफाई, कूड़े-कचरे और गोबर का उचित प्रबंधन आदि साफ पर्यावरण, दुर्गंधमुक्त परिवेश और स्वच्छ पर्यावरण के लिये आवश्यक हैं, जिन पर हमें ध्यान देना चाहिये।

जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के साथ ही कृषि का विस्तार अधिक उत्पादन प्राप्ति के लिये किया जा रहा है, जिसमें उर्वरकों, कीटनाशकों, खरपतवारनाशक आदि रसायनों का अंधाधुंध उपयोग किया जा रहा है। उन्नत बीज रसायनों का जरूरत से ज्यादा उपयोग, पानी, यंत्रीकरण और अन्य आधुनिक संसाधनों के उपयोग से कृषि उत्पादन और लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जल, जंगल, जमीन और आधुनिक कृषि उपायों के बावजूद हम खाद्यान्न उत्पादन, पोषण और खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से इस वृद्धि को टिकाऊ नहीं बना सके हैं। मिट्टी के स्वास्थ्य और उत्पादकता को संरक्षित रखने और उसे टिकाऊ बनाने के लिये जैविक खेती की नितांत आवश्यकता है। जैविक खेती, आधुनिक विज्ञान के समन्वय से खेती की वह विधा है, जो कि फसल चक्र, फसल अवशेष, हरी खाद, जैविक खाद और जैविक दवाइयों पर आधारित है। इससे भूमि की उर्वरता और उत्पादकता में टिकाऊपन होने के साथ-साथ रासायनिक तत्व रहित, सुपाच्य, स्वादिष्ट और गुणवत्तायुक्त खाद्य उत्पाद प्राप्त होते हैं।

आज हम विश्व की जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। हर साल हम कई टन खाना बरबाद कर देते हैं। इसके बावजूद विश्व में अभी भी कई व्यक्ति बिना खाना खाये सोते हैं और 5 साल से कम आयु के लाखों बच्चे हर साल भूख और कुपोषण से मर जाते हैं। हम जितनी खाद्य सामग्री उत्पन्न करते हैं, उसका लगभग एक-तिहाई बरबाद या नष्ट हो जाता है। भोजन की बरबादी हमारे प्राकृतिक संसाधनों को तेजी से कम कर रही है और यह प्रवृत्ति पर्यावरण में पड़ने वाले प्रभावों की तीव्रता को और बढ़ा रही है, जिसे रोकना आवश्यक है।

विश्व में खाद्य सामग्री पैदा करने के लिये उपजाऊ भूमि और साफ पानी का उपयोग होता है। इससे वनों का विनाश और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है। यह जैव विविधता के नाश और भू-उपयोग में होने वाले परिवर्तनों के लिये भी जिम्मेदार है। इसके लिये यह आवश्यक है कि हम जो खाना खायें, उसका चुनाव इस तरह करें कि उसके उत्पादन में प्राकृतिक संसाधनों और रसायनों का कम उपयोग किया जाये। इसी तरह यदि हम स्थानीय खाद्य पदार्थों का उपयोग करते हैं तो बाहर से आने वाली खाद्य सामग्रियों की ढुलाई और अन्य कारणों से होने वाले पर्यावरणीय प्रभावों को भी कम कर सकते हैं।

विश्व की फसली भूमि के कई भाग गंभीर मिट्टी अपरदन का सामना कर रहे हैं। इसके कारणों में भौतिक, जैविक और जलीय क्रियाओं में असंतुलन से मिट्टी का बह जाना और भूमि नवीकरण में असंतुलन, मानवीय गतिविधियों जैसे अति चराई, वन कटाई, खनन इत्यादि, वर्षा एवं तेज पानी का बहाव, भुस्खलन एवं नदी तटीय कटाव आदि हैं। इसके अलावा तूफानी हवायें, अधिक सिंचाई, कृषि मशीनों द्वारा भूमि का दबना, पशुओं के पांवों से उड़ने वाली धूल इत्यादि ऐसी गतिविधियां हैं, जिनसे मिट्टी का अपरदन होता है। इसे रोकने में फसल चक्रीकरण, खादों का उपयोग, वनस्पति आवरण इत्यादि सहायक होते हैं। इसी तरह कुछ यांत्रिक विधियां जैसे मेढ़ों का निर्माण, जल प्रवाह को रोकना और उसकी दिशा बदलने के उपायों द्वारा इसे रोका जा सकता है, जो पर्यावरण असंतुलन को कम करने में सहायक होंगे।

विकास के बिना कोई और चारा नहीं, पर पर्यावरण को सुरक्षित रखे बिना किया गया विकास बाद में हमारे विनाश का कारण बन रहा है। हरित क्रांति और औद्योगिक विकास के मोर्चे पर हमारे देश ने प्रगति की है। लेकिन अनियोजित विकास की कोशिश ने हमें काफी नुकसान भी पहुंचाया है। विकास की दौड़ में हमें जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस इफेक्ट, ओजोन लेयर का क्षरण, अम्ल वर्षा, जैव विविधता का क्षरण, वनों एवं वन्य प्राणियों के स्वरूप में खतरनाक परिवर्तन जैसी घातक पर्यावरण चुनौतियां हमारे सामने प्रस्तुत की हैं जिनका निदान आवश्यक है।

अब तक मोटे तौर पर प्रदूषण को एक शहरी एवं औद्योगिक समस्या के रूप में लिया जाता रहा है। लेकिन जंगलों के विनाश और बड़ी-बड़ी सिंचाई परियोजनाओं ने हमारे पर्यावरण के स्वरूप को काफी हद तक बदल दिया है। रासायनिक खाद एवं सिंचाई के भारी इस्तेमाल ने धरती एवं भूमिगत पानी के गुणों पर अपना विपरीत असर डाला है। "इलाज से बेहतर है परहेज" यह कहावत पर्यावरण के मामले में बहुत ठीक उतरती है। किस तरह का विकास करें, कहां करें और किस-किस तरह के विकास से बचें, इसका ध्यान रखकर हम पर्यावरण के संतुलन को बनाये रख सकते हैं तथा सतत विकास की अवधारणा को साकार कर सकते हैं।

- अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

को जानने हेतु विश्व स्तरीय प्रथम प्रयास सन् 1972 में संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में मानवीय पर्यावरण पर **स्टाकहोम सम्मेलन** से प्रारंभ हुए हैं। इसलिए स्टाकहोम सम्मेलन को '**शुद्ध वायु एवं स्वच्छ वातावरण के अधिकारों का मैग्नाकार्टा**' कहा जाता है। तभी से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है।

3. बाद में '**क्योटो घोषणा पत्र**' के अनुसार विभिन्न देशों ने 2008 से 2012 तक ग्रीन हाउस गैसों को 1990 तक के स्तर पर लाने हेतु 5 प्रतिशत कम उत्सर्जन करने का संकल्प लिया। इस दिशा में कुछ कार्य अवश्य हुआ है, जो उत्साहजनक तो है, किंतु संतोषजनक नहीं। वायु प्रदूषण हेतु मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि उत्तरदायी होती है। इन गैसों में सर्वप्रमुख हैं- कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन, क्लोरोफ्लोरो कार्बन एवं नाइट्रस आक्साइड हैं। पृथ्वी पर बढ़ती गर्मी, औद्योगिक इकाइयों और वाहनों के धुएं से जहां एक ओर पक्षियों और पशुओं की अकाल मौत हो रही है, वहीं दूसरी ओर पेड़-पौधों एवं जीव-जंतु की दर्जनों प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं।

4. महानगरों में सीमेंट निर्माण, उर्वरक, रंग, कागज, पेट्रो कैमिकल्स आदि की औद्योगिक इकाइयों विभिन्न धातुकर्मी उपक्रमों से सीसा, क्रोमियम, निकिल, आर्सेनिक, जस्ता एवं रेडियो एक्टिव तत्व भी प्रयुक्त होने से स्थिति बद से बदतर हो रही है जिससे साधारणजन दमा, बेचैनी, हृदयाघात, एलर्जी, त्वचा और श्वांस संबंधी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। आम आदमी की कमाई का बड़ा हिस्सा विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों एवं महंगी दवाइओं पर खर्च हो रहा है।

5. वनों का लगातार नष्ट होना भी शुद्ध वायु, जैव विविधता एवं स्वच्छ वातावरण में कमी आने के लिए उत्तरदायी है। महानगरों में जनसंख्या वृद्धि एवं शहरीकरण के प्रसार से आवासीय परिसरों के निर्माण हेतु आसपास के वनों की अंधाधुंध कटाई और रेत उत्खनन जारी है। जबकि हमें पेड़-पौधे से जहां प्रकाश संश्लेषण क्रिया द्वारा वायुमंडल की $CO_2$ का विघटन कर $O_2$ छोड़ी जाने से $CO_2$ को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।

### पर्यावरण सुरक्षा से जनसुरक्षा हेतु मौलिक सुझाव

1. **अहिंसा परमो धर्म** : इसका हमें सही रूप में आचरण करते हुए पशु-पक्षियों के अनावश्यक शिकार एवं वध करने की मानवीय क्रूरता से बचने का प्रण लेकर अपनी हरी-भरी प्रकृति रूपी का पुनः श्रृंगार करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। इस प्रकार मानवीय समाज सत्मार्ग पर वापस आ सकता है और हम विज्ञान का सच्चे अर्थ में दर्शन कर सकते हैं।

2. भारत में जीवाश्म ईंधन कम प्रयोग करने हेतु CNG अर्थात कम्प्रेसिव नेचुरल गैस, बायो डीजल एवं सौर बैटरी चलित वाहनों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस दिशा में प्रचलित वाहनों में सीसारहित पेट्रोल के प्रयोग को बढ़ावा देकर भी राहत पाई जा सकती है। जैसा कि **मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के बांचा गांव** के सभी ग्रामीणों ने आदर्श एवं अनुकरणीय कार्य करके उदाहरण प्रस्तुत किया है। उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2019 को बांचा गांव देश का पहला सोलर किचन गांव घोषित किया गया है।

3. महानगरों सहित छोटे शहरों में भी हमें विवाह, दीपावली एवं अन्य शुभ अवसरों पर वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले हानिकारक पटाखों तथा आतिशबाजी के प्रयोग से बचने हेतु अत्यधिक संयम बरतना होगा। इससे न केवल हमारी फिजूलखर्ची में कमी आयेगी, बल्कि बायु प्रदूषण जनित श्वांस और त्वचा रोगों को कम किया जा सकेगा। बड़े संयंत्रों को महानगरों से हटाकर कम आबादी के क्षेत्रों में स्थानांतरित करके भी महानगरों के व्याप्त पर्यावरणीय समस्याओं के दुष्प्रभावों को कम करना होगा। इस के लिये जैव विविधता के संरक्षण और सतत स्वप्रेरित प्रयासों से अपनी प्रकृति रूपी माता की नाराजगी को दूर किया जा सकता है।

4. जो व्यक्ति एवं देश प्रकृति विरोधी, अवैध एवं आत्मघाती गतिविधियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदार हैं, अब उन्हें अपने स्तर से भी अपना कर्तव्य इस प्रायश्चित के साथ प्रारंभ करना होगा कि वह शेष वनों को संरक्षित रखने हेतु अब अनावश्यक बिजली, जीवाश्म ईंधन, भौतिक तथा रासायनिक वस्तुओं आदि का प्रयोग एवं अनावश्यक वृक्ष-कटाई नहीं करेंगे।

### निष्कर्ष

पर्यावरण के उक्त क्षरणों से उत्पन्न समस्याओं का समाधान हमें अपनी धरती में बिखरी हुई उपर्युक्त संभावनाओं की विवेचना के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि इस विश्वव्यापी पर्यावरण समस्या का समाधान प्रत्येक व्यक्ति को अपना परम कर्तव्य मानकर खोजना होगा, तभी इससे हमें **कोविड-19** जैसी बीमारियों के प्रकोप से भी निजात मिल पायेगी। प्रकृति से हमें प्राकृतिक आपदाओं-जैसे-सुखा, बाढ़, अकाल, अम्लीय वर्षा, चक्रवात, अनियमित मौसम, नई-नई बीमारियों आदि के रूप में बार-बार चेतावनियां मिल रही हैं कि अभी हमारे पास ज्यादा समय नहीं है कि जानबूझकर विलम्ब किया जाए।

अतः हमें अपनी जीवन शैली, सोच और आदतें बदलनी होंगी, जिससे हमारा जीवन निरोगी एवं सुखी बन सके। इसके लिए हमें पैदलदूरी चलने योग्य मार्ग पर बाहनों के उपयोग एवं बिजली के उपकरणों के अनावश्यक प्रयोग से बचना होगा। यथासंभव साइकिल, वृक्षारोपण, सौर ऊर्जा का अधिकतम प्रयोग करते हुए न्यूनतम कागज, बिजली, पानी आदि के प्रयोग के चलन को बढ़ावा देकर आदर्श नागरिक होने का प्रमाण प्रस्तुत होगा, तभी हम वायुमंडल के विभिन्न प्रदूषणों के दुष्प्रभावों से अपने वनों, जैव विविधता और पर्यावरण को बचा सकते हैं।

### संदर्भ ग्रंथ सूची

1. मेहता एवं खन्ना, राजनीति विज्ञान, 2010, एस.बी.पी.डी. पब्लिशिंग हाउस, आगरा, पृ.-723
2. गाबा, ओम प्रकाश, भारतीय राजनीतिक विचारक, 2017, मयूर पेपरबैक्स प्रकाशन, नोएडा, पृ.-287

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

# श्री महाकाल विकास योजना को मिली मंजूरी

**उज्जैन**, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में 500 करोड़ रुपये लागत की श्री महाकाल विकास योजना को मंजूरी प्रदान कर उज्जैन को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से विस्थापित होने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों, छोटे-मोटे धंधे करने वाले व्यक्तियों का भी विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने योजना के विभिन्न घटकों का नामकरण उज्जैन की परम्परा एवं संस्कृति के आधार पर करने के लिये कहा। मुख्यमंत्री ने देश एवं विदेश में इस तरह के निर्माण कार्यों में जहां-जहां अच्छे प्रयोग हुए हैं, उनका अनुकरण करने को कहा।

श्री चौहान ने योजना के तहत अन्न क्षेत्र एवं प्रवचन हॉल और धर्मशाला के लिये स्थान चिन्हित करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि नये प्रवचन हॉल, धर्मशाला आदि का जैसे-जैसे निर्माण कार्य आगे बढ़ता जाये, वैसे-वैसे पुराने निर्माण हटाये जायें। मुख्यमंत्री ने रूद्र सागर में किये जा रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया।

### श्री महाकाल विकास योजना

श्री महाकाल क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत परियोजना के क्रियान्वयन से श्री महाकालेश्वर मन्दिर का क्षेत्रफल वर्तमान स्थिति से 8 से 10 गुना बढ़ जायेगा। प्रजेंटेशन में बताया गया कि प्रथम चरण में महाकाल प्लाजा, महाकाल कॉरिडोर, मिडवे झोन, महाकाल थीम पार्क, घाट एवं डेक एरिया, नूतन स्कूल कॉम्पलेक्स, गणेश स्कूल कॉम्पलेक्स, पार्किंग, धर्मशाला, प्रवचन हॉल एवं अन्नक्षेत्र का निर्माण होगा। द्वितीय चरण में महाराजवाड़ा, रुद्र सागर जीर्णोद्धार, छोटा रुद्र सागर लेक फ्रंट, रामघाट का सौन्दर्यीकरण, पार्किंग एवं पर्यटन सूचना केंद्र, हरिफाटक पुल का चौड़ीकरण एवं रेलवे अण्डरपास तथा रुद्र सागर पर पैदल पुल, महाकाल द्वार, बेगम बाग मार्ग का विकास, रुद्र सागर पश्चिमी मार्ग तथा महाकाल पहुंच मार्ग का उन्नयन किया जायेगा। महाकाल कॉरिडोर के तहत प्रथम घटक में पैदल चलने के लिए उपयुक्त 200 मीटर लम्बा मार्ग बनाया जायेगा। लोटस पॉंड, ओपन एयर थिएटर तथा लेकफ्रंट एरिया और ई-रिक्शा व आकस्मिक वाहनों के लिए मार्ग तैयार होगा। मिडवे झोन के अन्तर्गत पूजन सामग्री की दुकानें, फूडकोर्ट, लेकव्यू रेस्टोरेंट, लेकफ्रंट डेवलपमेंट, जनसुविधाएं, टॉवर सहित निगरानी एवं नियंत्रण केन्द्र की स्थापना होगी। महाकाल थीम पार्क के अन्तर्गत महाकालेश्वर की कथाओं से युक्त म्युरल वॉल, सप्त सागर के लिए डेक एरिया तथा डेक के नीचे शापिंग क्षेत्र, बैठक क्षेत्र सुविधाएं विकसित होंगी।




## 9 जनवरी

### अमेरिका में अब वेतन के आधार पर मिलेगा एच-1 बी वीजा

●अमेरिका एच-1 बी वीजा के लिये चयन प्रक्रिया में बदलाव करने जा रहा है। नई




प्रक्रिया में लॉटरी प्रक्रिया की जगह वेतन और कौशल के आधार एच-1 बी वीजा जारी किया जायेगा। अमेरिकी प्रशासन ने इस नियम में संशोधन किये हैं। यह व्यवस्था मार्च 2021 से लागू हो सकती है। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार वीजा प्रक्रिया में बदलाव का उद्देश्य अमेरिकी श्रमिकों के आर्थिक हितों की रक्षा करना है और अस्थाई रोज़गार कार्यक्रम से उच्च दक्षता रखने वाले विदेशी कर्मचारियों को लाभ दिलाना है। उल्लेखनीय है कि एच-1बी वीजा एक गैर अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों को विशिष्ट पदों पर भर्ती करने की अनुमति देता है। अमेरिकी कंपनियां इसी वीजा के आधार पर हर साल बड़ी संख्या में भारतीय आईटी पेशेवरों की नियुक्ति करती हैं।

●अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतीय मूल की सबरीना सिंह को अपने प्रेस सचिव के रूप में चुना है। सबरीना व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति की प्रेस सचिव होंगी। यह घोषणा अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन के सत्ता हस्तांतरण दल ने की है। सबरीना अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान कमला हैरिस की प्रेस सचिव थीं। इसके अलावा बाइडेन ने सुमोना गुहा को दक्षिण एशिया मामलों के लिये वरिष्ठ निदेशक तथा तरुण छाबड़ा को प्रौद्योगिकी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये वरिष्ठ निदेशक के पद पर नामित किया है।

●इजराइल और फिलिस्तीन के बीच वेस्ट बैंक इलाके पर कब्जे को लेकर संघर्ष बढ़ गया है। वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों और इजराइली सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस झड़प में कई फिलिस्तीन प्रदर्शनकारी घायल हुये हैं। प्रदर्शनकारी वेस्ट बैंक के इलाके में इजराइली लोगों को बसाए जाने के खिलाफ हैं, उनकी मांग है कि इजराइली सरकार इस इलाके पर अवैध कब्जे को रोके। उल्लेखनीय है कि वेस्ट बैंक इलाके पर इजराइल और फिलिस्तीन दोनों दावा करते हैं।

## 10 जनवरी

### विदेश में अघोषित सम्पत्ति की जांच के लिये विशेष इकाई गठित

●केंद्र सरकार कालेधन पर लगाम लगाने के लिये कठोर कदम उठाने जा रही है। सरकार ने भारतीय नागरिकों की विदेशों में अघोषित सम्पत्ति की जांच के लिये विशेष इकाई गठित की है। यह इकाई काले धन की रोकथाम के लिये आयकर विभाग की जांच प्रकोष्ठ के तहत काम करेगी। यह इकाई विदेशों में रखी गई अघोषित सम्पत्ति और काला धन रखने से जुड़े मामलों की जांच पर फोकस करेगी। हाल ही में आयकर विभाग ने देश के अलग-अलग हिस्सों में सभी 14 जांच निदेशालयों में विदेशी परसम्पत्ति जांच इकाई (एफएआईक्यू) का गठन किया है।

●भारत की शीर्ष आपदा राहत संस्था राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को जल्द ही यूएन टैग मिलने जा रहा है यानी एनडीआरएफ को संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मानकों के अनुरूप मान्यता मिलने जा रही है। इसके साथ ही भारत संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय आपदा बचाव अभियान का हिस्सा बन जायेगा। एनडीआरएफ के महानिदेशक श्री एस.एन. प्रधान ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय आपदा बचाव अभियान के तौर पर अधिकृत करने की प्रक्रिया स्विट्जरलैंड स्थित इनसार्ग (इंटरनेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एडवाइजरी ग्रुप) पूरी करेगा। श्री प्रधान ने कहा कि जिस तरह देश में भारतीय मानक ब्यूरो है, उसी तरह संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी इनसार्ग दुनियाभर में आपदा मोचन बलों का मानकीकरण करती है। उल्लेखनीय है कि इनसार्ग संयुक्त राष्ट्र के तहत 90 से अधिक देशों और संगठनों का नेटवर्क है, जो खोज एवं बचाव के कार्य करता है।

●आयरलैंड में कॉर्क रिंगस्कैडी काउंटी के एक बंदरगाह में आग लग गई। आयरलैंड के ब्रॉडकास्टर आरटीई के अनुसार आग काफी भयानक थी, आग की लपटें और धुआं 15 किलोमीटर दूर तक नजर आ रहा था। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने महज दो घंटे में ही आग पर काबू पा लिया। आग के कारण पूरे इलाके को खाली कराया गया था।

## 11 जनवरी

### बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिये होगा डोर टू डोर सर्वे

●बच्चों की शिक्षा सुचारु करने के लिये केंद्र सरकार ने प्रयास शुरू कर दिये हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में जारी एक दिशा-निर्देश में सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे डोर टू डोर सर्वे कर उन बच्चों का पता लगायें, जो स्कूल नहीं आ रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्कूल छोड़ने की दर (ड्रॉप आउट) में वृद्धि हुई है। इसे रोकने के लिये एक उचित कार्य नीति तैयार की जाये। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कोरोना महामारी पलायन के कारण स्कूल छोड़ चुके 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों को नियमों में छूट देकर दोबारा स्कूलों में प्रवेश दें, ताकि वे अपनी छूट चुकी पढ़ाई दोबारा शुरू कर सकें।

●इटली के नेपल्स शहर के एक अस्पताल के बाहर कार पार्किंग का एक हिस्सा सिंक होल में समा गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार लगभग 5400 वर्गफीट इलाके में हुये सिंक होल में कई कारें समा गईं। हालांकि इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। यह सिंक होल कैसे हुआ इसकी जांच की जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना के लिये हाइड्रो जियोलॉजिकल समस्या को जिम्मेदार माना है।

## 12 जनवरी

### गलवान के शहीदों को गणतंत्र दिवस पर किया जायेगा सम्मानित

●पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प में शहीद हुये 16 बिहार रेजीमेंट के जवानों को गणतंत्र दिवस पर वीरता पुरस्कारों से सम्मानित करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा सैन्य मामलों का विभाग नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में इन शहीदों के नाम भी अंकित करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ भारतीय सैनिकों की झड़प हुई थी। इस संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुये थे, इनमें 16 बिहार रेजीमेंट के कमांडिंग अधिकारी कर्नल बी. संतोष बाबू भी शामिल थे। भारतीय सेना ने भी गलवान के वीर शहीदों के लिये पूर्वी लद्दाख में पोस्ट 120 पर एक स्मारक बनाया है। इसमें स्नो लेपर्ड अभियान के तहत इन जवानों की वीरता का उल्लेख किया गया है।

●केंद्र सरकार का फरवरी 2021 में पेश होने वाला बजट डिजिटल रूप में पेश किया जायेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष न तो हलवा सेरेमनी होगी और न ही बजट कॉपी की छपाई होगी। सभी सांसदों को बजट की सॉफ्ट कॉपी सौंपी जायेगी। उल्लेखनीय है कि देश का पहला बजट वर्ष 1947 में पेश किया गया था। तब से हर वर्ष बजट दस्तावेज की छपाई होती है और इसे सीलबंद कर संसद भवन लाया जाता है। यह पहला अवसर है, जब बजट की छपाई नहीं होगी।

## 13 जनवरी

### सीबीडीटी ने किया ई-पोर्टल का शुभारंभ

●केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कर चोरी, विदेशी अघोषित परिसंपत्तियों के साथ-साथ बेनामी संपत्तियों के बारे में शिकायतों को दर्ज कराने तथा उन पर कार्यवाही के लिये ई-फाइलिंग वेबसाइट पर ई-पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस पोर्टल का उद्देश्य कर चोरी को रोकने के लिये ई-गवर्नेंस के लिये नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति कर चोरी या बेनामी संपत्ति से जुड़ी शिकायत ऑनलाइन कर सकता है। यह सुविधा पैन और आधार कार्डधारकों के साथ ऐसे लोगों को भी मिलेगी, जिनके पास में दोनों दस्तावेज नहीं हैं।

●ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद ने संविधान में संशोधन की घोषणा की है। इस संशोधन के तहत देश में क्राउन प्रिंस की नियुक्ति, महिला समानता और संसद के कामकाज के लिये नये नियम शामिल किये गये हैं। सुल्तान हैथम के बड़े पुत्र यजान बिन हैथम ओमान के पहले क्राउन प्रिंस बनेंगे। माना जा रहा है कि ओमान के सुल्तान इस बदलाव के तहत देश को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## 14 जनवरी

### सीबीएसई ने सीटीईटी परीक्षा के एडमिट कार्ड किये जारी

●केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) परीक्षा के लिये एडमिट कार्ड जारी कर दिये हैं। यह परीक्षा देशभर के 135 शहरों में 31 जनवरी को आयोजित की जायेगी। सीबीएसई ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होना है, वे सीटीईटी की वेबसाइट ctet.nic.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड में किसी तरह की गड़बड़ी हो तो सीटीईटी यूनिट से संपर्क कर उसमें सुधार करवा लें। सीबीएसई ने कहा कि सीटीईटी परीक्षा में कोरोना संबंधी प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिये अभ्यर्थियों को 90 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचाना होगा। उल्लेखनीय है कि पहले सीटीईटी परीक्षा जुलाई 2020 में आयोजित होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

●भारत में पोलियो टीकाकरण अभियान अब 31 जनवरी से शुरू होगा। राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 31 जनवरी को पोलियो टीकाकरण अभियान पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया है। पहले पोलियो टीकाकरण अभियान 17 जनवरी से शुरू होना था, लेकिन अप्रत्याशित गतिविधियों के कारण इसे स्थगित किया गया था।

## 15 जनवरी

### संसद का बजट सत्र 29 जनवरी से होगा शुरू

●संसद के बजट सत्र का आधिकारिक ऐलान हो गया है। बजट सत्र 29 जनवरी से शुरू होगा। यह सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 29 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा, जबकि दूसर चरण 8 मार्च से 8 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद 29 जनवरी को संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। बजट सत्र के दौरान देश का आम बजट एक फरवरी को वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किया जायेगा। संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 29 जनवरी से बजट सत्र शुरू करने की सिफारिश की थी। सत्र के दौरान कोरोना महामारी से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा।

●फेसलेस असेसमेंट और फेसलेस अपील योजना के बाद अब आयकर विभाग फेसलेस पेनाल्टी योजना ला रहा है। यह जानकारी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने दी। सीबीडीटी ने कहा कि वह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर फेसलेस पेनाल्टी सेंटर स्थापित करेगा। राष्ट्रीय फेसलेस पेनाल्टी सेंटर केंद्रीय तरीके से काम करेंगे वहीं क्षेत्रीय सेंटर फेसलेस पेनाल्टी की कार्रवाई करने की सुविधा उपलब्ध करायेंगे। क्षेत्रीय सेंटर्स को पेनाल्टी लगाने का अधिकार मिलेगा। फेसलेस पेनाल्टी कार्रवाई करने और पेनाल्टी ऑर्डर के ड्रॉफ्ट का काम करने के लिये सुविधा केंद्र बनाये जायेंगे।

●केंद्र सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के अंतर्गत चंडीगढ़ से हरियाणा के हिसार हवाई अड्डे के लिये पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई गई। यह देश की पहली एयर टैक्सी सेवा है। उल्लेखनीय है कि उड़ान योजना का लक्ष्य देश के आम नागरिकों को उड़ान भरने का अवसर देना तथा देश में हवाई सेवा को सस्ता बनाना है। इस योजना के तहत हिसार देश का 54वां हवाई अड्डा है, जहां हवाई सेवा का परिचालन शुरू हुआ है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)*

# स्वच्छ प्राकृतिक ईंधन के उपयोग से होगा पर्यावरण स्वच्छ - खाद्य मंत्री

**भोपाल**, देश-प्रदेश ही नहीं दुनिया भर में प्रदूषण की विकराल समस्या से आने वाली पीढ़ी को निजात दिलाने के लिए जरूरी है कि प्रदूषणकारी ईंधन की जगह स्वच्छ प्राकृतिक ईंधन का हम उपयोग करें। यह बात खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने भोपाल के बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में थिंक गैस सीएनजी वितरण कंपनी के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भोपाल शहर में पाइप लाइन नेटवर्क के माध्यम से गैस की आपूर्ति करने के लिए एलसीएनजी सिटी गैस स्टेशन स्थापित किया गया है।

### पाइप लाइन से प्रदाय की जायेगी घरों में गैस

खाद्य मंत्री ने कहा प्रदेश में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड द्वारा अधिकृत थिंक गैस ने इस दिशा में भोपाल, राजगढ़ और शिवपुरी में गैस का वितरण नेटवर्क प्रारंभ कर दिया है। इससे घरेलू, औद्योगिक, परिवहन और वाणिज्यिक क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए प्रथम चरण में इन जिलों में सीजीडी अवसंरचना प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भोपाल शहर में 9 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना के अलावा 70 कि.मी. पाइप लाइनों का निर्माण भी पूरा किया जा चुका है।

### 115 स्टेशन पायलेट प्रोजेक्ट के रूप स्थापित

थिंक गैस के श्री संदीप त्रेहान ने बताया कि उपरोक्त जिलों में आगामी 5 से 8 वर्षों में 5 लाख घरेलू और 1000 वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने के लिए 115 सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा 1500 कि.मी. से अधिक स्टील और एमडीपीई नेटवर्क बिछाने की योजना बनाई गई है। एक लाख से ज्यादा सीएनजी वाहनों का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक गैस का प्रतिशत वर्ष 2025 तक 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। इस अवसर पर मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने संस्थान के प्रांगण में पौधा रोपण भी किया। इसके पश्चात उन्होंने सेलो टेप निर्माता कंपनी श्री वरद आरएस जिसे संस्थान द्वारा भोपाल में पाइप लाइन के माध्यम से गैस प्रदाय की जा रही है, का निरीक्षण किया।

# नगरीय निकायों के बकाया बिजली बिल के लिए 50 करोड़ रुपये का भुगतान

**भोपाल**, नगरीय निकायों के लंबित विद्युत देयकों के भुगतान के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा विद्युत वितरण कंपनियों को 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 9 करोड़ 53 लाख 69 हजार रुपये, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 21 करोड़ 45 लाख 67 हजार और मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 19 करोड़ 64 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।

वर्ष 38, अंक 03 18.01.2021 से 24.01.2021
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

# वर्ष 2022 के खेलो इंडिया गेम्स भोपाल में होंगे आयोजित

**भोपाल,** यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 2022 के खेलो इंडिया गेम्स भोपाल में कराने की केंद्र सरकार द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी गई है, शीघ्र ही विधिवत स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी। मध्यप्रदेश के 2 खिलाड़ियों चिंकी यादव एवं ऐश्वर्य प्रताप सिंह द्वारा शूटिंग में ओलिंपिक कोटा जीतना भी गर्व का विषय है। इसी प्रकार प्रदेश के 25 खिलाड़ी ओलिंपिक क्वालिफायर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं।

**मुख्यमंत्री कप एवं विधायक कप का आयोजन होगा**

मध्यप्रदेश में नए एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री कप का आयोजन किया जाएगा। गत सरकार ने विधायक कप का आयोजन बंद कर दिया था, जिसे दोबारा शुरू किया जाएगा।

**योग 'खेलो इंडिया गेम्स 2021' में शामिल**

भारत सरकार द्वारा योग को खेलो इंडिया गेम्स 2021 में खेल के रूप में शामिल किया गया है। प्रदेश में योग के विस्तार के लिए जिला स्तर पर विवेकानंद योग सेंटर्स की स्थापना की जाएगी। इसके बाद विकासखंड स्तर तक इनका विस्तार किया जाएगा।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की बैठक को संबोधित करते हुये।

**भोपाल में पुरुषों की हॉकी तथा मार्शल आर्ट अकादमी**

मध्यप्रदेश में हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए पुरुष हॉकी अकादमी भोपाल में तथा महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में पुनः स्थापित की जाएंगी। टीटी नगर स्टेडियम में मार्शल आर्ट अकादमी बनाई जा रही है। भोपाल में शूटिंग रेंज का भी विस्तार किया जाएगा।

**ग्वालियर में अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर तथा भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स साइंस सेंटर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में 50 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर के निर्माण तथा भोपाल में विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स साइंस सेंटर के निर्माण की योजना है। स्पोर्ट्स साइंस सेंटर में खिलाड़ियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक तरीके अपनाए जाएंगे। रांझी जबलपुर में तीरंदाजी की विश्व स्तरीय अधोसंरचना बनाए जाने की भी योजना है।

**पांच माह में 10 अंतर्राष्ट्रीय और 40 राष्ट्रीय पदक**

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने बताया कि कोरोना काल में अगस्त माह से प्रदेश की खेल अकादमियों को प्रारंभ कर दिया गया था। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि गत 5 महीनों में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 10 अंतर्राष्ट्रीय एवं 40 राष्ट्रीय पदक अर्जित किए हैं।

## खेल चर्चा

### बहरीन ग्रांप्री से शुरू होगा फॉर्मूला-वन का सत्र

**लंदन,** फॉर्मूला-वन का नया सत्र बहरीन ग्रांप्री के साथ शुरू होगा। इससे पहले फॉर्मूला-वन का सत्र 21 मार्च को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री के साथ शुरू होना था, लेकिन कोरोना महामारी की मौजूदा परिस्थिति को देखते हुये इस रेस को 21 नवम्बर के लिये स्थगित कर दिया है। अब नये सत्र का आगाज एक सप्ताह की देरी से 28 मार्च को बहरीन ग्रांप्री से होगा। बहरीन में पिछले साल नवम्बर-दिसम्बर में दो रेस आयोजित की गई थीं। वर्ष 2021 के सत्र में फॉर्मूला-वन की 23 रेस आयोजित की जायेंगी। ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री के साथ चाइनीज ग्रांप्री को भी स्थगित किया गया है, लेकिन चाइनीज ग्रांप्री की नई तारीख का ऐलान अभी नहीं हुआ है। फॉर्मूला-वन के इस सत्र की आखिरी रेस 12 दिसम्बर को अबुधाबी में आयोजित की जायेगी।

### हैरिस इंग्लिश ने जीता पीजीए टूर खिताब

**हवाई,** अमेरिका के गोल्फर हैरिस इंग्लिश ने सात वर्ष बाद पीजीए टूर खिताब जीता है। हैरिस ने सेंट्री टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस गोल्फ टूर्नामेंट अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में हैरिस और चिली के जोकिम नीमैन ने 25 अंडर स्कोर किया। इसके बाद हैरिस ने प्ले ऑफ में नीमैन को हराया। इस टूर्नामेंट में जस्टिन थॉमस तीसरे स्थान पर रहे। यह हैरिस के प्रोफेशनल गोल्फ कॅरियर का तीसरा खिताब है।

### कार्लोविच ने एटीपी मैच जीतकर बनाया रिकॉर्ड

**मियामी,** क्रोएशिया के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी इवो कार्लोविच ने अमेरिका में खेले जा रहे डेलरे बीच ओपन टूर्नामेंट में मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। कार्लोविच पिछले 26 वर्षों में एटीपी टूर मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गये हैं। 41 वर्षीय कार्लोविच ने डेलरे बीच ओपन के पहले राउंड में स्पेन के पाब्लो एंडुजार को कड़े मुकाबले में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया। सबसे ज्यादा उम्र में एटीपी टूर मैच जीतने का ओवरऑल रिकॉर्ड अमेरिका के जिमी कोनर्स के नाम है। कोनर्स ने वर्ष 1995 में 42 वर्ष की उम्र में एटीपी एकल मैच जीता था।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर कोलिन मैक्डोनाल्ड का निधन

**मेलबर्न,** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कोलिन मैक्डोनाल्ड का निधन हो गया है, वे 92 वर्ष के थे। मैक्डोनाल्ड की गिनती ऑस्ट्रेलिया के महान सलामी बल्लेबाजों में होती है। मैक्डोनाल्ड ने ऑस्ट्रेलिया के लिये 47 टेस्ट मैचों में 39.32 की औसत से 3107 रन बनाये हैं, इनमें 5 शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं।

### पाकिस्तान का दौरा करेगी इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम

**लंदन,** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम इस वर्ष अक्टूबर माह में पाकिस्तान का दौरा करेगी। दौरे पर इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच दो मैचों की ट्वेंटी-20 तथा तीन मैचों की वन-डे सीरीज खेली जायेगी। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में कहा कि इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम का यह पहला पाकिस्तान दौरा होगा। दौरे पर 14 और 15 अक्टूबर को ट्वेंटी-20 मैच तथा 18, 20 और 22 अक्टूबर को वन-डे मैच खेले जायेंगे।

### ओलिंपियन और पैरालिंपियन को कोच नियुक्त करेगा साई

**नई दिल्ली,** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) अपने विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में ओलिंपियन और पैरालिंपियन खिलाड़ियों को कोच और सहायक कोच के तौर पर नियुक्त करेगा। साई ने कहा कि ओलिंपिक और पैरालिंपिक खेलों में शिरकत कर चुके खिलाड़ी सहायक कोच के तौर पर आवेदन करने योग्य हैं, वहीं इन खेलों में पदक जीत चुके खिलाड़ी सीधे कोच पद के लिये आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि साई ने कोच और सहायक कोच की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के तहत सहायक कोच के 23 पद तथा कोच के चार पद बनाये गये हैं।

**क्लेयर पोलोसाक**

### पुरुष टेस्ट मैच में पहली महिला अंपायर बनीं

**सिडनी,** ऑस्ट्रेलिया की अंपायर क्लेयर पोलोसाक ने क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पोलोसाक पुरुष टेस्ट क्रिकेट में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये सिडनी टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। पोलोसाक ने इस मैच में चौथे अंपायर की भूमिका निभाई। पोलोसाक इससे पहले पुरुष एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर बनने की उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2019 में नामीबिया और ओमान के बीच मैच में अंपायरिंग की थी।

# सोफी ने जड़ा महिला ट्वेंटी-20 क्रिकेट का सबसे तेज शतक

**ड्यूनेडिन,** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर सोफी डिवाइन ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुये महिला ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

सोफी ने यह कारनामा न्यूजीलैंड की घरेलू ट्वेंटी-20 लीग में किया। टूर्नामेंट में सोफी ने वेलिंगटन के लिये खेलते हुये ओटेगो के खिलाफ 38 गेंदों में 108 रनों की नाबाद पारी खेली। इस दौरान सोफी ने महज 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। मैच में ओटेगो की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 128 रन बनाये। इसके जवाब में वेलिंगटन की टीम ने महज 8.4 ओवरों में विकेट गवाएं बिना लक्ष्य हासिल कर लिया।





महिला ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सोफी से पहले सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज की डियांड्रा डॉटिन (38) के नाम था। डॉटिन ने यह शतक अंतर्राष्ट्रीय महिला ट्वेंटी-20 मैच में बनाया था, जबकि सोफी ने यह रिकॉर्ड लीग स्तर पर बनाया है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज ट्वेंटी-20 शतक का रिकॉर्ड डॉटिन के नाम पर ही रहेगा। डॉटिन ने वर्ष 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 38 गेंदों में शतक पूरा किया था।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

# बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाई

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस में वृद्धि की है। अब इस टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ियों को 50 हजार रुपये की जगह 75 हजार रुपये प्रति मैच फीस मिलेगी। इसके अलावा बीसीसीआई ने टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे छह राज्यों का मेजबानी शुल्क 2 लाख 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 3 लाख 50 हजार रुपये कर दिया है। यह राशि मेजबान राज्य के क्रिकेट संघ को मिलती है।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि अहमदाबाद में आयोजित बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में मेजबान संघों से मिले फीडबैक तथा अन्य राज्य संघों से चर्चा के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मेजबानी शुल्क में वृद्धि की गई है। इस बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच छह शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें कुछ मैच इंदौर स्थित होल्कर स्टेडियम में भी खेले जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई की गिनती विश्व के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड के रूप में होती है। बीसीसीआई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को भारी-भरकम मैच फीस देता है। बीसीसीआई भारतीय क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक टेस्ट मैच के लिये 15 लाख रुपये, एक वन-डे मैच के लिये 6 लाख रुपये तथा एक ट्वेंटी-20 मैच के लिये 3 लाख रुपये देता है। यह राशि क्रिकेटरों को मिलने वाले सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट के अलावा है।

# भारत ने बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन से ड्रा कराया सिडनी टेस्ट मैच

**सिडनी,** प्रमुख खिलाड़ियों के बिना टेस्ट सीरीज खेल रही भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर शानदार प्रदर्शन बरकरार रखा है। भारतीय टीम सिडनी में खेले गए सीरीज के तीसरे मैच को अपने जुझारू प्रदर्शन से ड्रा करवाने में कामयाब रही है। सीरीज में भारत और ऑस्ट्रेलिया 1-1 से बराबरी पर हैं।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पहली पारी में डेविड वार्नर के जल्दी आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर ने शानदार बल्लेबाजी की। ऑस्ट्रेलिया के विल पुकोवस्की ने अपने कॅरियर की पहली पारी में 62 रन बनाए, वहीं मार्नस लाबुशेन ने 91 तथा स्टीव स्मिथ ने 131 रनों की शतकीय पारी खेली, इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने बढ़िया वापसी की और ऑस्ट्रेलियाई टीम को 338 रनों पर आउट कर दिया।

मैच में भारत की नई सलामी जोड़ी रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को बढ़िया शुरुआत दिलाई। लेकिन इन दोनों के आउट होने के बाद भारतीय टीम को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। भारत पहली पारी में 244 रन ही बना सका। भारत के लिए शुभमन गिल और चेतेश्वर पुजारा ने 50-50 रनों की पारी खेली। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पूरी तरह से लय में नजर आये। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशेन (73), स्टीव स्मिथ (81) और कैमरन ग्रीन (84) ने अर्धशतकीय पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर 312 रन बनाकर दूसरी पारी घोषित की तथा भारत के सामने जीत के लिए 407 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। मुश्किल लक्ष्य के सामने भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद जुझारु प्रदर्शन किया। शुभमन और रोहित की सलामी जोड़ी ने भारत को पहले विकेट के लिए 71 रनों की मजबूत शुरुआत दिलाई।

इसके बाद भारत के 3 विकेट महज 102 रन पर गिर गए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए ऋषभ पंत आये। चोटिल होने के बाद भी ऋषभ ने तेजी से रन बनाए और 118 गेंदों में 97 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। ऋषभ और चेतेश्वर पुजारा के बीच 148 रनों की साझेदारी हुई। ऋषभ पंत की पारी मैच पलटने में निर्णायक साबित हुई हालांकि वे शतक से महज तीन रन पीछे रह गए। ऋषभ के बाद पुजारा भी 77 रन बनाकर आउट हो गए। इनके बाद रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी ने पारी को संभाला और 42.4 ओवर तक बल्लेबाजी की और नाबाद 62 रनों की साझेदारी कर मैच बचाने में सफल रहे।

**इंग्लैंड के**

### मार्कस रेशफोर्ड बने सबसे कीमती फुटबॉलर

**लंदन,** इंग्लैंड के युवा फुटबॉलर मार्कस रेशफोर्ड विश्व के सबसे कीमती फुटबॉलर बन गये हैं। सीआईईएस फुटबॉल की एक रिपोर्ट के अनुसार मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिये खेलने वाले मार्कस रेशफोर्ड की ट्रांसफर वैल्यू लगभग 1490 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार रेशफोर्ड ने ट्रांसफर वैल्यू के मामले में किलियन एम्बाप्पे, इरलिंग हॉलैंड और एलेक्जेंडर अर्नोल्ड जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार रेशफोर्ड का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ करार वर्ष 2024 तक है। सीआईईएस द्वारा जारी मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर रिपोर्ट में टॉप-10 में पांच खिलाड़ी इंग्लैंड की प्रीमियर लीग, तीन खिलाड़ी जर्मनी की बुंदेस लीगा तथा एक-एक खिलाड़ी फ्रांस की लीग-1 तथा स्पेन की ला लीगा से संबंधित हैं।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

# सामयिकी

उत्तर कोरिया

## किम जौंग उन बने पार्टी महासचिव

उत्तर कोरिया के सर्वेसर्वा किम जोंग उन सर्वसम्मति से वर्कर्स पार्टी के महासचिव बन गये हैं। प्योंगयांग में हुई पार्टी की बैठक



में यह निर्णय लिया गया। पार्टी की ओर से यह जानकारी दी गई है। स्वतंत्र पत्रकारों और मीडिया को पार्टी बैठक का कवरेज करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

कोविड-19 टीकाकरण अभियान

# भारत को अगले कुछ महीनों में 30 करोड़ लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करना है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 के टीकाकरण की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा के लिए सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और प्रशासकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश 16 जनवरी से दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ, इस लड़ाई के निर्णायक चरण में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सबसे पहले टीका लगाया जाएगा। इसके अलावा सफाई कर्मचारी, अग्रिम पंक्ति के अन्य कार्यकर्ता, पुलिस और अर्धसैनिक, होम गार्ड, आपदा प्रबंधन स्वयंसेवक और नागरिक सुरक्षा के अन्य जवान, कंटेनमेंट और निगरानी से जुड़े राजस्व अधिकारियों को भी पहले चरण में टीका लगाया जायेगा।



ऐसे कर्मियों की कुल संख्या लगभग 3 करोड़ है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकारों को पहले चरण में इन 3 करोड़ लोगों को टीका लगाने के लिए कोई खर्च नहीं उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस लागत को केन्द्र वहन करेगा।

दूसरे चरण में, 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और 50 वर्ष से कम आयु के ऐसे लोगों को टीके लगाए जाएंगे जिन्हें पहले से कोई बीमारी है या संक्रमण का अत्यधिक खतरा है। सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के साथ बुनियादी ढांचे और रसद की तैयारी कर ली गई है, टीकाकरण के लिए ड्राइ रन भी देश भर में किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड के लिए हमारी नई तैयारियों और एसओपी को सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम चलाने और देश भर में चुनाव कराने के हमारे पुराने अनुभवों से जोड़ा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चुनावों के लिए उपयोग की जाने वाली बूथ स्तर की रणनीति का उपयोग यहां भी किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में टीकाकरण अभियान महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई अन्य देश हमारा अनुसरण करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के लिए टीकाकरण पिछले कुछ सप्ताह से लगभग 50 देशों में चल रहा है और अब तक लगभग 2.5 करोड़ लोगों को ही टीका लग पाया है। भारत का लक्ष्य अगले कुछ महीनों में 30 करोड़ लोगों को टीका लगाना है।

अमेरिका ने

## ताइवान पर लगे प्रतिबंध हटाये

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने घोषणा की है कि अमेरिका ताइवान पर लगे सभी प्रतिबंध को हटा रहा है।

- **राजनीतिक स्तर और अन्य स्तर पर संपर्क स्थापित करने पर लगे प्रतिबंधों को हटाया गया।**
- **ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की वकालत भी की है।**

वहीं दूसरी ओर चीन ने अमेरिका की इस घोषणा का जोरदार विरोध किया है।



उसने अमेरिका को बुरा परिणाम भुगतने की धमकी भी दी है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी दूत केली क्रॉफ्ट इस घोषणा के मद्देनजर जल्द ही ताइवान पहुंचेंगी। ज्ञात रहे कि चीन सरकार ने हमेशा ताइवान पर अपना हक जताया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने

## कोयला मंत्रालय के सिंगल विंडो क्लीयरेंस पोर्टल का शुभारंभ किया

भारत में कोयला खदान शुरू करने के लिए जरूरी सभी औपचारिकताओं को पूरा करने और मंजूरियों को दिलाने की प्रक्रिया में सहयोग देने के लिए कोयला मंत्रालय ने एक सिंगल विंडो क्लीयरेंस पोर्टल शुरू किया।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी की उपस्थिति में भारत की पहली वाणिज्यिक कोयला खनन नीलामी के विजेताओं के साथ समझौते करने के लिए नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इस पोर्टल का



शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज देश की पहली वाणिज्यिक कोयला खनन नीलामी के 19 सफल बोलीदाताओं को खदानों का आवंटन किया गया।

इससे राज्यों को अनुमानित 6500 करोड़ रुपये का राजस्व प्रतिवर्ष प्राप्त होने के अलावा 70,000 से अधिक रोज़गार पैदा होंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री श्री जोशी ने कहा कि सिंगल विंडो क्लीयरेंस पोर्टल सरकार के 'मिनीमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस' दृष्टिकोण को मज़बूती प्रदान करता है।

यह पोर्टल कोयला क्षेत्र में 'इज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसे सरकार की रोज़गार मूलक सफल परियोजना के रूप में देखा जा रहा है।

## मलेशिया में फिर लगा आपातकाल

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर मलेशिया के किंग सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। इस दौरान अगस्त 2021 तक मलेशिया की संसद निलंबित रहेगी। मलेशिया के प्रधानमंत्री मुहयिद्दीन यासीन ने आपातकाल के बारे में नागरिकों को संबोधित करते हुये कहा कि यह आपातकाल सैन्य तख्ता पलट कार्रवाई नहीं है और इसमें कर्फ्यू नहीं लगाया जायेगा।

ज्ञात रहे कि राजनीतिक अस्थिरता और कोरोना संक्रमण की वजह से मलेशिया में प्रधानमंत्री के खिलाफ मुहिम



छिड़ी हुई है। अगस्त 2021 तक जारी रहने वाले आपातकाल के दौरान भी कमान असैन्य सरकार के हाथों में रहेगी। गौरतलब है कि इससे पहले मलेशिया में 1969 में आपातकाल की घोषणा हुई थी।

## संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान के लिये मांगी मदद

संयुक्त राष्ट्र ने प्राकृतिक आपदाओं, महामारी से प्रभावित युद्धग्रस्त अफगानिस्तान के लिये जीवन रक्षक उपायों की आवश्यकता के मद्देनजर लगभग 1.3 अरब डॉलर की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि आजीविका का साधन न होने और भुखमरी के कारण युद्धग्रस्त अफगानिस्तान की आबादी को जीवित रहने के लिये मानवीय सहायता के रूप में धन की आवश्यकता है।

गगनयान मिशन के लिये

## रूस में प्रशिक्षण लेने जायेंगे दो भारतीय फ्लाइट सर्जन

गगनयान मिशन के लिये अंतरिक्ष में चिकित्सा का अनुभव लेने के लिये जल्द ही दो भारतीय फ्लाइट सर्जन रूस

- **गगनयान भारत की महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसके तहत वर्ष 2022 में अंतरिक्ष में तीन यात्रियों को भेजने का लक्ष्य है।**

जायेंगे। यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी।

फ्लाइट सर्जन वायुसेना के चिकित्सक हैं और उन्हें एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता हासिल है। ये



फ्लाइट सर्जन विशेषज्ञता हासिल करने के लिये फ्रांस भी जायेंगे। इस अभियान की योजना कोरोना संक्रमण के कारण कुछ देरी से चल रही है।

## गोताखोरों को मिला दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स

इंडोनेशियाई नौसेना के गोताखोरों को श्रीविजया एयर के विमान का 'ब्लैक बॉक्स' मिल गया है। यह विमान जावा सागर में

- **ब्लैक बॉक्स विमान के मलबे के नीचे समुद्र की तह में प्राप्त हुआ।**
- **गोताखोरों को एक सफेद कंटेनर के साथ देखा गया, इस कंटेनर में ब्लैक बॉक्स होता है।**

दुर्घटना ग्रस्त हो गया था। विमान में 62 लोग सवार थे।

सैन्य प्रमुख एयर चीफ मार्शल हदी



तजाहजंतो ने बताया कि विमान के दूसरे ब्लैक बाक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर के भी मिल जाने की उम्मीद है क्योंकि उसके संकेत भी उसी क्षेत्र में प्राप्त हो रहे हैं।

इज़रायल में

## प्रधानमंत्री बेंजामिन के खिलाफ प्रदर्शन जारी

इज़रायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ हजारों लोगों ने उनकी नीतियों का विरोध करते हुये उनके खिलाफ प्रदर्शन किया।

- **प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री बेंजामिन से भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते खफा चल रहे हैं।**
- **प्रधानमंत्री पर धोखाधड़ी, रिश्वत लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।**

यह प्रदर्शन ऐसे समय हो रहा है जब कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये तीसरी



बार लॉकडाउन लगाया गया है। ज्ञात रहे कि नेतन्याहू के खिलाफ अभियोग पत्र दाखिल हुआ था, लेकिन कोरोना संक्रमण की वजह से न्यायालय बंद हैं।

## इंडोनेशिया के जावा प्रांत में भू-स्खलन

इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत में भू-स्खलन की हुई दो घटनाओं के बाद तकरीबन 13 लोगों की मौत हो गई और करीब 26 लोग लापता हो गये हैं। पश्चिम जावा के सुमेदांग जिले में भारी बारिश के कारण ये आपदा आई है। राष्ट्रीय आपदा नियंत्रण एजेंसी के प्रवक्ता रादित्य जाटी के अनुसार बचाव कार्य लगातार चल रही



बारिश के कारण बाधित हो रहा है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में भारी बारिश और उच्च ज्वार-भाटा के कारण इंडोनेशिया के अधिकांश हिस्सों में भू-स्खलन की दर्जनों घटनाएं हुई हैं और भयंकर बाढ़ आई है। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा नियंत्रण एजेंसी ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

## पूर्वी सीरिया में सैन्य ठिकानों पर इज़रायल ने किया हवाई हमला

इज़रायल के युद्धक विमानों ने पूर्वी सीरिया में ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों और हथियार डिपो को निशाना बनाते हुये भीषण बमबारी की। अमेरिकी खुफिया विभाग की जानकारी के अनुसार हमले में दर्जनों लड़ाके घायल हुये हैं। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार हमले में 23 लोग मारे गये हैं। इस हमले में सीरिया के कई गोदामों को सिर्फ इसलिये निशाना बनाया गया था, क्योंकि उनमें ईरान से आये हुये हथियारों को छुपाया गया था। सीरिया की सरकारी एजेंसी (सना) के अनुसार ईराक की सीमा से सटे डेर अल-ज़ोर, मयादीन और बुकमाल को निशाना बनाया गया।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।